

3:07:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 180 epaper.rashtriyakhabar.com आषाढ़, शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

नाऽन्नोदकसमं दानं न तिथिर्द्वादशी समा।

न गायत्र्याः परो मन्त्रो न मातुः पर देवतम्॥

भावार्थ : अन्न और जल के समान कोई श्रेष्ठ दान नहीं, द्वादशी के समान कोई श्रेष्ठ तिथि नहीं, गायत्री से बढ़कर कोई मंत्र नहीं और माता से बढ़कर कोई देवता नहीं।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 33.00 °C | 26.00 °C |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.39 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.06 बजे

## कंबोडिया में नौ हजार से अधिक ड्रग संदिग्ध गिरफ्तार

**नोम पेन्ह :** कंबोडिया में वर्ष 2023 की पहली छमाही के दौरान नशीले पदार्थों के खिलाफ 3,764 मामले दर्ज किये और इस संबंध में 167 विदेशियों सहित कुल 9,034 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। एंटी-ड्रग पुलिस विभाग (एडीपी) की रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमे लगभग 52 प्रतिशत संदिग्ध ड्रग तस्कर, निर्माता, मालिक और तस्कर थे, जबकि 48 प्रतिशत ड्रग उपयोगकर्ता थे। रिपोर्ट में कहा गया है, जनवरी से जून 2023 तक उन संदिग्धों से कुल 993 किलोग्राम अवैध दवाएं, नौ किलोग्राम सूखी मारिजुआना और 17,950 मारिजुआना पौधे जब्त किए गए। इसके अलावा नशीली दवायें बनाने में काम आने वाले 326 किलोग्राम रसायनिक पदार्थ को भी जब्त किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि अधिकारियों ने 12 देसी राइफलें, 26 पिस्तौलें, 99 कारें, 1,025 मोटरसाइकिलें, 3,195 टेलीफोन और 229 स्केल के साथ-साथ कुछ नकदी भी जब्त की है। जब्त की गई दवाओं में हेरोइन, एक्स्टसी, कोकीन, क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, मेथमफेटामाइन गोलियां, कैथिनोन और केटामाइन समेत कई अन्य शामिल हैं। कंबोडियाई प्रधानमंत्री सैमडेक टेको हुन सेन ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि अवैध दवाएं दक्षिण पूर्व एशियाई देश में सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और विकास के लिए खतरा बनी हुई हैं।उन्होंने कहा कि इसकी रोकथाम के लिए पहले ही काफी उपाय किये जा चुके है इसके बावजूद अपराधियों ने अभी भी जमीन, समुद्र, डाक और हवाई मार्ग से सीमाओं के पार दवाओं की सक्रिय रूप से तस्करी जारी रखी है और कुछ ने राज्य के भीतर और अन्य देशों में तस्करी के लिए अवैध दवाओं का निर्माण किया है।

## अमरनाथ यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना

जम्मू : श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 4903 तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था रविवार को यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से पवित्र गुफा की ओर रवाना हुआ। एक अधिकारी ने कहा कि 4903 तीर्थयात्रियों का नया जत्था आधार शिविर से रवाना हुआ। उन्होंने कहा कि 379 महिलाओं और 226 साधुओं सहित 2557 तीर्थयात्रियों का जत्था 104 वाहनों से पहलगाम के लिए तथा 2346 तीर्थयात्रियों का दल 131 वाहनों से बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 30 जून को जम्मू से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अमरनाथ यात्रा औपचारिक तौर पर एक जुलाई को शुरु हुआ।

## बहनागा ट्रेन त्रासदी में तेरह शव परिजनों को सौंपे गए

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के बहनागा ट्रेन त्रासदी पीड़ितों के तेरह और शव डीएनए परीक्षण के परिणाम के आधार पर शनिवार को उनके परिजनों को सौंप दिए गए । आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा यह जानकारी दी। डीएनए परीक्षण और उसके बाद शवों को सौंपने का काम एम्स, भुवनेश्वर, सरकारी रेलवे पुलिस और भुवनेश्वर नगर निगम द्वारा संयुक्त समन्वय में किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चार बिहार, आठ पश्चिम बंगाल और एक शव झारखंड भेजा गया है। शोक संतप्त परिवारों के लिए क्रमशः ओडिशा सरकार और ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा एम्बुलेंस और एस्कॉर्ट वाहन की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री और रेल मंत्री की घोषणा के अनुसार रेलवे द्वारा परिजनों को अनुग्रह राशि का भुगतान किया गया। ईस्ट कोस्ट रेलवे के सूत्रों ने बताया कि शवों को सौंपने की प्रक्रिया दावेदारों के आने तक जारी रहेगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर घटा

**मुंबई :** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 23 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर घटकर 593.2 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.4 अरब डॉलर बढ़कर 596.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 23 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 525.4 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 74.5 करोड़ डॉलर घटकर 44.33अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 8.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.33अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 2.9 करोड़ लाख डॉलर की गिरावट लेकर 5.12 अरब डॉलर रह गई।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** एनसीपी में प्रत्याशित मतभेद उजागर हुआ पार्टी दो फाड़

# भतीजे ने चाचा को पटखनी दे दी

- अजीत पवार ने डिप्टी सीएम की शपथ ली
- कई अन्य विधायक भी सरकार में मंत्री बने
- शरद पवार ने कहा बैठक की जानकारी नहीं



राष्ट्रीय खबर

**मुंबई:** जैसी की उम्मीद की जा रही थी, एनसीपी नेता अपने कुनबे के साथ एकनाथ शिंदे की सरकार के साथ चले गये। उन्होंने आज इस शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह भाजपा के देवेन्द्र फड़णवीस के साथ पद साझा करेंगे।

राजभवन में एक समारोह में उन्होंने आज यह शपथ ली। उनके अलावा आठ राकांपा नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली है। इनमें छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, अदिति तटकरे, धर्मराव अत्रम, अनिल पाटिल और संजय बनसोडे शामिल है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने दावा किया कि राज्य में राकांपा के कुल 53 विधायकों में से 40 पवार के साथ हैं। राजभवन में मौजूद महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि अजित पवार ने निचले सदन में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया है और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। राजभवन में डिप्टी स्पीकर नरहरि ज़िरवाल और एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल भी मौजूद थे। अजित पवार ने हाल ही में कहा था कि वह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर बने रहने के इच्छुक नहीं हैं और वह पार्टी संगठन में काम करना चाहते हैं।

इससे पहले आज, पवार ने मुंबई में अपने आधिकारिक आवास पर पार्टी के कुछ नेताओं और विधायकों से मुलाकात की। बैठक में राकांपा के छगन भुजबल

›› पेज 2 भी देखें

### पवार का शपथग्रहण ऑपरेशन लोटस का हिस्सा : राकांपा

मुंबई : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने रविवार को श्री अजित पवार और अन्य वरिष्ठ नेताओं के एकनाथ शिंदे सरकार में मंत्री पद का शपथग्रहण को भारतीय जनता पार्टी के ऑपरेशन लोटस का हिस्सा करार दिया। राकांपा प्रवक्ता महेश तापसे ने आज यहां अपने बयान में कहा कि सभी नेता, जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ता गठन पार्टी प्रमुख शरद पवार के साथ हैं। उन्होंने कहा , शपथग्रहण समारोह को पार्टी का आधिकारिक तौर पर समर्थन नहीं है। यह ऑपरेशन लोटस का हिस्सा है। नेताओं ने व्यक्तिगत तौर पर शपथ ली है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की राजनीति में यह घटनाक्रम तब सामने आया जब श्री अजित पवार को पार्टी में किनारे कर दिया गया और राकांपा सुप्रीमो की पुत्री सुप्रिया सुले को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

रॉयल कैरेबियन इंटरनेशनल ने टाइटैनिक से 13 गुणा बड़ा जहाज बनाया

## दुनिया का विशाल लक्जरी क्रूज रवाना होने को तैयार



- सफर प्रारंभ होने के पहले ही सारे टिकट बुक
- यह जहाज हर सुविधा संपन्न शहर के जैसा है
- काफी लंबी दूरी तक इसका परीक्षण किया गया है

राष्ट्रीय खबर

**न्यूयार्क:** रॉयल कैरेबियन इंटरनेशनल का दुनिया का सबसे बड़ा लक्जरी क्रूज जहाज ह्यआइकॉन ऑफ द सीजह्ल रवाना होने के लिए तैयार है। करीब 1200 फीट लंबा यह जहाज दुनिया में आश्चर्य और इतिहास रचने वाले जहाज टाइटैनिक से 13 गुना बड़ा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के सबसे बड़े लग्जरी क्रूज जहाज का वजन 250,800 टन (करीब 553 मिलियन पाउंड) है। जहाज करीब 5 हजार 610 यात्रियों और 2 हजार 350 क्रू के साथ जनवरी 2024 में अपनी यात्रा शुरू करेगा। रॉयल कैरेबियन इंटरनेशनल ने कहा कि यात्रा शुरू होने के बाद यात्रियों की संख्या बढ़ सकती है। यह तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और ईंधन सेल प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित पहला जहाज है। अब तक दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज जहाज वंडर ऑफ द सीज था। आइकॉन ऑफ द सीज उससे 6 प्रतिशत बड़ा है। इस विशालता और यात्री क्षमता के साथ मनोरंजन प्रणाली भी आती है।

रॉयल कैरेबियन इंटरनेशनल का दावा है कि जहाज में 40 से अधिक मनोरंजन विकल्प हैं - वॉटर स्लाइड, स्विमिंग पूल, व्हर्लपूल। जहाज का निर्माण अप्रैल 2022 में फिनलैंड के मीर तुर्कू

›› पेज 2 भी देखें

# मणिपुर में गोलीबारी से तीन की मौत



राष्ट्रीय खबर

**इंफाल:** मणिपुर में बिष्णुपुर जिले के कुंभी शहर में रविवार को हथियारबंद लोगों की गोलीबारी में तीन लोग मोर गये। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने आज एक बयान जारी करके किसानों पर हमले की निंदा की। सूत्रों ने बताया कि शनिवार आधी रात से लिंगौबी, चंदोलपोकपी और सौकोम इलाकों में पास की पहाड़ियों से भारी गोलीबारी हो रही है। इलाके के लोगों ने केंद्रीय बलों से मदद की गुहार लगाई। कुकी बहुल पहाड़ी इलाकों से तीन मई से गोलीबारी जारी है। तलहटी और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 50000 लोग विस्थापित हो गए हैं और राहत शिविरों में रह रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने कहा कि गांवों की रखवाली कर रहे कई लोग मारे गए और पहाड़ियों से अत्याधुनिक बंदूकों, स्नाइपर और मोर्टार का उपयोग करके बार-बार की गई गोलीबारी ने ग्रामीणों के लिए वापस लौटना असंभव बना दिया है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि बदमाश मवेशियों को भी मारकर ले गए। घाटी के निवासियों द्वारा गायों और अन्य जानवरों की हत्या का भी विरोध किया गया। वे जानवरों के साथ प्यार और देखभाल करते हैं और उनकी परंपरा और धर्म में हत्या की अनुमति नहीं है। कुछ स्वयंसेवक अब खाली गांवों की रखवाली कर रहे हैं क्योंकि स्थानीय लोगों को डर है कि उनके घर पूरी तरह से जला दिए जाएंगे, वर्तमान अशांति की शुरुआत के बाद से 3000 से अधिक घर जला दिए गए हैं। कुछ घंटों की छूट को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में कर्फ्यू जारी है। चुराचांदपुर जिले में संकट शुरू होने पर तीन मई से इंटरनेट निलंबित है।

## फ्रांस में चौथे दिन भी हिंसा जारी, अतिरिक्त पुलिस तैनात



**पेरिस :** पुलिस द्वारा एक किशोर की गोली मारकर हत्या के बाद पूरे फ्रांस में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। विभिन्न शहरों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़पें हुईं। सड़क जल रही है, बाजार में लूट मची हुई है। अब पुलिस ने बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी है। देशभर में चल रहे इस अस्थिर हालात में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो को लेकर विवाद बढ़ गया है और लोग राष्ट्रपति के इस गैरजिम्मेदार आचरण की आलोचना कर रहे हैं। एक वीडियो में राष्ट्रपति मैक्रों एक कॉन्सर्ट में डांस करते नजर आ रहे थे। उस वक्त फर्स्ट लेडी ब्रिगिट मैक्रों उनके साथ थीं। अंतरराष्ट्रीय प्रेस में छपी खबर के मुताबिक, सोशल मीडिया पर फैला यह वीडियो स्थानीय समयानुसार पिछले बुधवार का है। उस दिन फ्रांस की राजधानी पेरिस में मशहूर संगीतकार सर एल्टन जॉन का कॉन्सर्ट था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने अपनी पत्नी ब्रिजित के साथ हिस्सा लिया। वीडियो में सफेद शर्ट, काली पैंट और टाई पहने माखोन अपनी पत्नी के साथ खड़े हैं। वह कॉन्सर्ट में संगीत पर थिरक रहे हैं। उनके बगल में खड़ी ब्रिगिट भी जश्न के मूड में नजर आईं। सर एल्टन जॉन के पार्टनर डेविड फर्निश ने कॉन्सर्ट के बाद इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में एल्टन, डेविड, मैक्रों और ब्रिगिट मंच के पीछे पोज दे रहे हैं। डेविड ने कैप्शन में लिखा, पेरिस में मंच के पीछे। जब राष्ट्रपति मैक्रों अपनी पत्नी के साथ संगीत कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे, तभी विरोध की आग पेरिस और अन्य शहरों की सड़कों पर फैल गई। फ्रांस में चल रहे विरोध प्रदर्शन पिछले मंगलवार को शुरू हुए थे। उस दिन, एक पुलिस अधिकारी ने पेरिस के उपनगर नांत में एक चौकी पर नेहल (17) नाम के एक किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी। फिर विरोध फैल गया।

विदेश मंत्री ने पश्चिमी देशों को चेतावनी देते हुए कहा

## रूस ने वैगनर समूह को भंग करने का एलान किया

- दो प्रमुख लोगों पर संशय कायम है
- भारी हथियार सौंपने का आदेश पहले से
- भाड़े के सैनिकों पर मुकदमा नहीं चलेगा



राष्ट्रीय खबर

**मॉस्को:** रूस के विदेश मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि भाड़े का विद्रोह जिसने रूस को झकझोर कर रख दिया था, वह महज एक छोटी सी परेशानी थी। उन्होंने पश्चिम को चेतावनी देते हुए कहा कि वे यह न सोचें कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता पर पकड़ कमजोर हो गई है, जबकि क्रेमलिन ने विद्रोह के नेता के खिलाफ कदम उठाना जारी रखा है। . एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने जोर देकर कहा कि येवगेनी प्रिगोझिन और उनके वैगनर समूह के सैनिकों द्वारा पिछले शुक्रवार और शनिवार को अल्पकालिक हमले के बाद रूस मजबूत और अधिक लचीला होकर उभरेगा, जिन्होंने रूस के आक्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लावरोव ने उस विद्रोह को महत्वहीन बताते हुए खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा, अगर पश्चिम में किसी को इस बारे में संदेह है तो यह उनकी समस्या है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र पुतिन के पीछे एकजुट है, जिन्होंने इस प्रकरण को एक महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में वर्णित किया है जिसे रूस ने जोरदार तरीके से पारित किया है। लेकिन यह स्पष्ट है कि सरकार अभी भी इसके परिणामों की सफाई कर रही है। इस बीच दो प्रमुख हस्तियों का भाग्य अस्पष्ट बना हुआ है। प्रिगोझिन और जनरल सर्गेई सुरोविकिन, एक शीर्ष सैन्य कमांडर जिसे प्रिगोझिन के साथ गठबंधन के रूप में देखा जाता है। पुतिन के सबसे करीबी

›› पेज 2 भी देखें

**रिपोर्ट** जेनेटिक तौर पर संशोधन के बाद अंग प्रत्यारोपण पर नई रिपोर्ट आयी

# सुअर के दिल का इंसान में प्रत्यारोपण हुआ था

- मरीज की मौत प्रत्यारोपण के दो माह बाद हुई
- मौत के बाद तमाम कारणों पर गहन शोध हुआ
- भविष्य में भी वैज्ञानिक इसका और प्रयोग करेंगे



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आम लोगों की सोच में यह एक असंभव सा काम था। एक सुअर के दिल को एक इंसान में प्रत्यारोपित किया गया था। वैसे कुछ दिनों के बाद मरीज की मौत होने के बाद आम लोगों ने ऐसा काम असंभव मान लिया था। अब द लांसेट जैसी ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिक पत्रिका में इस पर नई रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। अब तक के सबसे व्यापक विश्लेषण से पता चला है कि आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर के हृदय को मानव रोगी में लगाने वाले दुनिया के पहले सफल प्रत्यारोपण में अंततः हृदय विफलता का कारण क्या था। यह अभूतपूर्व प्रक्रिया यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड स्कूल ऑफ

›› पेज 2 भी देखें

### नया अध्ययन इस बात की पुष्टि करता है कि

प्रत्यारोपण के बाद पहले कई हफ्तों के दौरान तीव्र अस्वीकृति का कोई संकेत नहीं मिला। संभवतः, कई अतिव्यापी कारकों के कारण श्री बेनेट में हृदय की विफलता हुई, जिसमें प्रत्यारोपण से पहले उनके स्वास्थ्य की खराब स्थिति भी शामिल थी, जिसके कारण उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से कमजोर हो गई थी। इसने जेनोट्रांसप्लांटेशन के लिए प्रीक्लिनिकल अध्ययन में उपयोग किए जाने वाले एक प्रभावी एंटी-अस्वीकृति आहार के उपयोग को सीमित कर दिया। नतीजतन, शोधकर्ताओं ने पाया, रोगी को प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा बनाए गए एंटीबॉडी से अंग की अस्वीकृति के प्रति अधिक संवेदनशील होने की संभावना थी। अंतःशिरा इम्युनोग्लोबुलिन, आईवीआईजी, एक दवा जिसमें एंटीबॉडी होती है, के उपयोग ने भी हृदय की मांसपेशियों की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने में योगदान दिया हो सकता है। संक्रमण को रोकने में मदद करने के लिए प्रत्यारोपण के बाद दूसरे महीने के दौरान इसे मरीज को दो बार दिया गया, जिससे संभवतः सुअर-विरोधी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया भी शुरू हो गई। अंत में, नए अध्ययन ने सुअर के हृदय में पोर्सिन साइटोमेगालोवायरस (पीसीएमवी) नामक एक गुप्त वायरस की उपस्थिति की जांच की, जिसने प्रत्यारोपण की शिथिलता में योगदान दिया हो सकता है। हालाँकि, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि वायरस ने मरीज को संक्रमित किया या हृदय से परे अंगों तक फैल गया। भविष्य के जेनोट्रांसप्लांट के लिए गुप्त वायरस का संवेदनशील पता लगाने और बहिष्करण के लिए बेहतर पीसीएमवी परीक्षण प्रोटोकॉल विकसित किए गए हैं।

इस बार सुरक्षा के लिए सूचना तकनीक का भी हो रहा इस्तेमाल

## बाबा बर्फानी की यात्रा में पहला जत्था रवाना

राष्ट्रीय खबर

**जम्मू:** मौजूदा सीजन की अमरनाथ यात्रा प्राकृतिक आपदाओं के डर और आतंकवादी हमलों की आशंका के साथ शुरू हुई। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कहा कि 3,888 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शनिवार तड़के गांदरबल जिले के बालटाल से पैदल और घोड़े पर सवार होकर अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के प्रशासन और ह्यअमरनाथ तीर्थयात्रा बोर्डह्ल ने कहा है कि अमरनाथ यात्रा 31 अगस्त तक 62 दिनों तक जारी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिंहा ने कहा कि प्रशासन तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा पर कड़ी नजर रख रहा है। आतंकवादी हमलों की पिछली



›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### राजेन्द्र प्रसाद ने किया कटाक्ष

**रांची:** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने उन लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग झारखण्ड में नियोजन नीति और स्थानीय नीति का विरोध कर रहे हैं, आज बिहार सरकार के द्वारा बाहरी अभ्यार्थियों को भी मौका देने की बात कही जा रही है, तो फिर विरोध क्यों? प्रसाद ने कहा यही बात हम झारखंडी कह रहे हैं तो कुछ लोग के पेट में दर्द हो रहा है। प्रसाद ने कहा कि हर राज्यों में अपने मूल निवासियों को तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी शत प्रतिशत मिले यह राज्य सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में जो लोग स्थानीय नीति और नियोजन नीति का विरोध कर रहे हैं वे वास्तव में अपने मूल राज्यों में भी स्थानीय का लाभ लेना चाहते हैं और झारखंड में भी। जो असंवैधानिक है। प्रसाद ने कहा कि बिहार सरकार को भी चाहिए तृतीय चतुर्थ वर्ग की नौकरी राज्य के मूल निवासियों मिले यह सुनिश्चित जरूर करना चाहिए।

**चर्चा** देश और राज्य की ताजा राजनीतिक परिस्थितियों पर होगी चर्चा

# 04 जुलाई को झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक

- पिछले बैठक के लिए गए फैसले पर पार्टी कितना आगे बढ़ी उसकी समीक्षा की जाएगी
- 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी का स्टैंड क्या होगा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा की सबसे बड़ी कमेटी ह्यझामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में 04 जुलाई को रांची के सोहराई भवन में होगी। इस बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, सभी सांसद, विधायक और मंत्रियों के अलावा केंद्रीय समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। विस्तारित बैठक होने की वजह से झारखंड के सभी 24 जिलों के झामुमो जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी इसमें शिरकत करेंगे। झारखंड के अलावा झामुमो के बिहार, प। बंगाल और ओडिशा कमेटी के प्रतिनिधिमंडल भी शिरकत करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा की 04 जुलाई 2023 को रांची के हरमू सोहराई भवन में प्रस्तावित झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में जिन एजेंडे पर चर्चा होगी उसमें पिछले बैठक के लिए गए फैसले पर पार्टी कितना आगे बढ़ी उसकी समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के बाद केंद्रीय समिति की उस पर संतुष्टि ली जाएगी। 2021 में केंद्रीय महाधिवेशन के दौरान लिए गए निर्णय के अनुसार सदस्यता अभियान की स्थिति पर चर्चा होगी। केंद्रीय समिति की बैठक में पार्टी के सांगठनिक स्थिति पर भी विचार विमर्श होगा।शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो के निधन से खाली हुई डुमरी विधानसभा सीट को लेकर भी चर्चा होगी। दिवंगत नेता की जगह उनकी पत्नी को मंत्री बनाने के फैसले को भी केंद्रीय समिति के समक्ष रखा जाएगा। झामुमो के महासचिव और राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी का स्टैंड क्या होगा इस पर भी कार्यसमिति और सभी जिलाध्यक्षों की राय ली जाएगी।यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्टैंड क्या होगा, आदिवासियों के रीति रिवाजों को सुरक्षित रखने के लिए पार्टी का रुख क्या होना चाहिए इस पर भी विचार होगा।झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने बताया कि राज्य की सरकार के साढ़े तीन साल पूरे हो गए हैं। इन वर्षो में पार्टी की नीति और सिद्धांत के अनुसार कितना काम हुआ, इसपर भी झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक में चर्चा होगी।झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 23 जून को पटना में हुई 15 विपक्षी दलों की बैठक और इस महीने बेंगलुरु में होने वाली बैठक को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष अपनी बात केंद्रीय समिति की बैठक में होगी।

इसके अलावा झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक में 50 लाख सदस्यता अभियान की समीक्षा, जिला संगठन, झारखंड के अलावा बिहार, प। बंगाल और ओडिशा में पार्टी संगठन की वर्तमान स्थिति और उसे मजबूत करने की नीतियों पर समीक्षा होगी। इसके साथ झारखंड में आगामी दिनों में राज्य में महागठबंधन में झामुमो की भूमिका, उसके स्वरूप पर भी चर्चा होगी।

## यूनिफार्म सिविल कोड पर झारखंड में भी राजनीतिक बयानबाजी शुरू

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** यूनिफार्म सिविल कोड इन दिनों देश-भर में बहस और चर्चा का मुद्दा बना हुआ है। मध्य प्रदेश में पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने कार्यकताओं के बीच इस विषय का जिक्र करने और विधि विभाग की ओर से देशवासियों से राय मांगने के बाद इस मुद्दे ने राजनीतिक सरगर्मी तेज कर दी है। झारखंड में भी ये मुद्दा छा गया है। झारखंड में भाजपा की नीति सिद्धांतों का विरोध करने वाले सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने भी देश में समान नागरिक कानून लागू करने के प्रयासों को विभाजनकारी करार दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता और शिबू सोरेन परिवार के बेहद करीबी माने जाने वाले सुप्रियो भट्टाचार्य ने यूसीसी लागू करने के मोदी सरकार के प्रयासों को विभाजनकारी बताते हुए कहा कि देश इसे स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार का सिर्फ चुनावी एजेंडा भर है और बेहद गंभीर मुद्दा भी है। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता यूसीसी की बात करते हैं तो उन्हें बताना चाहिए कि आदिवासी समुदाय जिनके जीवन में प्राचीन काल से चले आ रहे रीति रिवाजों का खास महत्व है, उसे लेकर उनकी सोच क्या है।जनजातीय समुदायों के रीति रिवाजों को संविधान के आर्टिकल 5 और आर्टिकल 6 का जिक्र करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संविधान से उसे प्रोटेक्शन मिला हुआ है, उसे कैसे चेंज करेंगे।

भगवान बिरसा की धरती से राज्य सरकार के खिलाफ उलगुलान का संकल्प लें युवा दीपक प्रकाश

## खूंटी के अड़की में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में गरजे दीपक प्रकाश



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। श्री प्रकाश खूंटी जिलांतर्गत अड़की प्रखंड के सिंदरी में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। युवा सम्मेलन में हजारों की संख्या युवा शामिल हुए। श्री प्रकाश ने कहा यह धरती युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती है। जहां से भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी युवा अवस्था में अन्याय ,अत्याचार और शोषण के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंका था,और अपनी शहादत भी दी।उन्होंने कहा कि आज झारखंड की युवा शक्ति हेमंत सरकार से सबसे ज्यादा शोषित और पीड़ित है। राज्य सरकार ने युवाओं के सपनो को चकनाचूर कर दिया। उड़ान के पंख को तोड़ दिए। कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख लोगों को नौकरी,नही तो बेरोजगारी भत्ता सब मुंगेरी लाल के हसीन सपने हो गए। कहा कि हेमंत सरकार से समाज का कोई वर्ग खुश नहीं है। बहन बेटियां अपनी सुरक्षा की भीख मांग रही,किसान अपना बकाया मांग रहा ,गरीब अपना पेंशन और सुविधाओं को मांग रहा,मरीज इलाज मांग रहा ,आदिवासी दलित अपने जमीन की सुरक्षा मांग रहा पर यह सरकार केवल झूठे वादे और घोषणाओं से लोगों को बहला रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों को ही यह सरकार अपनी उपलब्धि बता रही। श्री प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की कोशिश कर रही । गांव , गरीब की योजनाओं को भ्रष्टाचार मुक्त किया गया। आज डिबिटी के माध्यम से पुरे पैसे लाभुक के खाते जा रहे। प्रधानमंत्री आवास,शौचालय,उजाला,उज्जवला योजना,जन धन खाते से करोड़ों लोगों तक लाभ पहुंचा है। आयुष्मान भारत योजना गरीबों के इलाज में वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लोगो के कल्याण में जुटी है और हेमंत सरकार झारखंड के खान खनिज,जमीन जंगल को लूटने में लगी है। न्होंने युवाओं से 2024में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने साथ ही हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

## जनता कह रही है,मोदी हैं तो मुमकिन है: जयंत सिन्हा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसके उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा देश भर में जून माह में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। हजारीबाग लोकसभा में भी विराट स्तर पर महा जनसम्पर्क अभियान चलाया गया, जिसमें सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने सहभागिता की। इस अभियान के तहत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के कोने-कोने में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। विकास तीर्थ, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स मीट, लाभार्थी सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ टिफिन पर भोजन व परिचर्चा, डोर टू डोर जनसम्पर्क, विशाल जनसभा, योग दिवस, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन व व्यापारी सम्मेलन समेत विभिन्न कार्यक्रम क्षेत्र भर में आयोजित किये गए। इन कार्यक्रमों में भाजपा, झारखंड के अनेक वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। जयंत सिन्हा ने हजारीबाग व रामगढ़ में कई दिनों तक डोर टू डोर जनसंपर्क किया। उन्होंने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों व विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। मोदी जी के नेतृत्व में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक विकासशील योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। हजारीबाग लोकसभा के सुदूरवर्ती इलाकों तक लोग बुनियादी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। जयंत सिन्हा ने अपने दौरों के दौरान हजारीबाग व रामगढ़ में क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण कर समीक्षा की। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, हजारीबाग व रामगढ़ सदर अस्पताल, अक्षयपात्र रसोईघर, पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, सेण्टर फॉर ट्राइबल स्टडीज, छठ घाटों व तालाबों का सौंदर्यीकरण समेत कई विकास कार्यों की प्रगति को गति देने के लिए अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रामगढ़ सदर अस्पताल में लगभग 100 ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर भी वितरित किये। हजारीबाग व रामगढ़ में जयंत सिन्हा व भाजपा कार्यकताओं को जनता का भरपूर स्नेह व आशीर्वाद मिला। लोग मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से बेहद खुश व संतुष्ट हैं। भाजपा द्वारा हजारीबाग में आयोजित विशाल जनसभा में 7000 से अधिक लोग शामिल हुए। सभी ने एकस्वर में मोदी जी के प्रति अपना समर्थन जताया। यह सब गरीब व जनकल्याण के कारण ही संभव हो पाया है। श्री सिन्हा हजारीबाग लोकसभा का बहुमुखी विकास कर रहे हैं। उनके प्रयासों के कारण ही हजारों करोड़ की परियोजनाएं क्षेत्र में धरातल पर उतरी हैं। उनके प्रयासों का सुफल क्षेत्र को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में मिला है। मोदी जी ने हजारीबाग व झारखण्ड को यह सौगात दी है। अब पटना से रांची का सफर सिर्फ 6 घंटे में पूरा होगा। इससे लाखों यात्री सीधा लाभान्वित होंगे। हजारीबाग से अन्य लम्बी दूरी की ट्रेन भी जल्द शुरू की जायेगी। श्री सिन्हा ने जनसम्पर्क अभियान के दौरान हजारों लोगों को सीधे मोदी के साथ जोड़ा। भाजपा द्वारा चलाये गए कार्यक्रम के तहत उन्होंने क्षेत्रवासियों से 9090902024 पर मिस्ड कॉल करवाई और उन्हें जनसम्पर्क से जनसमर्थन अभियान का हिस्सा बनाया। जून माह भर चला यह महा जनसम्पर्क बेहद सफल व ऐतिहासिक रहा। जनता द्वारा भाजपा को दिया जा रहा स्नेह 2024 का परिणाम बता रहा है।

## राष्ट्रीय जनता दल जिला कमिटी के पदाधिकारियों की पहली सूची जारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल लगातार संगठन की मजबूती और जनता के बीच मजबूत पकड़ बनाने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, पूर्व वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव सहित कई नेताओं ने भाग लिया।इस बैठक में वक्ताओं ने माना कि राज्य में लालू यादव की नीति और सिद्धांत को मानने वाले लोगों की बड़ी संख्या होने के बावजूद पार्टी कमजोर हुई है। पार्टी नेताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती पार्टी की पहली प्राथमिकता है। जब पार्टी संगठन मजबूत होगा तब हम सब भी मजबूत होंगे। इस बैठक के बाद जिलाध्यक्ष ने रांची जिला कमिटी के पदाधिकारियों की पहली सूची जारी की, जिन्हें नई जिम्मेदारी मिली है उनका स्वागत किया।जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा कि लालू प्रसाद की नीति और सिद्धांतों को घर घर पहुंचाने के लिए 09 जुलाई से प्रखंड स्तरीय दौरा शुरू होगा। उन्होंने कहा कि एक महीने के अंदर रांची जिला के अभी 18 प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।रांची जिला राजद के पदाधिकारियों के मनोनयन की पहली सूची में कई नाम शामिल हैं। इनमें मुख्तार अंसारी, योगेंद्र यादव, निरंजन महतो, रामप्यारे यादव उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। वहीं जिला कमेटी का प्रधान महासचिव रामभजन सिंह को बनाया गया है। इसी प्रकार जिला महासचिव की जिम्मेदारी रामापति महतो, सज्जाद अंसारी, रामभगत, सहरीव मिस्तफा को दी गयी है।

**राजनीति**

कोडरमा में अब प्रत्याशी बदलने की सोच पनपी

# झारखंड भाजपा ने निरंतर सक्रियता बनाने रखने की योजना

- इतने के बाद भी हावी है गुटबाजी
- संभावित अध्यक्ष पर अंदर ही सवाल
- महिला प्रतिनिधि अब बदलने की सोच



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी झारखंड में जरा सा भी आलस्य नहीं बरतना चाहती। इसी वजह से तमाम इलाकों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसका एक मकसद आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी कार्यकताओं को पूरी तरह तैयार रखना है। बौद्धिक स्तर पर उन्हें जनता से आने वाले प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देने के लिए परोक्ष तौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी वजह से नरेंद्र मोदी के बूथ मजबूत करने का आह्वान के बाद से पार्टी की पूरे राज्य में सक्रियता बढ़ गयी है। इस सक्रियता के बीच भी पार्टी की आंतरिक गुटबाजी उभरती हुई दिख रही है। दिल्ली में श्री मोदी की अगुवाई में हुई बैठक में झारखंड के मुद्दे पर भी चर्चा हुई है। यह साफ हो गया है कि संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में झारखंड के किसी सांसद को शायद मौका नहीं मिलेगा। दूसरी तरफ यह भी चर्चा है कि इसी बीच केंद्र में मंत्री बने किसी का पत्ता कट भी सकता है। राज्य संगठन में संभावित फेरबदल के बीच भी गुटबाजी हावी है और अभी की चर्चा के मुताबिक रघुवर दास गुट ने जिस महिला का नाम आगे बढ़ाया है, उसे संगठन स्वीकार कर पायेगा, इसे लेकर पार्टी के अंदर ही सवाल उठ रहे हैं। अजीब स्थिति है कि केंद्रीय मंत्री और झारखंड भाजपा के बड़े खिलाड़ी अर्जुन मुंडा पूरी तरह प्रदेश की राजनीति से खुद को अलग रखकर चल रहे हैं। वह अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों से तो मिलते हैं। झारखंड के अन्य इलाकों का भी नियमित दौरा करते हैं लेकिन झारखंड भाजपा पर कोई भी बात नहीं कहते। पार्टी के लोग कहते हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके रिश्ते अब भी बेहतर नहीं हुए हैं।

इन तमाम बातों के बीच कार्यकताओं की निरंतर बैठकों के बीच कोडरमा से नई सोच सामने आने के संकेत मिले हैं। पता चला है कि वहां के लोग अब नीरा यादव और अन्नपूर्णा देवी दोनों के बदले किसी पुरुष को प्रत्याशी बनाये जाने की सोच पर काम कर रहे हैं। नीरा यादव विधायक हैं जबकि अन्नपूर्णा देवी राजद छोड़कर आने के बाद सांसद और बाद में केंद्र में मंत्री बनी हैं। अंदरखाने से निकल कर आयी सूचनाओं के मुताबिक स्थानीय लोगों का मानना है कि काफी समय से कोडरमा की दोनों सीटों पर महिलाएं काबिज हैं। इसलिए अब इस रिवाज को बदला जाना चाहिए। ऐसी राय रखने वालों में से अधिकांश को इन दोनों महिला नेत्रियों से कोई परेशानी तो नहीं है, फिर भी यह सोच अंदर ही अंदर जोर पकड़ रही है।

## पेज एक का शेष

### भतीजे ने चाचा को .. ..

और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले उपस्थित नेताओं में शामिल थे। हालाँकि, पुणे में मौजूद राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि उन्हें बैठक की जानकारी नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा कि विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में अजित पवार विधायकों की बैठक बुला सकते हैं। यह घटना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के चुनाव अगले साल होने हैं। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने दीर्घकालिक सहयोगी भाजपा के साथ संबंध तोड़ लिए। बाद में, राजभवन में एक गुपचुप समारोह में देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार ने क्रमशः मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली, लेकिन उनकी सरकार केवल 80 घंटे तक चली। बाद में ठाकरे ने एमवीए सरकार बनाने के लिए राकांपा और कांग्रेस के साथ समझौता किया। पिछले साल जून में, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह के कारण शिवसेना में विभाजन हो गया और एमवीए सरकार गिर गई, जिसके बाद शिंदे भाजपा के समर्थन से सीएम बने।

संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग लंबे समय तक इस तरह के सर्कस को बर्दाश्त नहीं करेंगे, जो राजनीतिक दलों में सीधा विभाजन के माध्यम से सरकार गठन का एक स्पष्ट संदर्भ था। अजित पवार, सीएम शिंदे और भारतीय जनता पार्टी के स्पष्ट संदर्भ में राउत ने कहा, ऐसा लगता है कि कुछ लोग महाराष्ट्र की राजनीति को पूरी तरह से खराब करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्हें अपने चुने हुए रास्ते पर आगे बढ़ने दें। एक ट्वीट में, राउत ने कहा, मैंने अभी एनसीपी शरद पवार से बात की। उन्होंने कहा कि वह दृढ़ हैं और लोगों का समर्थन हमारे पीछे है। हम उद्धव ठाकरे के साथ एक नई शुरूआत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार अपनी पार्टी में विभाजन से प्रभावित नहीं हैं और नए सिरे से शुरूआत कर सकते हैं।

### दुनिया का विशाल .. ..

शिपयार्ड में शुरू हुआ। हाल ही में वहां से इसका ट्रायल किया गया। आइकॉन ऑफ द सीज ने परीक्षण के तौर पर सैकड़ों मील की यात्रा की है। उस समय मुख्य इंजन, हॉल, ब्रेक सिस्टम, स्टीयरिंग, शोर और कंपन आदि की जांच की जाती है। दुनिया के सबसे बड़े जहाज की विशेषताएं - वॉटर पार्क, अलग पारिवारिक क्षेत्र, पूल डेक, एक्वा डोम, एक्वा थिएटर, 220 डिग्री दृश्य वाली विशाल खिड़कियां, असली पौधों वाला पार्क, स्विम-अप बार, एक अनंत पूल, 7 स्विमिंग पूल, 9 व्हर्लपूल और कई अन्य मनोरंजन सुविधाएँ हैं। इसका सबसे बड़ा आकर्षण निश्चित रूप से इसका वॉटर पार्क है। इसमें 28 अलग-अलग तरह के केबिन हैं। 82 प्रतिशत कमरों में तीन या अधिक मेहमान रह सकते हैं। 70 फीसदी कमरों में बालकनी है। दुनिया के सबसे बड़े लग्जरी क्रूज शिप पर सफर करने के लिए यात्रियों को अच्छे पैसे खर्च करने होंगे। सात रात की इस यात्रा में बालकनी वाले कमरे का प्रति व्यक्ति किराया 4 हजार 673 डॉलर है। पहली यात्रा के सभी टिकट पहले ही बिक चुके हैं। बता दें कि टाइटैनिक, प्रसिद्ध जहाज जो सौ साल से भी अधिक पहले अटलांटिक में डूब गया था, केवल 882 फीट लंबा था। वजन 46 हजार 328 टन था। उसकी तुलना में, आइकॉन ऑफ द सीज कई गुना बड़ा और कहीं अधिक शक्तिशाली है।

### रूस ने वैगनर समूह .. ..

अंतरराष्ट्रीय सहयोगी बेलारूस की सरकार ने मंगलवार को कहा कि प्रिगोझिन वहां निर्वासन में चले गए हैं, लेकिन इसकी कोई स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। रूसी अधिकारी स्पष्ट रूप से पिछले शनिवार को बिना किसी बड़े सशस्त्र संघर्ष के खड़े होने के फैसले के बदले में प्रिगोझिन या उसके सैनिकों पर मुकदमा नहीं चलाने पर सहमत हुए हैं।

अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि रूसी वायु सेना के कमांडर और यूक्रेन में युद्ध प्रयास के पूर्व कमांडर सुरोविकिन को शायद विद्रोह के बारे में पहले से पता था और ऐसा लगता है कि उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। युद्ध-समर्थक रूसी ब्लॉगर्स ने बताया है कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य ने इससे इनकार किया है। रूस के राज्य मीडिया नियामक ने प्रिगोझिन द्वारा नियंत्रित एक समाचार वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया है और शुक्रवार को, एक रूसी समाचार पत्र, कोमर्सेंट ने बताया कि कई अन्य को भी ब्लॉक कर दिया गया है। रूसी सुरक्षा सेवाओं ने कथित तौर पर अन्य प्रिगोझिन होल्डिंग्स के कार्यालयों पर छापा मारा है। पुतिन, जिनकी सरकार ने लंबे समय से वैगनर से किसी भी संबंध से इनकार किया था। प्रिगोझिन ने इस सप्ताह स्वीकार किया कि क्रेमलिन अनुबंधों ने निजी सेना का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और मुनाफाखोरी को दंडित करने के लिए उन अनुबंधों की जांच की जाएगी। औपचारिक तौर पर रूस में इस कंपनी को ही भंग करने का एलान कर दिया गया है। इस बीच बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने इस सप्ताह कहा कि वह वैगनर सेनानियों को लेने के इच्छुक होंगे जो रूसी सेना में शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं।

### सुअर के दिल का इंसान .. ..

मेडिसिन (यूएमएसओएम) के चिकित्सक-वैज्ञानिकों द्वारा जनवरी 2022 में आयोजित की गई थी और चिकित्सा विज्ञान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। इस प्रत्यारोपण के मरीज 57 वर्षीय डेविड बेनेट, सीनियर का इलाज यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड मेडिकल सेंटर में किया गया था। सर्जरी के बाद लगभग सात सप्ताह तक उन्हें मजबूत हृदय क्रिया का अनुभव हुआ और तीव्र अस्वीकृति का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला। प्रत्यारोपण के दो महीने बाद अचानक हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। तब से, प्रत्यारोपण टीम उन शारीरिक प्रक्रियाओं पर व्यापक अध्ययन कर रही है जो हृदय की विफलता का कारण बनती हैं ताकि उन कारकों की पहचान की जा सके जिन्हें दीर्घकालिक सफलता की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए भविष्य के प्रत्यारोपणों में रोका जा सकता है।

इस अध्ययन के प्रमुख लेखक मुहम्मद एम. मोहिउद्दीन, एमडी, सर्जरी के प्रोफेसर और कार्डिएक जेनोट्रांसप्लांटेशन प्रोग्राम के वैज्ञानिक/कार्यक्रम निदेशक ने कहा, हमारा शोध इस बात की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है कि कैसे कई कारकों ने प्रत्यारोपित हृदय की कार्यात्मक गिरावट में भूमिका निभाई है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र को आगे बढ़ाना जारी रखना है क्योंकि हम सुअर के अंगों से जुड़े जेनोट्रांसप्लांट के नैदानिक परीक्षणों की तैयारी कर रहे हैं। श्री बेनेट, जो हृदय विफलता के अंतिम चरण में थे और अपने जीवन के अंत के करीब थे, पारंपरिक हृदय प्रत्यारोपण के लिए योग्य नहीं थे। इस प्रक्रिया को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा इसके विस्तारित पहुंच (अनुकंपा उपयोग) प्रावधान के तहत अधिकृत किया गया था।

अध्ययन के सह-लेखक बार्टली ग्रिफि थ, एमडी, सर्जरी के प्रोफेसर और ने कहा, हम श्री बेनेट के हृदय प्रत्यारोपण की शिथिलता के कारणों पर प्रकाश डालने के लिए दृढ़ थे, जिन्होंने स्वेच्छा से दुनिया में पहला होने का वीरतापूर्ण कार्य किया। वह कहते हैं, हम चाहते हैं कि हमारा अगला मरीज जेनोट्रांसप्लांट के साथ न केवल लंबे समय तक जीवित रहे बल्कि सामान्य जीवन में लौट आए और महीनों या वर्षों तक जीवित रहे। उन्होंने उन घटनाओं के क्रम को ध्यान से रेखांकित किया जिनके कारण हृदय गति रुकी, जिससे पता चला कि सर्जरी के 47वें दिन तक इकोकार्डियोग्राफी जैसे इमेजिंग परीक्षणों पर हृदय अच्छी तरह से काम कर रहा था।

### बाबा बफार्नी की यात्रा .. ..

घटनाओं से सीख लेते हुए इस बार जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय अर्धसैनिक बल और सेना ने अमरनाथ यात्रा मार्ग पर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की है। मार्ग के विभिन्न बिंदुओं पर ड्रोन और विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्तों को भी काम पर तैनात किया गया है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं से निपटने को भी विशेष महत्व दिया जा रहा है। पिछले साल, अमरनाथ गुफा के आसपास भारी बारिश के बाद, पास का शिविर हार्पा बन से बह गया और बालटाल आधार शिविर पर आ गिरा।

शहर >> अपडेट

### अखंड जप-अनुष्ठान शुरू

**रांची:** गायत्री युग तीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान व मार्गदर्शन में चलाए जा रहे उपासना साधना आराधना अनुष्ठानों में गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या में आज सुबह से साधक अखंड जप-अनुष्ठान में जुड़े। इस बाबत आज आफलाइन रांची मुख्य शक्तिपीठ सेक्टर टू से लेकर अन्य नजदीकी शाखाओं में, प्रज्ञा मंडल इकाइयों में 12 घंटे से 24 घंटे गायत्री महामंत्र का अखंड जप-अनुष्ठान में अपना समयदान निर्धारित कर योगदान कर रहे हैं। वहीं कल से आनलाइन स्वाध्याय मंडल में भी आषाढ़ पूर्णिमा सह गुरुपूर्णिमा पावन महापर्व अवसर पर आनलाइन स्वाध्याय मंडल, संस्कृति मंडल, बाल संस्कारशाला आदि इकाई में शान्तिकुञ्ज के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा से पूरे मासपारायण उच्चस्तरीय आध्यात्मिक चंद्रायण व्रत-उपवास अनुष्ठान और चालीस दिवसीय, नौ दिवसीय अनुष्ठान व विद्यार्थियों व बालक वृन्द के लिए भी छोटे छोटे अनुष्ठान में जोड़ने की तैयारी में जुट रहे हैं।

अभियान

### कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री और सांसद

# झारखंड में भी शुरू हुआ सिकल सेल एनीमिया के खात्मे का अभियान



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** वर्ष 2047 तक देश को सिकल सेल से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत की है। झारखंड में इस अभियान की शुरूआत रांची जिले के कांके प्रखंड अंतर्गत कोकोदरो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से हुई।

इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक वंशानुगत बीमारी है। कहा कि शादी के पूर्व युवक-युवती सिकल सेल एनीमिया की जांच करा लें। इसके लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है।कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने सिकल सेल से पीड़ित लोगों को पिंक और ब्लू कार्ड का वितरण किया तथा योग्य परिवार के बीच आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया।

कहा कि इस योजना के लाभार्थी राज्य के किसी भी सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में पांच लाख रुपये की राशि तक का इलाज करा सकते हैं। जिसका भुगतान सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता के बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार प्रयास कर रही है। रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि देश की जनता की चिंता प्रधानमंत्री कर रहे हैं, यही वजह है कि उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जनोपयोगी योजनाएं लगातार शुरू की जा रही हैं।अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया रक्त से जुड़ी बीमारी है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय बहुल इलाके में इस बीमारी से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया-हीमोफीलिया बीमारी का भी प्रभाव हमारे राज्य में अधिक है। इस अवसर पर कांके से भाजपा विधायक समरी लाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, स्वास्थ्य निदेशक प्रमुख डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह, अपर अभियान निदेशक बिद्यानंद शर्मा पंकज, रांची सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार, प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, मुखिया भुजबल पाहन सहित स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी, कर्मचारी और कोकोदरो पंचायत और आसपास के लोग उपस्थित थे।सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त 27 वर्षीया बिमला देवी ने कहा कि इस बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली से अच्छा जीवन जी सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह बीमारी ठीक तो नहीं होगी लेकिन थोड़ा ध्यान रखें तो परेशानी कम जरूर होगी। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार-विहार फायदेमंद होगा। बिमला देवी ने कहा कि मुझे पहली बार 2016 में इस बीमारी के बारे में पता चला था, तब रांची सदर अस्पताल के डे केयर सेंटर से काफी जानकारी प्राप्त हुई। वहां से इलाज शुरू हुआ और मैं अच्छा जीवन जी रही हूं।

# खादगढ़ा बस स्टैंड की पार्किंग के लिए ढाई करोड़ से शुरू होगी नीलामी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा बस स्टैंड के लिए पार्किंग की नीलामी होनी है। इसके लिए रांची नगर निगम ने तैयारी कर ली है। निगम ने इसके लिए शॉर्ट टेंडर नोटिस भी जारी कर दिया है। इसके मुताबिक खादगढ़ा बस स्टैंड की पार्किंग को लीज पर दिया जायेगा। इसके लिए शुरूआती बोली दो करोड़ 40 लाख 96 हजार 600 रुपये से शुरू होगी। ई-बिडिंग के लिए समय सीमा 13 जुलाई तक तय की गयी है।रांची नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर के स्तर से जारी सूचना में बताया गया है कि स्टैंड के लीज पर दिए जाने और इससे संबंधित ई-टेंडर के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट से ली जा सकती है। बिडर्स इसके लिए सीएमपीडीआई कैंपस, गोंडवाना पैलेस, कांके रोड (रांची) स्थित चौथे तल्ले पर भी आकर संपर्क कर सकते हैं। टेंडर में या किसी स्तर पर बदलाव की स्थिति में भी सूचना निर्धारित वेबसाइट से मिलेगी।

## रांची जिला खो-खो पुरुष-महिला खो-खो टीम का चयन 5 जुलाई को

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में रांची जिला पुरुष-महिला टीम का चयन 5 जुलाई को होगा। रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा के मुताबिक इस दिन अपराह्न तीन बजे से साढ़े छः बजे तक लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में चयन कार्यक्रम आयोजित होगा। रांची जिला पुरुष-महिला खो-खो टीम के लिए चयनित खिलाड़ी 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए 13 जुलाई को रांची से गुमला के लिए प्रस्थान करेंगे। यह प्रतियोगिता 14-16 जुलाई तक माघी बालिका उच्च विद्यालय, प्रखंड सिसई (गुमला) के प्रांगण में आयोजन होनी है। रांची जिले के लिए चयन प्रतियोगिता में रांची जिला के इच्छुक किसी भी स्कूल, कॉलेज, क्लब अपने यहां से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों या पूरी टीम को ओपन चयन प्रतियोगिता में भाग लेने को भेज सकते हैं।

## न्यूज फटाफट

### 12वीं तक के निजी स्कूल-कॉलेजों का संचालन अब सरकारी स्कूलों की तरह

**रांची:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) से संबद्ध झारखंड के 12वीं तक के निजी स्कूल-कॉलेजों का संचालन अब सरकारी स्कूलोंकॉलेजों की तरह होगा। मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों-कॉलेजों में पठन-पाठन, कक्षाओं के संचालन, परीक्षा के आयोजन और प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जैक ने नियमावली बनायी है। चार साल बाद पूर्ण जैक बोर्ड के गठन के बाद शनिवार को बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में उक्त नियमावली को स्वीकृति प्रदान की गयी। इस नयी नियमावली के लागू होने के बाद राज्य के निजी स्कूलकॉलेजों में कक्षा से लेकर परीक्षा तक सबकुछ सरकारी स्कूल की समयसारिणी के हिसाब से चलेगा। राज्य में करीब एक हजार शिक्षण संस्थान जैक बोर्ड से संबद्ध हैं। इनमें जैक ने स्थायी व अस्थायी मान्यता प्राप्त हाइस्कूल, इंटर कॉलेज, मदरसा व संस्कृत स्कूल शामिल हैं। अब तक ये स्कूल-कॉलेज अपनीअपनी सुविधानुसार कक्षाओं का संचालन से लेकर परीक्षा तक का आयोजन करते आ रहे थे। जैक द्वारा ली जाने वाली परीक्षा के अलावा स्कूल और कॉलेज स्तर पर ली जाने वाली परीक्षाओं में एकरूपता नहीं थी। ऐसे में कई तरह की तकनीकी परेशानियां आ रहीं थीं। इन समस्याओं को देखते हुए जैक ने नयी नियमावली बनायी है। नियमावली के तहत संबद्ध निजी स्कूलों-कॉलेजों में भी सरकारी स्कूलों-कॉलेजों की तरह कक्षाएं सुबह 9:00 बजे शुरू होंगी और दोपहर 3:00 बजे तक चलेंगी। यह समय-सारिणी एक जुलाई से 31 मार्च तक के लिए है। एक अप्रैल से 30 जून तक कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चलेंगे। 11वीं व 12वीं के लिए अलग रूटीन है। शिक्षकों के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति बनाना अनिवार्य होगा। स्कूल-कॉलेजों को डीइओ के माध्यम से ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर संस्थान का पंजीयन करना होगा। नयी नियमावली में बच्चों के नामांकन को लेकर नियम तय किये गये है। कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के नामांकन को लेकर कई निर्देश दिया गया है। स्कूल में नियमित और स्वतंत्र विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल करने को लेकर भी प्रावधान तय किया गया है। जिस शैक्षणिक सत्र में छात्रों का नामांकन हुआ है, उस सत्र के 30 सितंबर को प्रवेश पंजी को बंद किया जायेगा। प्रवेश पंजी बंद करने की जिम्मेदारी संबंधित जिला के डीइओ की होगी।

### मैट्रिक-इंटर में खराब रिजल्ट वाले स्कूल के प्रिंसिपल से होगी पूछताछ

**रांची:** झारखंड के स्कूलों में खराब मैट्रिक-इंटर के रिजल्ट को लेकर 200 स्कूलों के प्रिंसिपलों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित किये गये शिक्षकों से शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पूछताछ की जाएगी। प्रधानाध्यापकों से रिजल्ट पर वन टू वन बात की जाएगी और उनसे पूछे जाएंगे कि आखिर उनके स्कूल का परिणाम खराब क्यों रहा। अगर लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई भी हो सकती है। शिक्षा विभाग के अनुसार इसका उद्देश्य स्कूलों की कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करना भी है। इसके लिए सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को मुख्यालय बुलाया जायेगा। दो दिनों तक मंथन किया जायेगा। दोनों दिन 100-100 स्कूलों की समीक्षा की जायेगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग इस बाबत इसी महीने दो दिनों का कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। विभाग के सचिव के. रवि कुमार के अनुसार प्रधानाध्यापकों से रिजल्ट पर वन टू वन बात की जाएगी और उनसे पूछे जाएंगे कि आखिर उनके स्कूल का परिणाम खराब क्यों रहा। जबकि दूसरे स्कूलों का रिजल्ट अच्छा रहा। इसका उद्देश्य स्कूलों की कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करना भी है।




राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### पेंशनर कल्याण समाज की हुई मासिक बैठक

**गोला :** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की मासिक बैठक प्रखंड अध्यक्ष दुख हरण चंद्र पोद्दार की अध्यक्षता में एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला के प्रांगण में हुई। बैठक में बताया गया कि पेंशनरों को डी ए की बढ़ोतरी राशि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया गोला शाखा में जनवरी माह से नहीं बनाई गई है। साथ ही कई पेंशनरों का ग्रेड पे बैंक द्वारा अभी तक नहीं बनाया गया है, जिससे पेंशनरों में क्षोभ है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बुनियादी विद्यालय कुडू परिसर में सूखे पेड़ दे रहे हादसे को दावत

**कुडू - लोहरदगा :** राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू परिसर में विद्यालय कार्यालय के ठीक सटे और बच्चों को आने जाने के मुख्य मार्ग पर यूकिलिप्टस के दो विशाल सूखे पेड़ किसी बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं। शिक्षक सहित विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक इसको लेकर काफी चिंतित है कि स्कूल संचालन के समय अगर पेड़ गिर जाता है तो इससे बहुत बड़ा खतरा हो सकता है। इस लिए प्रशासन से अविलंब पेड़ कटवाने की मांग की है। इस संबंध में प्राभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद ने बताया कि आधे से ज्यादा झुक चुके दोनों पेड़ का तना बिल्कुल सड़ता जा रहा है। और इसके छोटे छोटे टुकड़े टूट कर गिरते रहते हैं। इस लिए हम अपनी तरफ से प्रयास करते हैं कि जब भी बारिश या तेज हवा चलती है तो बच्चों को इधर से जाने नही दिया जाए साथ ही सभी शिक्षक भी कार्यालय से बाहर निकल जाते हैं। उंन्होने बताया कि पेड़ को विद्यालय द्वारा कटवा देने से वन विभाग कार्रवाई कर सकता है। इस लिए हम बिना अनुमति के इसे नहीं कटवा सकते।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का हुआ समापन

**कुडु :** कुडू इंदिरा गांधी चौक स्थित प्रशिद्ध शिव मंदिर में शनिवार से शुरू हुए 24 घंटे का अखंड हरिकीर्त्तन का विभिन्न अनुष्ठानों के बीच रविवार दो जुलाई की सुबह समापन हो गया। समापन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रसाद चखा। कटैया की प्रसिद्ध कंठामृत रसधारा हरीकृतन मण्डली के मार्गदर्शन में अखण्ड हरिकीर्त्तन में भक्त जम कर झूमें। इस दौरान हरे रामा, हरे कृष्णा, हरे हरे के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक छत्रधारी प्रसाद, अध्यक्ष प्रेम प्रकाश वर्मा, सचिव राजेन्द्र साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### बच्चों को पिलायी गई पोलियो की दो बूंद

**पेटरवार :** पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में रविवार को प्लस पोलियों अभियान का शुभारंभ उपप्रमुख सीमा देवी एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शालिनी ने संयुक्त रूप से 0 से 5 वर्ष के बच्चों को प्लस पोलियो की दो बूंद पिलाकर की। चिकित्सा प्रभारी डॉ कुंदन राज ने बताया कि यह अभियान रविवार से शुरू होकर आगामी 4 जुलाई तक चलेगा। जिसके लिए 165 बूथों में 23 हजार 23 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है साथ तेनुघाट बस पड़ाव एवं न्यू बस पड़ाव में दो ट्रांजिट बूथों का निर्माण किया गया है ताकि अभिभावकों के साथ सफर करने वाले बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक पिला सके। इसी कार्यक्रम के दौरान बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति ने पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र केवट टोला ,मटटोला के दुर्गा मंडपस्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पोलियो दवा दो बूंद जिंदगी की ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ की।

**खुलासा** नकली कीटनाशक के गोरख धंधे का पदार्फाश, बड़े पैमाने पर होता था संचालन

# फैक्ट्री संचालक को किया गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**भुरकुंडा :** रामगढ जिला अंतर्गत जिले के भदानीनगर ओपी क्षेत्र में संचालित नकली कीटनाशक फैक्ट्री का मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने शनिवार को लपंगा बस्ती में छापेमारी कर एक मकान में चल रहे नकली कीटनाशक फैक्ट्री में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली कीटनाशक बरामद किया है। मामले में फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में शनिवार को भदानीनगर ओपी में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें पतरातू एसडीपीओ डॉ. विरेंद्र चौधरी और भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप मौजूद रहे। एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि महाराष्ट्र की एक कंपनी बायर्स साइंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधि ने सूचना दी थी कि लपंगा बस्ती निवासी मो. हासिम पिता मो. रमजान उनके ब्रांड की नकल कर नकली कीटनाशक बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर टीम का गठन कर छापेमारी की गई।

छापेमारी के क्रम में मो. हासिम के किराना दुकान से बायर्स कंपनी का नकली कीटनाशक 5475 पैकेट, बायर्स कंपनी का खाली पैकेट 4800 पीस, एक पैकिंग मशीन,एक वजन तौलने की मशीन और नकली कीटनाशक 18 किलोग्राम बरामद किया गया। पुलिस ने सामान जब्त कर मो. हासिम को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि जब्त नकली कीटनाशक की बाजार में कीमत तकरीबन एक करोड़ रुपए है। छापेमारी अभियान में भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, सहायक अवर निरीक्षक नूतन आशीष तिर्की और संजय कुमार सिंह सदलबल शामिल थे।

## 20 लाभुकों के बीच 100 पीस बकरियों का किया गया वितरण



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर :** कुंदरूकलां पंचायत भवन में शनिवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ बीडीओ रीना कुजूर व विशिष्ट अतिथि कुंदरूकलां मुखिया किशुनराम मुंडा, बारलोंग मुखिया रेखा देवी, पशु चिकित्सक संगीता कुमारी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने 20 लाभुकों के बीच 100 पीस बकरियों का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर सप्लायर कुसुम महतो, परमानंद महतो, उप मुखिया मोहराई महतो, रामगढ़ प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली, सदस्य हीरालाल महतो, जगदेव महतो, प्रदीप नायक, पप्पू रविदास, दिनेश रविदास, वीरेंद्र नायक, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रंजीत करमाली, प.स.स. प्रतिनिधि उमाशंकर महतो, अजय महतो के अलावे लाभुक मोहराई महतो, लाला महतो, सुरपति देवी, मंजू देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, उमाशंकर महतो, वैजंती देवी, फुलेश्वरी देवी, सावित्री देवी, चंपा देवी, तारो देवी, जागेश्वर रविदास, सुषमा देवी, सीता देवी, मथुर घांशी सहित कई मौजूद थे।

## कथारा में तीन जगहों पर बनेगा स्पीड ब्रेकर: विधायक



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** पत्रकार एकता मंच से जुड़े पत्रकारों के समूह ने बीते 30 जून की देर संध्या बेरमो विधायक से भेंट की। भेंट में समूह द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यों पर विधायक के साथ गहन मंत्रणा की। विधायक ने पत्रकारों के लिए बोकारो जिला के कथारा में एक भवन बनाए जाने पर जोर देते हुए 5:50 लाख देने की घोषणा की।बोकारो जिला के ढोरी स्टाफ क्वाटर स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में भेंट के क्रम में उपस्थित पत्रकारों द्वारा क्षेत्र में हो रहे सड़क दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए इसपर ध्यान देने का आग्रह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह से की। विधायक श्री सिंह मामले पर सज्ञान लेते हुए तत्काल पीडब्ल्यूडी विभाग के कनीय अभियंता को कथारा क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगहों पर स्पीड ब्रेकर बनाने का निर्देश दिया। विधायक के आवासीय कार्यालय में पत्रकारों से भेंट में बेरमो विधायक अनुप सिंह ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा के इसे कायम रखने में इस क्षेत्र के पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकार कभी भी अपनी समस्या को लेकर उनके पास नहीं आते, जबकि क्षेत्र के पत्रकारों के हितों को लेकर वे काफी चिंतित रहे हैं।उन्होंने पत्रकारों की सुविधा को लेकर कथारा क्षेत्र में एक पत्रकार भवन बनाने की बात कही। साथ हीं विधायक मद से साढे पांच लाख देने की घोषणा की। उन्होंने आगामी 5 जुलाई को चिंहित भूमि पर शिलान्यास करने की बात कही। मौके पर बेरमो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष छेदी नोनिया के अलावा पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष जगदीश महतो (मास्टर), कार्यकारी अध्यक्ष एसपी सक्सेना, सचिव विजय सिंह, कोषाध्यक्ष बीरमणि पांडेय, उपाध्यक्ष आर पी सिंह के अलावा पत्रकार साजेश गुप्ता, पवन कुमार सिंह, जगदीश भारती, अविनाश कुमार उर्फ राजा, मुकेश कुमार तथा धीरज कुमार उपस्थित थे।

## रक्तदान से मिलती नई जिंदगी, इसलिए सभी लोग करें रक्तदान : विवेकानंद



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर:** स्वस्थ मानव शरीर ही रक्त का एकमात्र कारखाना होता है। किसी मनुष्य के रक्त आवश्यकता की पूर्ति किसी अन्य मनुष्य के रक्त से ही की जा सकती है। कई बार रक्तदान करने के नाम पर युवा घबरा जाते है, कई बार तो लोग अपने सगे-संबंधी के लिए भी रक्तदान करने से मना कर देते है। मुस्कुराहटें संस्था 'करें रक्तदान दें जीवनदान' अभियान के तहत क्षेत्र के युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने हेतु निरन्तर प्रयासरत है। अब तक क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं को अपने मुहिम में शामिल कर चुकी है। अभियान के नेतृत्वकर्ता मुस्कुराहटें संस्था के अध्यक्ष विवेकानन्द वर्मा स्वयं निरन्तर रक्तदान करते हुए लोगों के भय को मिटाते हुए रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे है। शनिवार को मुस्कुराहटें संस्था के अध्यक्ष विवेकानन्द वर्मा ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर रामगढ़ सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष जाकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। 30 वर्षीय विवेकानन्द वर्मा का यह 22वां रक्तदान है। इनका रक्त समूह ओ पॉजिटिव है। विवेकानन्द वर्मा ने बताया कि रामगढ़ जिला में लगभग 80 बच्चे थैलेसीमिया, सिकल सेल रोग से पीड़ित है। जिनको प्रतिमाह एक से दो यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है। गर्भवती महिलाओं एवम् सड़क व अन्य दुर्घटनाओं से पीड़ित मरीजों को आकस्मिक रूप से रक्त की आवश्यकता होती है। समय पर रक्त न मिलने से उनकी जान भी जा सकती है। कई बार तो उनके परिजन आवश्यकता की पूर्ति हेतु दलालों के चंगुल में फंस कर मोटी रकम देकर रक्त प्राप्त करते है। हम सभी योग्य रक्तदाताओं को अपनी सामाजिक जिम्मेवारी को निभाते हुए निरन्तर रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, ताकि समय पर जरूरतमंदों को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने हेतु अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन,प्रतिबद्ध : उपायुक्त

राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** शिक्षा ग्रहण करने हेतु विद्यार्थियों को शांत एवं प्रभावशाली वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ शहर अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के समीप जिला पुस्तकालय संचालित है। पुस्तकालय का निर्माण डीएमएफटी के तहत कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 29 फरवरी 2020 को जिला पुस्तकालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया था जिसके उपरांत कोरोना व अन्य कारणों से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू नहीं हो पाया था। रामगढ़ जिले में उपायुक्त के पद पर पदभार ग्रहण करने के उपरांत रामगढ़ शहर के दौरे के क्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उन्होंने बच्चों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा लगातार समीक्षा एवं निरीक्षण के कारण अप्रैल 2022 से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू हुआ वर्तमान में पुस्तकालय में 5000 से भी अधिक किताबें विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है वही 250 से अधिक बच्चों ने पुस्तकालय में अपना निबंधन कराया है। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए मिनरल वाटर, शौचालय, सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध है वही विद्युत सेवा बाधित होने की स्थिति में बच्चों के लिए इनवर्टर द्वारा विद्युत सप्लाई की सेवा भी उपलब्ध है। इस संबंध में बात करते हुए उपायुक्त मिश्रा ने कहा कि रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे मेधावी एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

## भुरकुंडा कोयलांचल में मानवता का परिचय है राष्ट्रीय सेवा मंच : प्रभारी अमित कुमार




राष्ट्रीय खबर

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा कोयलांचल मे यूं तो कई मंच है क्लब है। लेकिन सेवा भाव की बात अगर लोगो की जुबान पर आता है तो वो है राष्ट्रीय सेवा मंच। लगातार आठ वर्षो से दूर दराज से आये गरीबो के बीच हर रविवार को सैकडों गरीब दूर दराज से आये लोगो के बीच भोजन की निस्वार्थ सेवा भावना इस मंच को औरो से बिल्कुल अलग कर देती है। कोयलांचल मे ज्यादातर क्लब व मंच केवल अपने सदस्यों के बीच रंगमंच मे अपना मनोरंजन करते है वही इन सभी से परे यह मंच गरीबो की निस्वार्थ सेवा भाव के लिये अपना एक अलग पहचान रखता है। समाज सेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा में जन सहयोग के माध्यम से दूरदराज से आए दातुन पतल बेचने वाले अत्यंत ही गरीब परिवार के सदस्यों को मंच 8 वर्षों से दोपहर का भोजन पूरी सब्जी एवं जलेबी का वितरण करते आ रहा है यह भोजन सेवा 3 जुलाई 2016 के दिन रविवार को आरंभ हुई थी जो लगातार मंच के द्वारा जारी है आज भोजन वितरण में भुरकुंडा थाना प्रभारी अमित कुमार उनके सहायक सावन्त सर मुख्य अतिथि में उपस्थित थे। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उधोगपति सह समाजसेवी रिंकू वर्णवाल, युवा समाजसेवी राकेश शर्मा, इम्तियाज अली, लालू उरांव, रेणुका देवी, दिलीप गंजू, डॉ जयश्री मेहता, माही लाल मांझी, सुकरा उरांव, अनिल चौहान, कन्हैया कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पोलियो जागरूकता के लिए निकाली गई प्रभातफेरी




**गिद्दी :** नीचे धौड़ा अरगड्डा पोषण क्षेत्र में नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा के छात्रों द्वारा पोलियो अभियान को लेकर जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें दो बूंद जिंदगी के, बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाना है जीवन को बचाना हैं आदि के नारे लगाए गये। आगामी 2 जुलाई से पोलियो अभियान की शुरूआत की जा रही है। मौके पर प्राचार्य सबिता कुमारी, शिक्षक रवि हांसदा, रसोईया अनिता कुमारी, नसीमा खातून आदि उपस्थित थे।

### नए एमओ का किया गया स्वागत



**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को विदाई सह स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में चितरपुर सीओ सह प्रभारी बीडीओ तृप्ति विजया कुजूर मौजूद थे। इस दौरान चितरपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मंजू देवी के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को बुके व उपहार देकर विदाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि विदाई जीवन का अहम हिस्सा है। जो हर लोगों के जीवन मे एक बार आता है। एमओ के जाने से प्रखंड में उनकी कमी हमेशा खलेगी। वे हमेशा कार्यो के निष्पादन में सक्रिय रहते थे। वहीं इस दौरान नवनियुक्त प्रखंड आपूर्त पदाधिकारी हंस हेम्ब्रम को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी बीपीओ कुमार विवेक सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डीलर संघ के अध्यक्ष सखीचन्द राम दांगी ने किया। मौके पर बड़ा बाबू श्रवण कुमार, राजकुमार गुप्ता, माणिक कुमार सामंतों, रतन कुमार सामंतों, चंद्रिका वर्मा, उमेश महतो, नरेश भगत, ताराचंद पोद्दार, आशीष झा, जयंत पोद्दार, कंचन प्रसाद वर्मा, रईस उद्दीन, आशा देवी, सुहो देवी, अंजू देवी, विजय कुमार सहित कई मौजूद थे।

### मुखिया ने ग्रामीणों के साथ मिलकर किया वृक्षारोपण

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इचाकडीह पंचायत के टोला जितरा टुंगरी के स्थानीय माशनाटुंगरी एवं इसके आसपास जगहों में ग्रामीणों द्वारा चालीस हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीणों द्वारा प्रतिदिन हजारों वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। वहीं रविवार को मुखिया रमेश राम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि फल- -फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। पेड़-पौधों से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है, जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है। कई पेड़-पौधों की छाल औषधि बनाने के भी काम आती है। इनकी लकड़ियों से फर्नीचर बनाए जाते हैं। पेड़ों से हमें कागज की भी प्राप्ति होती है। पेड़-पौधों की सूखी पत्तियों से खाद भी बनती है। पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं, अतः हमें पेड़-पौधे नहीं काटने चाहिए। आज हम अपने लालच के लिए पेड़-पौधे काटकर अपने पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुँचा रहे हैं। इससे पक्षियों के घर उजड़ रहे हैं तथा वातावरण भी दूषित हो रहा है। वृक्ष काटने से ही बाढ़, भूमि-स्खलन आदि होते हैं। इसीलिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है। इसके कहीं सारे लाभ हमारे जिवन में होते हैं। वृक्षारोपण में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य दुर्गा हेम्ब्रोम, मंथन हेम्ब्रोम, सुनील हेम्ब्रोम, बिनोद रजवार, राजकुमार मरांडी, अंजू कुमारी, कलावती देवी, बसंती मरांडी, ममता कुमारी, रेशमी कुमारी, पिंकी कुमारी, पार्वती देवी, उर्मिला देवी, रतनी देवी, सोहनी देवी, विशाल रजवार, रोहित सोरेन, तिलो देवी, आशा देवी, अभिषेक कुमार, अशोक रजवार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराई गई



**चंद्रपुरा :** चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्दा उत्तरी पंचायत स्थित दुग्दा स्टेशन रोड में लगे 200 केवीए का ट्रांसफार्मर कई महीनों से खराब पड़ा हुआ था। जिससे इस भिषण गर्मी में सैकड़ों परिवारों की समस्या को देख स्थानीय मुखिया चंदन कुमार सिंह के पहल पर दुरुस्त कराए गया। उक्त खराब ट्रांसफार्मर में तेल की कमी थी। जिस कारण पूरा का पूरा ट्रांसफार्मर उड़ने का खतरा मंडरा रहा था। खतरे को देख स्थानीय मुखिया चंदन सिंह ने विद्युत अधीक्षण अभियंता डी.एन.साहू चास से खराब पड़े ट्रांसफार्मर मरम्मत कराए जाने की मांग किए जाने पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा ट्रांसफार्मर में 100 लीटर तेल एवं बूश उपलब्ध करा दिया है। जिसकी मरम्मती सोमवार को किया जाएगा। मुखिया जी की इस कार्य से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

### नैनिहालो को पिलायी गयी पोलियो की दो बूंद



**बेरमो :** जरीडीह बाजार स्थित पोलियो केंद्र संख्या 38 में 0 से 5 वर्ष के नौनिहालों को 2 बूंद पोलियो की खुराक पिलाकर केंद्र का शुभारंभ झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि पोलियो की दवा जीरो से पांच वर्ष के बच्चे को अवश्य पिलाए तभी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सकता है झारखंड ही नहीं पूरे देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी है मौके पर पिंकी देवी बबिता देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

संपादकीय

# जनता अब राजनीतिक नाटक समझने लगी है

इंफाल में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे का नाटक हुआ। भाजपा और बीरेन सिंह समर्थक भले ही इसे स्वीकार ना करें लेकिन आम जनता को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी थी कि अचानक इस नाटक की आवश्यकता क्यों पड़ी और पर्दे के पीछे से इसके असली कारण क्या थे। जिधर से भाजपा ध्यान हटाना चाहती थी, वह योजना पूरी तरह विफल रही। घटनाक्रम कुछ ऐसा था कि मणिपुर के मुख्यमंत्री को उनके समर्थकों ने शुक्रवार को इस्तीफा देने से रोक दिया। श्री सिंह दोपहर 1 बजे अपना इस्तीफा देने के लिए राज्यपाल अनुसुइया उइके से मिलने वाले थे। सीएम दोपहर करीब 2:20 बजे अपने आवास से गाड़ियों के काफिले में मंत्रियों समेत करीब 20 विधायकों के साथ निकले, लेकिन सैकड़ों महिलाओं ने सड़क पर मानव श्रृंखला बनाकर राजभवन तक उनका रास्ता रोक दिया। उनसे इस्तीफा न देने के लिए कहने के बाद वह अपने आवास पर लौट आए और उनके समर्थन में नारे लगाए। कुछ देर बाद मंत्रियों का एक समूह



मुख्यमंत्री आवास से निकला और उनमें से एक ने श्री सिंह का त्यागपत्र पढ़ा और इसे कुछ महिलाओं को सौंप दिया, जिन्होंने इसे फाड़ दिया। इसके बाद कहा गया कि मुख्यमंत्री ने जनता की भावनाओं का कद्र करते हुए इस्तीफा नहीं देने का फैसला लिया है। इससे नाटक की समाप्ति हो गयी और वहां मौजूद लोग अपने अपने घरों को लौट गये। अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने इसे कुर्सी बचाने का नाटक करार दिया। श्री सिंह के एक सहयोगी ने बताया कि न तो गृह मंत्री अमित शाह और न ही केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने मुख्यमंत्री को पद छोड़ने का निर्देश दिया था। ऐसा बताया जाता है कि गुरुवार रात इंफाल में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान श्री सिंह को अपशब्द कहे जाने के बाद उन्होंने पद छोड़ने का मन बना लिया था। प्रदर्शनकारियों ने कांगपोकपी के पहाड़ी जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दिन में मारे गए दो मैतेई पुरुषों के शवों को राज्य की राजधानी के केंद्र में लाए जाने के बाद अपना गुस्सा व्यक्त किया। सीएम ने यह संदेश देने के लिए इस्तीफा देने का फैसला किया कि उनकी जगह किसी अन्य नेता को लाया जा सकता है जो चीजों को व्यवस्थित करने में सक्षम होगा। जब उनके अपने लोगों ने उन पर विश्वास करना बंद कर दिया तो उनके पास क्या विकल्प था। जबकि मैतेई-प्रभुत्व वाली इंफाल घाटी में लोगों का एक वर्ग श्री सिंह के पीछे लामबंद हो रहा है, पहाड़ियों में कुकी समुदाय, जिसमें सात भाजपा विधायक भी शामिल हैं, उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, साथ ही एक अलग आदिवासी प्रशासन की भी मांग कर रहे हैं। सहयोगी ने कहा, उम्मीद है कि अब शांति बहाल करने के लिए ईमानदार प्रयास होंगे। 3 मई को कुकी-मेइतेई संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 130 लोग मारे गए हैं और 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। शुक्रवार सुबह से ही मणिपुर में अटकलें लगाई जा रही थीं कि श्री सिंह इस्तीफा दे देंगे, क्योंकि राज्य में 35,000 सेना और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के बावजूद वह हिंसा को रोकने में विफल रहे हैं। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि श्री सिंह अपने कुछ मंत्रियों और विधायकों का विश्वास हासिल करने के लिए गुरुवार रात उनके पास पहुंचे थे। कथित तौर पर पार्टी के भीतर से उन पर किसी अधिक सक्षम व्यक्ति के लिए रास्ता बनाने का दबाव बढ़ रहा था। कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री के घर को आग लगाए जाने के बाद रंजन सिंह ने मुख्यमंत्री पर यह कहकर कटाक्ष किया कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह से विफल रही है। मैतेई समुदाय के नागरिक समाज संगठनों की एक प्रभावशाली शीर्ष संस्था, मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति ने हिंसा प्रभावित राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने का विरोध किया। इस संगठन ने पत्र लिखकर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की निष्क्रियता और पक्षपातपूर्ण कार्यो के खिलाफ शिकायत की थी। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सीओसीओएमआई ने कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन स्वीकार नहीं किया जायेगा। मणिपुर के लोग किसी भी प्रकार की अलोकतांत्रिक नीति को स्वीकार नहीं करते हैं। जिन मुद्दों और समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उन्हें लोकप्रिय निर्वाचित सरकार की जिम्मेदारी के तहत हल किया जाना चाहिए। इस बीच लाइसेंसधारी महिला विक्रेता और बड़ी संख्या में रेहड़ी-पटरी वाले चार दिवसीय हड़ताल पर चले गए। राज्य में शांति कैसे लौटे और कुकी समुदाय का भरोसा कैसे कायम हो, इस पर मुख्यमंत्री या भाजपा के पास कोई योजना तक नहीं है। इससे साफ है कि मणिपुर भी नफरती राजनीति की प्रयोगशाला बन चुकी है। लेकिन इस घृणा को हवा देने वाले दूरगामी परिणामों पर विचार नहीं कर रहे हैं, जो चीन से जुड़ा है। दरअसल लगातार के नौटंकी ने ही जनता को ऐसे प्रंपचों के प्रति अनुभवी बना दिया है, इसे भाजपा को स्वीकार कर लेना चाहिए।

# पैन-आधार लिंक के नाम पर हुआ अरबों रुपयों का खेल

## जबकि पैन डुप्लीकेसी रोकने को थे अन्य कई विकल्प




पैन कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए भारत सरकार 2017 से लगातार आयकर विभाग के माध्यम से अलर्ट कर रही है। इस बीच दर्जनों बार आखिरी डेट को बढाया गया। शुरूआती कुछ सालों तक यह सुविधा निशुल्क थी। उसके बाद 500 फिर 1000 लेट फीस पैन कार्ड धारियों से लिए जा रहे हैं। पढ़े-लिखे प्रथम श्रेणी के लोगों ने तो निशुल्क वाले समय में ही अपना पैन और आधार लिंक करा लिया था। किंतु अल्पविकसित देश में कम पढ़े लिखे लोग अपने पैन को आधार से लिंक नहीं करा पाए थे। जिस कारण अब वह ऑनलाइन सेंटरो व साइबर कैफे में जाकर 1200 से 1300 रुपए देने को मजबूर है। उनसे डरा कर ये पैसे लिए



**शिवा तिवारी**
पत्रकार

जा रहे हैं जो बिल्कुल गैर जरूरी है। आयकर विभाग को तो बस टैक्स से मतलब है चाहे वह अधिक आय वाला करोड़पति-अरबपति दे या कम आय वाला गरीब। भारत सरकार के अधीन आयकर विभाग की मंशा इस मामले में कुछ ठीक नहीं लगी। अपनी तिजोरी भरने के लिए गरीबों से डराकर जबरजस्ती पैसे लिए जा रहे हैं। क्योंकि अगर पैन कार्ड से आधार को लिंक करना था तो सरकारी स्तर पर भी इस काम को किया जा सकता था।

अब तो पंचायतों में कार्यपालक सहायक से लेकर डाटा आपरेटर तक की नियुक्ति हो गई है जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बखुबी इस काम को कर सकते थे।

बताया गया कि पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करना अनिवार्य करने के पीछे मुख्य कारण पैन कार्ड की डुप्लीकेसी को कम करना था। एक ही व्यक्ति को जारी किए गए कई पैन कार्ड से कर की गणना और संग्रह में अशुद्धि होती है। इससे अधिकारियों के लिए कर चोरी पर नजर रखना भी मुश्किल हो जाता है। 1200 रुपए दे लिंक कराकर निकले एक व्यक्ति ने कहा कि बार-बार समय व फाइन बढ़ाने से बेहतर था कि सरकार उन सभी पैन कार्ड को निरस्त कर देती जो आधार से लिंक नहीं थे। बाद में आवश्यकता पड़ने पर आधार कार्ड के बेस पर लोग अपना पैन कार्ड बनवाते और मात्र 200 रुपये में पैन कार्ड भी बन जाता व लिंक भी हो जाता। मगर उन्हें तो लोगों को डराकर अपनी तिजोरी भरनी थी।

जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स एक्ट 1961 के नियम के तहत सभी लोगों को पैन-आधार लिंक कराना जरूरी है। अगर आप पेन को आधार से नहीं जोड़ते हैं म्यूचुअल फंड, स्टॉक और बैंक अकाउंट खुलवाने जैसे काम भी नहीं कर पाएंगे। अगर आयकर विभाग व केंद्र सरकार ने नियम बनाया है तो जरूर यह जनता के लाभ के लिए होगा। क्योंकि लोकतांत्रिक देश के सभी नियम व कानून जनता के लिए ही बनाये व लागु किये जाते हैं मगर लेट फीस के 1000 रुपए से किसका भला हो रहा है।

एक आनलाइन सेंटर वाले ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के बहुत सारे लोगों के अभी भी लिंक नहीं हुए हैं। लोगों संख्या के बारे में पूछे जाने पर ऑनलाइन सेंटर वाले ने बताया कि प्रत्येक पंचायतों में अभी कम से कम 100 लोग ऐसे हैं जिनका पैन कार्ड आधार से लिंक नहीं हुआ है। अगर उसकी बात मानी जाती है तो 100 लोग एक 1000 रुपए लेट फीस देकर लिंक कराये तो एक पंचायत से आयकर विभाग को एक लाख रुपए प्राप्त हो रहे हैं।

अगर गरीब राज्य बिहार की बात करें तो यहां कुल 8058 ग्राम पंचायतें हैं और प्रत्येक पंचायत से 100 लोग अपना पैन कार्ड से आधार को लिंक करवाते हैं तो कुल 80 करोड़ 58 लाख रुपए लेट फीस के रूप में आयकर विभाग को जा रहे हैं। जबकि बिहार में नगर निगमों की संख्या 19, नगर परिषदों की संख्या 49 और नगर पंचायतों की संख्या 80 है। और उन शहरी क्षेत्रों में भी अब तक पैन से आधार लिंक नहीं करवाने वालों की संख्या कम नहीं है। इस तरह से तो केवल बिहार से ही अरबों रुपए आयकर विभाग को जा रहे हैं। असम, जम्मू कश्मीर और मेघालय के निवासियों को इससे वंचित किया गया है। मगर बाकी के राज्यों से आयकर विभाग को खूब वारे न्यारे हो रहे हैं और पूछने वाला भी कोई नहीं है। कहावत चरितार्थ हो रही है जब सैंया भए कोतवाल अब डर काहे का।

वही बात अगर विपक्ष की करे तो केंद्र सरकार की सभी नीतियों पर मुखर विरोध करने वाले विपक्ष के लोग इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। जो अपने आप में एक सवाल है। इस पर अभी तक किसी भी पार्टी के नेता या प्रवक्ता ने अपना विरोध नहीं जताया है। इसे आयकर विभाग का डर कहे या फिर कोई और मजबूरी। कारण जो भी हो मगर इसमें आम जनता जरुर पीस रही है।

# विजेता मेंढक

एक दिन मेंढकों के दिमाग में आया कि क्यों ना एक रेस करवाई जाए। रेस में भाग लेने वाली प्रतियोगीयों को खम्भे पर चढ़ना होगा, और जो सबसे पहले एक ऊपर पहुच जाएगा वही विजेता माना जाएगा। रेस का दिन आ पंहुचा, चारो तरफ बहुत भीड़ थी; आस-पास के इलाकों से भी कई मेंढक इस रेस में हिस्सा लेने पहुचे। माहौल में सरगर्मी थी, हर तरफ शोर ही शोर था। रेस शुरू हुई। लेकिन खम्भे को देखकर भीड़ में एकत्र हुए किसी भी मेंढक को ये यकीन नहीं हुआकि कोई भी मेंढक ऊपर तक पहुंच पायेगा। हर तरफ यही सुनाई देता। अरे ये बहुत कठिन है ' वो कभी भी ये रेस पूरी नहीं कर पायंगे ' सफलता का तो कोई सवाल ही नहीं, इतने चिकने खम्भे पर चढ़ा ही नहीं जा सकता और यही हो भी रहा था, जो भी मेंढक कोशिश



करता, वो थोडा ऊपर जाकर नीचे गिर जाता, कई मेंढक दो-तीन बार गिरने के बावजूद अपने प्रयास में लगे हुए थे। पर भीड़ तो अभी भी चिल्लाये जा रही थी, ये नहीं हो सकता, असंभव, और वो उत्साहित मेंढक भी ये सुन-सुनकर हताश हो गए और अपना प्रयास छोड़ दिया। लेकिन उन्ही मेंढकों के बीच एक छोटा सा मेंढक था, जो बार-बार गिरने पर भी उसी जोश के साथ ऊपर चढ़ने में लगा हुआ था। वो लगातार ऊपर की ओर बढ़ता रहा, और अंततः वह खम्भे के ऊपर पहुच गया और इस रेस का विजेता बना। उसकी जीत पर सभी को बड़ा आश्चर्य हुआ, सभी मेंढक उसे घेर कर खड़े हो गए और पूछने लगे, तुमने ये असंभव काम कैसे कर दिखाया, भला तुम्हे अपना लक्ष्य प्राप्त करने की शक्ति कहाँ से मिली, जरा हमें भी तो बताओ कि तुमने ये विजय कैसे प्राप्त की ? तभी पीछे से एक आवाज आई। अरे उससे क्या पूछते हो, वो तो बहरा है अक्सर हमारे अन्दर अपना लक्ष्य प्राप्त करने की काबीलियत होती है, पर हम अपने चारों तरफ मौजूद नकारात्मकता की वजह से खुद को कम आंक बैठते हैं और हमने जो बड़े-बड़े सपने देखे होते हैं उन्हें पूरा किये बिना ही अपनी ज़िन्दगी गुजार देते हैं। आवश्यकता इस बात की है हम हमें कमजोर बनाने वाली हर एक आवाज के प्रति बहरे और ऐसे हर एक दृश्य के प्रति अंधे हो जाएं। और तब हमें सफलता के शिखर पर पहुँचने से कोई नहीं रोक पायेगा।

गुरु पूर्णिमा (3 जुलाई) पर विशेष

# अंधकार हटाकर प्रकाश की ओर ले जाते हैं गुरु

गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वैसे तो शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए इसे 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, पुराण और ब्रह्मा-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 3 जुलाई को मनाई जा रही है।



**योगेश कुमार गोयल**
पत्रकार

**कबीरदास कहते हैं कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की और आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता।**

हिन्दू धर्म में गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम।

'गुरु' वास्तविक का अर्थ है अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु को गुरु इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्त्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही 'गुरु' कहा जाता है।

कबीरदास कहते हैं कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की और आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है। शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है।

जानकारी

# झरीपानी फॉल्स



मसूरी शहर के केंद्र से लगभग 7 किमी दूर झरिपानी जलप्रपात है। इसका आकर्षण इसके एकांत स्थान में है जो अभी तक पर्यटकों की भीड़ से प्रभावित नहीं हुआ है। आप झरने की सुंदरता में भीगते हुए घंटों बिता सकते हैं, अच्छी तस्वीरें क्लिक कर सकते हैं या शिवालिक रेंज सहित झरने के आसपास के दृश्यों की सराहना कर सकते हैं। आपको साइट पर दुर्लभ किस्मों के फूल भी देखने को मिलेंगे।

## मसूरी लेक

यह मसूरी के नव विकसित आकर्षण बिंदुओं में से एक है जिसे सिटी बोर्ड द्वारा बनाया गया था। अगर आप अपने परिवार के साथ कुछ क्वालिटी टाइम एन्जॉय करना चाहते हैं तो यहां बोटिंग या पिकनिक के लिए जा सकते हैं। इस जगह के आसपास बहुत सारे भोजनालय हैं जहाँ आप पारंपरिक हिमालयी व्यंजनों का आनंद ले सकते है।

# Hono1 50 में मिल सकता है 100 मेगापिक्सल कैमरा

साइबर दुनिया



**नई दिल्ली :** चाइनीज स्मार्टफोन मेकर Honor जल्द ही Honor 50 को लॉन्च कर सकती है। यह पिछले वर्ष लॉन्च किए गए Honor 40 की जगह ले सकता है। कंपनी ने इस स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशंस की जानकारी नहीं दी है। हालांकि, इसके डिस्प्ले और प्रोसेसर के साथ ही अनुमानित प्राइस की डिटेल्स ऑनलाइन लीक हुई हैं। इस स्मार्टफोन को चीन में लॉन्च किया जाएगा।

Honor 50 में Snapdragon 6 Gen 1 SoC दिया जा सकता है। कंपनी ने ऌड्ढल्लल्ड्ड१ 40 में ऑक्टाकोर Qualcomm Snapdragon 695 SoC और 5,100 `अँ की बैटरी दी थी। टिप्सटर Digital Chat Station ने चाइनीज मैसेजिंग प्लेटफॉर्म Weibo पर एक पोस्ट में बताया है कि Honor X50 में Qualcomm Snapdragon 6 Gen 1 SoC के साथ 16 GB का RAM और 512 GB की स्टोरेज मिल सकती है। इसमें 1.5K कर्व्ड डिस्प्ले और 2,652 x 1,200 पिक्सल का रिजॉल्यूशन होने की संभावना है। यह स्मार्टफोन हाई-फ्रीक्वेंसी ढहट के लिए सपोर्ट दे सकता है। इसमें 100 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिया जा सकता है। इसका प्राइस लगभग उठ 1,000 (लगभग 11,300 रुपये) होने की संभावना है। हाल ही में Honor ने एक टीजर जारी कर इस स्मार्टफोन में 5,800 mAh बैटरी होने की पुष्टि की थी। Honor 40 में 6.67 इंच का AMOLED डिस्प्ले 1080X2400 पिक्सल के रिजॉल्यूशन और 120Hz के रिफ्रेश रेट के साथ है। इसमें 12GB RAM और 256GB इनबिल्ट स्टोरेज दी गई है।

इसके डुअल रियर कैमरा सेटअप में 50 मेगापिक्सल का पहला कैमरा और 2 मेगापिक्सल का दूसरा कैमरा है। सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए इसके फ्रंट में I/2.0 अपार्चर के साथ 8 मेगापिक्सल का कैमरा है।

टॉप ट्वीट





"लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सवाल पूछने का अधिकार श्री नरेंद्र मोदी और उनकी टीम ने छीन लिया है। जो कोई भी सवाल उठाता है। तुरंत ईडी और सीबीआई उनके खिलाफ सक्रिय हो जाती हैं। देश के लोग मोदी के अलोकतांत्रिक शासन से तंग आ चुके हैं।"

आशीष कुमार साहा
त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

"एक्सक्लूसिवङ्ग एनिमल स्वतंत्रता दिवस वीकेंड पर नहीं आ रहा एनिमल -अभिनेता रणबीर कपूर और निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म अब 11 अगस्त को रिलीज नहीं होगी। हां, फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। एक नई रिलीज डेट आने वाले दिनों में घोषणा की जाएगी।"

तरण आदर्श
फिल्म एनालिस्ट

संपादक के नाम पत्र

## घटता मानव जीवन

कोरोना काल के बाद लोगों की प्रवृत्ति स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति अधिक सतर्क हुई है। लोगों ने इस बात को समझ लिया कि मानव जीवन की स्वस्थता उसके रहन सहन के साथ ही वातावरण पर भी निर्भर होती है।प्रदूषित वातावरण व्यक्ति की आयु क्षीण करता है। आज प्रदूषण के कहर का व्यक्ति जीवन में प्रतिदिन बहुतेरे सामना करता है। तमाम प्रकार के प्रदूषण स्वस्थता को चुनौती देते हैं। वायु के बाद ध्वनि मानव जीवन में सर्वाधिक प्रदूषण पैदा करती है जो घातक साबित होता दिख रहा है। अमेरिका के एक अस्पताल मैसाचुसेट्स की रिसर्च को सही माने तो तेज आवाज के कारण लोगों को हाइपरटेंशन, दिल का दौरा जैसी बीमारियां होती है। लगातार शोर में रहने वाले लोगों को 5 साल में दिल का दौरा पड़ने की आशंका बढ़ती है। इससे कई लोगों की याददाश्त भी कमजोर होती है। न्यूयॉर्क में रहने वाले लोगों की ध्वनि प्रदूषण से 10.2 महीने की औसत उम्र में कमी आई है। हमारे देश में वाहनों आदि के कारण बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के कारण आम आदमी का जीना दूभर हो चला है। शहर गांव एक से प्रतीत होते हैं। कई बार वायु प्रदूषण न चाह कर भी जरूरत के मुताबिक करना ही पड़ता है मगर ध्वनि प्रदूषण को तो संयम के साथ रोका जा सकता है। अमेरिकी रिपोर्ट के मद्देनजर हमारे देश में भी ध्वनि प्रदूषण से हो रहे हश्र का आकलन जरूरी है। वायु की तरह ध्वनि भी प्रदूषित हो गई तो मानव जीवन दूभर हो जाएगा।

अमृतलाल मारू ,रवि'
इंदौर मध्यप्रदेश

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### स्कूल व मंदिर के प्रांगण में चलाया गया सफाई अभियान

**बड़कागांव** : बड़कागांव के अंबेडकर चौक स्थित आदर्श मध्य विद्यालय एवं काली मंदिर कूड़े कचरे के कारण गंदे नाले का पानी जमा हो जाने के कारण काली मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा कूड़े कचरे को हटाकर सफाई किया गया। मौके पर काली मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसेवक सोनी, सचिव राज किशोर प्रसाद, शिक्षक चेतलाल राम, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संजय कुमार धनेश्वर तुरी ने साफ सफाई में मुख्य भूमिका निभाई।

## सिटी अपडेट्स >>

### 6 माह से यह नल जल योजना बंद पड़ी हुई है

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के चंदौल पंचायती स्थित ग्राम पुंदौल के वार्ड नंबर 2 मे योजना स्वीकृत एसटी/एससी विनोद गंझू के नाम से लगाया गया था पूर्व के पीएचडी के द्वारा दी गई पुराने चापाकल में ही पीएचडी विभाग द्वारा नल जल योजना लगाया गया। इस योजना से 25 परिवारों का जलापूर्ति करने के लक्ष्य रखा गया था। यह काम कांट्रेक्टर कन्हाई नारायण दास के द्वारा कार्य संपन्न कराया गया। कुछ ही दिनों के बाद इसमें लगाई गई मशीन काम करना बंद कर दिया। जब लाभुक के द्वारा कई बार पीएचडी के जेई एवं कांट्रेक्टर से मोबाइल के माध्यम से शिकायत की गई तो उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही बना दिया जाएगा। लेकिन 6 माह से यह नल जल योजना बंद पड़ी हुई है। यहां के ग्रामीणों को पानी लेने के लिए नदी तालाब के सहारा लेना पड़ रहा है। यह स्थिति लगभग कई गांव में देखने को मिल रहा है नल जल योजना का सारा कार्य विभाग के द्वारा टेंडर के माध्यम से कांट्रेक्टर के द्वारा कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 5 वर्षों तक देखभाल करने की जिम्मेवारी कांट्रेक्टर का रहता है। फिर भी जनता के शिकायत पर विभाग एवं कांट्रेक्टर अपने कानों में तेल डालकर सोया हुआ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मुखिया व समाजसेवी ने क्रिकेट कीट का बितरण

**दारू** : दारू पुनाई पंचायत के जरगा मे पुनाई मुखिया अनिल कुमार देव और समाज सेवी अजीत कुमार के द्वारा जरगा में क्रिकेट किट का वितरण किया गया। मुखिया अनिल कुमार देव और समाज सेवी अजीत कुमार ने अपने निजी सहयोग से क्रिकेट किट का वितरण किया इस से ग्राम जरगा में बच्चो और ग्रामीणों में खुशी की लहर है और मुखिया अनिल कुमार देव और समाज सेवी अजीत कुमार ने कहा कि हमलोग हमेशा लोगो को मदद करते रहेंगे इस मौके पर प्रदीप यादव राजकुमार यादव किशोरी पासवान राजेश कुमार सावन कुमार महावीर प्रसाद राजकुमार प्रसाद जगतपाल राणा के साथ साथ कई ग्रामीण मौजूद थे।

### पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाया गया पोलियो ड्रॉप

**पीरटांड़** : राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पोलियो का ड्रॉप पिलाया गया। जिसकी जानकारी देते हुए बीपीएम सरिता कुमारी ने बताया कि पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कुल 150 पल्स पोलियो बूथ बनाया गया था वही प्रखंड के 21064 बच्चे को पोलियो का ड्रॉप पिलाना था। जिसमें बीपीएम ने बताया कि लगभग लगभग बच्चे को पल्स पोलियो का ड्रॉप पिला दिया गया है। अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीरटांड़, अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र पालगंज, स्वास्थ्य उप केंद्र खुखरा के अलावे सभी सेंटरों पर समस्त सुपरवाइजर, एमपीडब्ल्यू, एएनएम, आशा सुपरवाइजर एवं सीएचओ के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई।

**अपराध**

चरही पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# चार किलो अफीम के साथ तीन युवक गिरफ्तार

- 4 किलो अफीम का बाजार मूल्य लाखों रुपए बताया जा रहा है
- तस्करों को काबू कर गहनता से पूछताछ की गई

राष्ट्रीय खबर



**चरही** : चरही पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। कार सवार तीन युवकों को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस के द्वारा जांच में से चार किलोग्राम अफीम बरामद हुआ है। जिसकी कीमत बाजार में लगभग लाखों रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गश्त के दौरान के उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। कि एक स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर तीन युवक नशीला पदार्थ लेकर बिक्री के लिए मांडू, रामगढ़ की ओर से हजारीबाग आ रहे है। सूचना विश्वसनीय होने पर पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे रोड चरही घाटी पर दक्षिणी व निचले क्षोर के समीप वाहन चेकिंग शुरू किया। कुछ समय बाद मांडू की तरफ से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आती दिखाई दी, जिसे रुकने का इशारा करने पर चालक ने गाड़ी भगाने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गाड़ी पकड़ ली गई। गाडी को रोकने पश्चात उसमें सवार तीनों व्यक्ति भागने लगे, तब सशस्त्र बल के टीम के द्वारा तीनो व्यक्तियो को पकड लिया गया। तस्करों को काबू कर गहनता से पूछताछ की गई जिसमे उनलोगो ने अफीम होने की बात कही। जिसे चरही पुलिस द्वारा ड्रग्स डिटेक्ट कीट के माध्यम से इसे पुष्टि किया गया। इस दौरान तलाशी लेने पर स्विफ्ट डिजायर कार की अगले सीट के नीचे से प्लास्टिक से पैक किया हुआ 1-1 किलो का 4 पैकेट नशीला पदार्थ अफीम बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त सुलेमान सोय (28 वर्ष), निर्मल सोय(35 वर्ष) एवं अमीर हुसैन (33 वर्ष) रांची निवासी।उक्त तीनो व्यक्तियो को गिरफ्तार कर थाना लाया गया और प्राथमिकी दर्ज की गई। इस क्रम में चार किलो अफीम ,एक स्विफ्ट डिजाइन गाड़ी,तीन एंड्रियाड मोबाइल फोन एवं दो की पैड मोबाइल फोन बरामद हुआ। छापामारी दल में मौके पर अनुज उरांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़, हजारीबाग,पुअनि विक्रम कुमार थाना प्रभारी चरही, सअनि जीतमोहन महतो, सत्येन्द्र कुमार, रोहित सिंह, कुशलेश कुमार एवं चालक इन्द्रदेव प्रसाद यादव उपस्थित थे।

बड़ा अखाड़ा में मनाई गई

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास परिषद की स्थापना दिवस

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग 02 जुलाई को स्थानीय बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता अखौरी गोपाल जी सहाय ने कहा कि शिक्षा बचाओ आंदोलन के माध्यम से शिक्षा की विकृत्यों को उजागर कर सरकार तथा न्यायालय द्वारा उसे सुधारा गया। उन्होंने कहा कि 2007 से ह्यशिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास परिषद और अखिल भारतीय स्तर पर प्रयास किया गया कि भारतीय गौरव, महान संस्कृति एवं परम्पराएँ और भाषा के छेत्र में कार्य करे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में ह्यशिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास परिषद भारत के हरेक प्रांत व केंद्रीय शासित प्रदेशों में कार्य कर रहा है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास परिषद दस विषयो, तीन आयामो, तीन कार्य विभाग और 02 विशेष अभियान के तहत आत्मनिर्भर भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन है। न्यास का ध्येय वाक्य है - देश को बदलना है तो शिक्षा बदलो। माँ, मातृभूमि और मातृभाषा का कोई विकल्प नही है।

समस्या नही समाधान की चर्चा करो। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ललिता राणा, मुख्य वक्ता डॉ. अखौरी गोपाल जी सहाय वही मंच संचालन महंत विजयानंद दास और धन्यवाद ज्ञापन अनुपम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व महापौर अंजली कुमारी, डॉ सरोज रंजन, डॉ0 संतोष सिंह, डॉ राजकुमार चौबे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद पांडेय, ज्ञान प्रकाश, विजय पांडये, ब्रजेश तिवारी, धनंजय जी, प्रताप नारायण सिंह, रीता वर्मा, नेहा कुमारी, सरोज कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

सितंबर के प्रथम सप्ताह में रसोई का परिचालन शुरू करने का दिया निर्देश

## केंद्रीयकृत रसोई भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे शिक्षा सचिव

- जिला शिक्षा अधिकारी को निर्माण स्थल के हर प्रगति की निगरानी सहित फोटो उपलब्ध कराने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग के डेमोटांड में प्राथमिक विधालय के छात्रों के मिड डे मील के लिए केंद्रीयकृत रसोई हेतु निमार्णाधीन भवन का जायजा लेने शिक्षा विभाग के सचिव के.रवि कुमार आज 1 जुलाई को निर्माण स्थल पर पहुंचे। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय भी मौजूद रही। विभागीय सचिव ने निर्माणधीन भवन का मुआयना किया तथा कार्य की प्रगति देखकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने भवन निगम के कार्यपालक अभियंता से निर्धारित समय से निर्माण कार्यो में हो रही देरी की जानकारी ली। उन्होंने हर हाल में माह सितंबर के प्रथम सप्ताह में भवन निर्माण तथा बिजली कनेक्शन आदि सभी कार्यों को दुरुस्त करते हुए केंद्रीयकृत रसोई को शुरू करने का निर्देश दिया। सचिव श्री कुमार ने अधिकारीयों के साथ स्थल पर बैठक करते हुए शिक्षा अधीक्षक व शिक्षा पदाधिकारी को निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी करने तथा नियमित रुप से हर प्रगति का फोटो उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि घोषित समय पर रसोई का परिचालन शुरू किया जा सकें। बता दे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहयोग से अक्षय पात्र फाउंडेशन ने मुकुंदगंज, हजारीबाग में केंद्रीयकृत रसोई का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस सुविधा के माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को पौष्टिक, गर्म और स्वादिष्ट मध्याह्न भोजन परोसने की योजना है। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिक्षक, अक्षय पात्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष स्वामी व्योम पद दास व अन्य उपस्थित थे।

## महानिरीक्षक ने संभाली प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय की कमान: कमलजीत सिंह बन्याल

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग महानिरीक्षक कमलजीत सिंह बन्याल, सीमा सुरक्षा बल ने 30 जून 2023 को प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग का पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व कमलजीत सिंह बन्याल सीमांत मुख्यालय, गुवाहाटी, सीमा सुरक्षा बल में बतौर महानिरीक्षक के पद पर एक वर्ष से कार्यरत थे। कमलजीत सिंह बन्याल, का जन्म वर्ष 1965 में हिमाचल प्रदेश में हुआ। उन्होनें वर्ष 1985 में स्नातक की डिग्री उत्तीर्ण करने के उपरांत सीमा सुरक्षा बल में वर्ष 1986 में सहायक कमांडेंट के पद से देश सेवा आरंभ की। 37 वर्षो के लंबे सेवाकाल में सीमा सुरक्षा बल के सभी सीमातों कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, साउथ बंगाल, नार्थ बंगाल, त्रिपुरा के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया एवं उग्रवाद ग्रस्त दुर्गम क्षेत्रों में बल के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की है। इन इलाकों में आपने सीमा प्रबंधन, आतंकवाद, उग्रवाद विरोधी कार्यवाहियों एवं आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। सेवाकाल के बहुमूल्य 10 वर्ष आपने स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप एसपीजी में विशिष्ट कर्तव्यपरायणता के साथ अपनी सेवाएं दी है । बल में आप एक कुशल प्रशासक तथा श्रेष्ठ कमांड़र के रूप में रहें है। सेवाकाल के दौरान आपने सीमा सुरक्षा बल, के प्रशिक्षण संस्थानों के साथ भारतीय सेना एवं देश के गौरवशाली संस्थानों से युद्ध कौशल, सीमा प्रबंधन एवं अन्य विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। तथा सीमा सुरक्षा बल अकादमी में बतौर प्रशिक्षक बेजोड़ अनुभव प्राप्त किया है।

## विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी सीओ को लगाई फटकार, मांगा लिखित स्पष्टीकरण

राष्ट्रीय खबर

**केरेडारी**: केरेडारी नियमों के विरूद्ध सीसीएल कम्पनी द्वारा एनओसी प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली ग्रामसभा की सूचना जन-प्रतिनिधियों को न दिए जाने के मामले पर विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी केअंचल अधिकारी राकेश कुमार तिवारी को अंचल कार्यालय में जमकर फटकार लगाई एवं लिखित स्पष्टीकरण की मांग की। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा एनओसी प्राप्त करने के संबंध में होने वाली ग्राम सभा की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को नहीं दिए जाने के मामले पर विधायक ने केरेडारी अंचल अधिकारी से पूछताछकी।केरेडारी अंचलाधिकारी ने बताया कि ग्राम सभा की सूचना हेतु प्रेषित पत्र सीसीएल के अधिकारियों द्वारा अंचल कार्यालय से ले ली जाती है जिस पर विधायक ने जमकर फटकार लगाते हुए इस संबंध में अंचल अधिकारी से लिखित स्पष्टीकरण की मांग की। विधायक ने इस मौके पर कहा कि कई कंपनियों के द्वारा एनओसी प्राप्त करने के उद्देश्य से ग्राम सभा की जाती है ।

**समारोह**

जिले भर के विभिन्न पंचायतों के सौ से अधिक मुखिया किए गए

# आईसेक्ट विवि की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन

- रितेश कुमार अपनी रूहानी आवाज की जादू बिखेरी, जिनके गीत ने खूब वाहवाही बटोरी
- आधे से अधिक आबादी गांवों में बसती है

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग** : हजारीबाग पंचायतों के विकास से ही देश का विकास संभव है। ऐसे में देश की तरक्की में पंचायतों की भूमिका अहम हो जाती है। इसी के मद्देनजर रविवार को आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से हजारीबाग जिले के विभिन्न पंचायतों के रहनुमाई करने वाले मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधियों के लिए तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सदर, बरही, बड़कागांव, बरकट्ठा, चलकुशा, डाड़ी, केरेडारी, चुरचु, दारू, विष्णुगढ़, चौपारण, इचाक, पदमा, कटकमसांडी, कटकमदाग व टाटीझरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के 100 से अधिक मुखिया, मुखिया प्रतिनिधियों व समाजसेवियों को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय में पदस्थापित संगीत की प्राध्यापिका कुमारी सीमा के स्वागत गान से हुई। इस दौरान वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग एचओडी रितेश कुमार अपनी रूहानी आवाज की जादू बिखेरी, जिनके गीत ने खूब वाहवाही बटोरी। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और आधे से अधिक आबादी गांवों में बसती है। ऐसे में गांवों का विकास अहम है और इन गांवों व पंचायतों को तरक्की की राह पर अग्रसर करने में अहम भूमिका निभाने वाले मुखिया, मुखिया प्रतिनिधियों सह समाजसेवियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यही वजह है आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से इन्हें सम्मानित करने का सफल प्रयास किया गया। वहीं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व मुखिया प्रतिनिधियों ने कहा कि झारखंड का शायद यह पहला कार्यक्रम है जब पंचायत प्रतिनिधियों को तवज्जो दी गई और मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय का यह सकारात्मक कदम सराहनीय है और विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 मुनीष गोविंद इसके लिए बधाई के पात्र हैं। इस बीच आईसेक्ट विश्वविद्यालय की चांदनी कुमारी व मेगा स्किल सेंटर के धीरेंद्र कुमार ने पीपीटी के जरिए विश्वविद्यालय एवं मेगा स्किल सेंटर की विस्तृत जानकारी मौजूद सभी लोगों को दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के एडमिन एआर विजय कुमार, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार, डॉ0 सत्य प्रकाश, प्रभात किरण, फरहीन सिद्दीकी, रोहित कुमार सहित अन्य की भूमिका अहम रही। मंच संचालन आईसेक्ट विश्वविद्यालय के पीआरओ मो शमीम अहमद ने किया।

## न्यूज फटाफट

### शहीद कुलदीप उरांव को दी श्रद्धांजलि



**साहिबगंज** : जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में बीते दो जुलाई 2020 को आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए साहिबगंज के सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल कुलदीप उरांव को उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। साहिबगंज में जैप - 9 के बाउंड्री वॉल से सटे के समाधि स्थल पर रविवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर मौजूद भाजपा विधायक अनंत ओझा, जिले के उपायुक्त रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, शहीद के पिता घनश्याम उरांव समेत कई लोग शामिल होकर शहीद की समाधि पर माल्यार्पण करने के बाद पुष्प अर्पित करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर शहीद के परिजनों ने विधायक और उपायुक्त के समक्ष साहिबगंज समाहरणालय के सामने पुलिया के समीप शहीद स्मारक बनाते हुए उनकी एक प्रतिमा स्थापित करने का आग्रह किया। इस पर उपायुक्त ने कहा कि इस पर विचार किया जा रहा है जल्द ही शहीद कुलदीप उरांव की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। वही विधायक ने कहा कि चुकिं यह बोरियो विधानसभा का क्षेत्र पड़ता है, ऐसे में वे देखेंगे कि क्या प्रावधान है यदि प्रावधान हुआ तो वे अपनी निधि से शहीद की प्रतिमा जरूर बनवा देंगे। दरअसल शहीद कुलदीप उरांव साहिबगंज जिले के आजादनगर, जिरवाबड़ी वार्ड नं 12 के निवासी थे। वे सीआरपीएफ मैं हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे और क्विक एक्शन टीम के सदस्य थे। उसी दौरान 2 जुलाई 2020 को श्रीनगर में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान वे शहीद हो गए थे। वर्ष 2022 में केंद्र सरकार की ओर से उन्हें शौर्य चक्र से भी सम्मानित किया गया था।

### झूठे मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप

**साहेबगंज** : बीते 16 जून को जिले के मुफस्सिल थाना में दर्ज हुए उस मामले को कई आरोपियों ने झूठा, मनगढ़ंत और तथ्य से परे बताते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। एक बार फिर से मामले के 3 आरोपियों ने एसपी को निबंधित डाक से पत्र भेजकर अपना पक्ष रखते हुए न्याय की गुहार लगाई है। दरअसल बीते 16 जून को बिहार के मुंगेर जिला अंतर्गत मिल्कीचक गांव निवासी रवि उर्फ टुन्नी यादव ने मुफस्सिल थाना में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें रात के अंधेरे में गंगा में खड़ी मालवाहक जहाज परकुछ अपराधिक तत्वों के द्वारा पहले जहाज कर्मियों को बंधक बनाने और फिर गैस कटर से जहाज को छेद कर उसे डूबने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया था। मामले में आधा दर्जन से अधिक लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। उक्त मामले के कई आरोपियों ने पूर्व में भी पुलिस प्रशासन को अलग-अलग पत्र भेजकर साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए कहा है कि उन लोगों को उक्त झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची की गई है। सकरीगली के पत्थर व्यवसाई संजय यादव ने जहां बताया था कि दर्ज प्राथमिकी में जिस तिथि और समय को घटना का जिक्र किया गया है उस दौरान वे रांची में थे। वहीं इसी मामले का एक अन्य आरोपी राजीव कुमार ने भी राज्य के डीजीपी और जिले के एसपी को साक्ष्य के साथ आवेदन देते हुए कहा था कि मुफस्सिल थाना में दर्ज किए गए मामले में जिस दिन घटना का जिक्र किया गया है, उस दिन वे रांची में थे। वही एक बार फिर से मामले के तीन और नामजद आरोपियों ने एसपी को निबंधित डाक से पत्र भेजकर कहा है कि घटना के दिन वेलोग साहिबगंज में नहीं थे उन्हें बेवजह झूठे मुकदमे में फसाया जा रहा है।

### बारह घंटा के अंदर चाकूबाजी मौत के मामले में एक आरोपी को भेजा गया जेल

**इचाक** : इचाक थाना क्षेत्र के बोंगा गांव में 1 जुलाई सुबह 10 बजे जमीन सह पैसा विवाद मामले में खूनी संघर्ष चाकूबाजी में अपने ही चचेरा भाई अखिलेश मेहता उम्र 38 वर्ष पिता बासुदेव मेहता को संजय मेहता ने मारकर हत्या कर दिया था। इस मामले में मुख्य आरोपी के भाई प्रदीप मेहता को बीती रात आईपीएस प्रशिक्षु थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में गिरफ्तार कर धारा धारा-302/307/325/120बी0 / 34 भा0द0वि0 के तहत जेल भेज दिया गया।

### तुरी समाज के सम्मेलन में शामिल हुए हजारीबाग विधायक



**हजारीबाग** : हजारीबाग झारखंड प्रदेश तुरी समाज का हजारीबाग जिला स्तरीय सम्मेलन, हजारीबाग के कारगिल पेट्रोल पंप के समीप स्थित रिंग एंड रोजेज सभागार में रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के प्रदेश अध्यक्ष चंदन तुरी, प्रदेश महासचिव परशुराम तुरी और प्रदेश कोषाध्यक्ष नागेश्वर तुरी सहित अन्य गणमान्य जनों ने शिरकत किया। समाज के लोगों ने बड़े ही आत्मिय भाव से विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया। सम्मेलन को संबोधन करते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने समाज के लोगों से आग्रह किया की सामाजिक बुराइयों का त्याग करके बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए उन्हें अच्छी शिक्षा और संस्कार दें साथ ही अपनी सामाजिक एकता बनाएं रखें। समारोह में बड़ी संख्या में हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्र से तुरी समाज के लोगों ने भाग लिया और अपनी सामाजिक एकता बरकरार रखने का संकल्प भी लिया।

### बेडक्का नारायणपूर में झुंड से बिछडे हाथी ने खुब मचाया उत्पात

**टाटीझरिया** : टाटीझरिया प्रखंड के बेमक्का नारायणपुर में झुंड से बिछडे एक हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। अमनारी के कपसा गढ़ा की ओर से आए गजराज ने नारायणपुर में डोमन महतो घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गया और घर में रखे चावल को चट कर गया। इसके अलावे नारायणपूर के दशरथ महतो, महावीर महतो, संजय प्रसाद कुशवाहा, तेजो महतो, महेन्द्र प्रसाद, कमल महतो समेत अन्य किसानों के बाडी में लगे मकई और सब्जियों की फसल को खाया और इसे रौंदते हुए बेडमक्का बांध की ओर कूच कर गया। वही बेडमक्का मे बनै पैक्स गोदाम का सटर दरवाजा तोड दिया, जिसमे पैक्स अध्यक्ष राजेश रंजन ने अपने बिभाग कार्यालय मे लिखित आवेदन देकर सूचित किया है वही हाथी आने से नारायण पुर के ग्रामीण दहशत में हैं। इसलिए बेडमक्का, सिमराढाब, महुआटांड, महुअरी, खैरा, करमा, सिझुआ, करंबा, पूतो, कारीचट्टान समेत आसपास के गांव वालों को अलर्ट कर दिया गया है। वहां के ग्रामीणों ने वन बिभाग से मदद की गुहार लगाया है हाथी इसी क्षेत्र मे दो दिन से जमे हुए हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई

**पाकुड़ :** जिले भर में रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। उपायुक्त श्री वरुण रंजन, सिविल सर्जन डॉ० मंटू कुमार टेकरीवाल, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, प्रशासक, नगर परिषद श्री कोशलेश कुमार यादव ने पुराने सदर अस्पताल परिसर में बच्चों को पोलियों खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की 1 लाख 89 हजार 342 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने किया चियांकी गांव का दौरा

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के चियांकी गांव में ग्रामीणों के अनुरोध पर उनको साथ लेकर जोरही बांध और धांगरगढ़वा स्थल का निरीक्षण किया जहां ग्रामीणों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पाया कि प्लॉट नंबर 1196 शिव रतन सिंह के नाम से 1951- 52 के समय सरकार के द्वारा रैयतों को बंदोबस्त किया गया था उसके बाद मालगुजारी रसीद कट्टा और उसी के आधार पर शिव रतन सिंह के बंसज उस जमीन को जोतकोड़ कर खेती कर रहे थे लेकिन आज वर्तमान समय में उक्त भूमि को वित्त मंत्री वित्त रामेश्वर उरांव के भतीजा उमेश उरांव ने कल्याण विभाग सरकारी निधि का दुरुपयोग करते हुए चारदीवारी कर जमीन को कैद कर दिया। डैम का पानी का निकासी मार्ग को भी बंद कर दिया गया। जिससे उमेश उरांव के वंशज आदिवासियों के राज में भी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उमेश उरांव के मुखिया पुत्री बींको उरांव भी चेरो लोगों का जमीन हड़पने में भागीदार है। आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जांच टीम जिसमें जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी के अलावा नगर सचिव सुरेश ठाकुर नौजवान संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी ने स्थल का निरीक्षण भी किया ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### छात्र -छात्राओं के बीच प्रोत्साहन राशि का वितरण

**पाकुड़ :** प्रखंड के पोखरिया गांव में रविवार को दी ओम फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के बीच प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। प्रोत्साहन राशि का वितरण ट्रस्ट के देवघर शाखा प्रमुख पंचानन ठाकुर एवं भाजपा नेता दुर्गा मरांडी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। चयनित छात्रों में स्वीटी मरांडी,नेहा कुमारी,निम्मी कुमारी,शांति कुमारी,नेहा कुमारी के बीच प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी पवन भगत,गिरधारी साह,जिसु बेसरा, किसन बेसरा,सिधो टुडू, दीनानाथ दास,सुनील किस्कु,बबलू साह के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

### बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत झरगड़ा पंचायत के पासवान टोला में सैकड़ों बच्चों के बीच हुसैनाबाद के युवा समाजसेवियों ने कॉपी, रबर, कटर, पेंसिल समेत अन्य पठन-पाठन सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर साइंस वाले सूरज सिंह, युवा समाजसेवी अनुराग कुमार उर्फ राहुल बाबू, रौशन पासवान एवं ओमप्रकाश मिश्र ने संयुक्त रूप से बताया कि हमलोग समाज में सकारात्मक पहल जगाने के उद्देश्य से यह कार्य कर रहे हैं, क्योंकि ह्लपढ़ेगा हुसैनाबाद, तभी बढ़ेगा हुसैनाबादह्व। आगे उन्होंने कहा कि हमसे जितना बन पड़ेगा, हमलोग आगे भी इसी तरह से बढ़-चढ़कर सामाजिक कार्य करेंगे। इस मौके पर उमेश पासवान, लालजी पासवान, विशुन पासवान, रोहित पासवान, विकेश पासवान, सुरेंद्र पासवान, अखिलेश पासवान, अजीत पासवान, अंकित कुमार आदि ग्रामीणों ने इनके कार्यों की खूब सराहना की। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

---

**चर्चा** — बिहार के पुलिस महकमें में चर्चा और अटकलबाजियों का दौर जारी

# पासिंग परेड की सलामी नहीं ली आईपीएस अधिकारी अरविंद पांडेय ने

- बिहार पुलिस की अंदर की राजनीति को फिर से झकझोर दिया है
- वर्तमान सैलरी पर भी सरकार ने कैंची चला दी

**दीपक नौरंगी**



**भागलपुर:** बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी अरविंद पांडेय सेवानिवृत्त हो गये। वह डीजी के पद से रिटायर हुआ हैं लेकिन इस रैंक के तमाम अधिकारियों को दिया जाने वाला पासिंग परेड की सलामी उन्होंने नहीं ली। इस बारे में उन्होंने खुद आईपीएस अधिकारियों के व्हाट्सएप समूह में इस बारे में निजी कारणों का हवाला देते हुए कहा है कि भविष्य में जब कभी किसी दूसरे वरीय अधिकारी का पासिंग परेड होगा तो वह अवश्य उसमें शामिल होंगे।

दूसरी तरफ इस एक घटना ने बिहार पुलिस की अंदर की राजनीति को फिर से झकझोर दिया है। चूंकि वह अपनी नौकरी में बिहार और झारखंड के अनेक जिलों में सेवारत रहे हैं। इसलिए इन जिलों में पदस्थापित छोटे बड़े पुलिस वाले भी इस घटना के कारणों की आपस में चर्चा कर रहे हैं। एक सेवानिवृत्त आईपीएस ने कहा कि निजी कारणों से पासिंग परेड में शामिल होने का कोई औचित्य समझ में नहीं आता है। लेकिन इस एक घटना ने बिहार की सुशासन बाबू की सरकार पर नये सिरे से सवाल खड़े कर दिये हैं। दरअसल अपने सेवाकाल में श्री पांडेय ने कई अवसरों पर सत्तारूढ़ दल के नेताओं के खिलाफ भी बेहिचक कार्रवाई की है।

उनके साथ काम कर चुके कुछ कनीय संवर्ग के अधिकारी मानते हैं कि दरअसल बिहार में उनके साथ जो अन्याय हुआ, वह शायद वह भूल नहीं पाये। राज्य में डीजीपी बनने में सबसे आगे होने के दौरान ही उनके साथ राजनीति हुई। इस कारण 23 साल पुराने मामले में नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार कैडर के सीनियर आईपीएस अधिकारी अरविंद पांडेय के ऊपर बड़ी कार्रवाई की। अरविंद पांडेय के सैलरी प्रमोशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया गया है। दो बार के सैलरी इंक्रीमेंट का लाभ अब इन्हें नहीं मिलेगा। मतलब साफ है कि दो बार के वेतन वृद्धि पर राज्य सरकार ने रोक लगा दी है। अरविंद पांडेय को मिल रही वर्तमान सैलरी पर भी सरकार ने कैंची चला दी। दरअसल, यह पूरा मामला 23 साल पुराना है। उस बिहार और झारखंड एक ही था। साल 1997 में आईपीएस अरविंद पांडेय पलामू जिले के एसपी थे। नक्सलियों ने मनातू के बीडीओ भावनाथ झा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोप है कि अरविंद पांडेय ने इस मामले में लापरवाही बरती थी। तभी से उनके खिलाफ डिपार्टमेंटल जांच चल रही थी।

अब जाकर सरकार ने कार्रवाई की है। इसके लिए संघ लोक सेवा आयोग की सहमति भी सरकार ने प्राप्त की थी। कुछ दूसरे लोग कहते हैं कि राज्य में डीजीपी के पद पर आरएस भट्टी के आने के बाद श्री पांडेय उनसे मिलने गये थे तो उन्हें लौटा दिया गया था। यह बात भी शायद उन्हें बहुत नागवार गुजरा था। जिस कारण उन्होंने पुलिस महकमे में मिलने वाले इस सम्मान के पासिंग परेड को भी अस्वीकार कर दिया।

---

## न्यूज फटाफट

### जिला परिषद अध्यक्ष ने कर्मियों से की योजनाओं पर चर्चा

**महेशपुर (पाकुड़) :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष जूली खिस्टमणि हेम्ब्रम एवं की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ने बारी- बारी से विभिन्न विभागों के अधिकारियों, प्रतिनिधि कर्मियों से चर्चा कर विभाग बार चल रहे विकास योजनाओं एवं किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लिया। समीक्षा के दौरान अंचल विभाग से आपदा राहत से संबंधित जानकारी ली गई। साथ ही इसका प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सांप काटने,पानी में डूब कर मरने तथा विद्युत की चपेट में आने पर भी आपदा राहत कोष से सहायता दिए जाने के बात बताया गया। जिस पर जिप अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारी को क्षेत्र में जाकर स्वयं निरीक्षण कर लोगों को राहत पहुंचाने तथा कार्य संस्कृति में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में चिकित्सक के द्वारा बताया गया कि सीएचसी में उपलब्ध जनरेटर बहुत पुराना है जो चुका है। अस्पताल का लोड नहीं ले पा रहा है। साथ ही धावाडंगाल, अमलागाछी, शहरग्राम, कुसुमडंगा आदि गांव में गाड़ी से धूल उड़ कर काफी प्रदूषण होता है। वहां एएनएम आदि को भेजकर उचित चिकित्सा करने का निर्देश दिया गया। बाल विकास परियोजना कार्यालय की समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई कि कन्यादान योजना का आवेदन लिया जा रहा है। इस पर जिप अध्यक्ष ने महिला पर्यवेक्षिकाओं को सभी आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे को पढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी महिला प्रवेशिकाओं को क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग के द्वारा जानकारी दी गई कि प्रखंड के 256 विद्यालयों में 15 जुलाई से नए नामांकन का कार्य प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना के तहत प्रखंड में 80 सीट है। जिसमें 12 हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी। एनीमिया का स्तर बढ़ाने के लिए विद्यालय में सप्ताह में एक दिन गोली भी दी जाती है। सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सभी 33 पंचायत में लैम्प्स है। सभी जगह गोडाउन नहीं है। मात्र एक सौ कुंटल धान खरीदा गया है। बैठक में उपस्थित नहीं होने को लेकर कृषि विभाग,स्वर्ण लता इंडेन गैस एजेंसी तथा वन विभाग कार्यालय को स्पष्टीकरण पूछे जाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में प्रखंड प्रमुख शुभलक्ष्मी मुर्मू, बीडीओ उमेश मंडल, उप प्रमुख नसीमा खातून, जिला परिषद सदस्य सामसुन मुर्मू, वेदनाथ कोड़ा के अलावे विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि कर्मी उपस्थित थे।

---

## केजीबीवी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया गया. प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला के उत्कृष्ट तीन विद्यालयों में शनिवार नए सत्र की पढ़ाई भी शुरू की गई। इसके लिए तीनों विद्यालयों में नए नामांकित छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव मनाया गया. जिसमें शामिल स्कूल 1.पाकुड़ राज प्लस टू विद्यालय, पाकुड़ के नोडल पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक श्री मुकुल राज, 2.राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पाकुड़ के नोडल पदाधिकारी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती जूही रानी एवं 3.कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पाकुड़ का नोडल पदाधिकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी, रजनी देवी को राज्य अस्तर से मनोनित किया गया है। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से वातार्लाप किया। और अभिभावकों को बताया गया कि सभी बच्चों को ससमय स्कूल भेजें ताकि छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर सके और सही तरीके से सभी नियमों का पालन कर सके और भविष्य में अच्छे मुकाम को हासिल कर सके।

## नशे की चपेट में युवा पीढ़ी, बर्बाद हो रहे परिवार

**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** नशीली वस्तुओं का व्यापार करने वाले माफियाओं की बल्ले-बल्ले हो रही है।वहीं नशा करने वालों के परिवार बर्बाद होते जा रहे हैं।इसके अलावा लोगों को नशे के अंधेरे में धकेलने वाले धंधेबाज चांदी काटते रहे हैं। नशीली वस्तुओं का व्यापार करने वालों का हौसला बुलंद हैं।इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें कहीं न कहीं से पूरा संरक्षण मिलता है।जिसके चलते नशे का अवैध कारोबार करने में किसी भी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता है। कई गणमान्य लोगों ने बताया कि शुरूआती शौक में नशा करने और उसके बाद नशे का आदी होने वाले लोगों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है।इसके अलावा ऐसे परिवारों की भी कमी नहीं है, जिनके परिवार के कुछ सदस्यों को नशे की लत लगी और उसके बाद पूरा घर परिवार बर्बाद हो गया। बताया कि कि अवैध शराब का व्यापार करने वाले माफिया नशा छुड़वाने की मुहीम को पूरा होने में सबसे बड़ा बाधक हैं।विदित हो कि नशे की लत पड़ जाने के बाद नशेड़ी किसी भी हद तक जाने से पीछे नहीं हटते।कई लोगों ने बताया कि नशे के आदि हो चुके नशेड़ी चोरी, छीना-झपटी सहित कई असामाजिक हरकतों से बाज नहीं आ रहे।जबकि नशे का व्यापार करने वाले दिन-दोगुनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। हरिहरगंज व छतरपुर सीमावर्ती क्षेत्रों से वर्षों से व्यापक पैमाने पर अवैध शराब का धंधा फल फूल रहा है।इस पर अंकुश लगाने में उत्पाद विभाग के अधिकारी नाकाम रहे हैं। ऐसे में कई बार माफिया और उनके गुर्गे तस्करी करते हुए पकड़े भी जाते हैं,लेकिन मिलीभगत के चलते कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। यही कारण है कि धंधेबाज बेखौफ होकर नशे के इस धंधे को चला रहे हैं और लोगों को बबार्दी की ओर धकेल रहे हैं।

---

### छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा से नहीं रहेंगे वंचित: उपायुक्त



**पाकुड़ :** पिछले दिनों जूनियर झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले के दो खिलाड़ी संगीता मरांडी, सरस्वती मुर्मू ने कांस्य पदक जीता। वहीं राज्यस्तर पर अंडर-16 क्रिकेट में अर्जुन गोस्वामी का चयन हुआ। उक्त तीनों खिलाड़ियों को जिला प्रशासन एवं बीजीआर एंड इंफ्रा लिमिटेड के द्वारा दस- दस हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन पाकुड़ एवं बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से शनिवार को धनुषपूजा मध्य विद्यालय में एंडवेर अकादमी का शुभारंभ उपायुक्त श्री वरुण रंजन व निदेशक बीजीआर श्री रोहित रेड्डी के द्वारा किया गया। उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि पाकुड़ में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कोचिंग का शुभारंभ किया गया है। एंडवेर अकादमी निःशुल्क कोचिंग संस्थान का उद्देश्य प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागियों को प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से रोजगार मुहैया कराया जा सके। उक्त अकादमी में प्रथम बैच के छात्र-छात्राओं के बीच मुफ्त में अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराया गया। प्रतिभावान विद्यार्थी पीछे न रह जाए।विशेष तौर पर जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना इस कोचिंग संस्थान का मकसद है। अब पैसे के अभाव में कोई भी प्रतिभावान छात्र प्रतियोगी परीक्षा से वंचित नहीं रहेंगे। जिसमें छात्रों को स्टडी मटेरियल भी फ्री में दिया गया है। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि आप में जो भी प्रतिभा है उसका इस्तेमाल करते हुए आप ना केवल अपना बल्कि पूरे पाकुड़ जिले का नाम देशभर में रोशन करें। इस तरह की पहल आप सभी के लिए इसलिए खास है। आप सभी मन लगाकर पढ़ें एवं जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई इस सेवा का पूरा-पूरा लाभ लें। उपायुक्त ने कहा कि छात्र अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा को बिना झिझक अपने शिक्षक से पूछकर दूर करें। कार्यक्रम के दौरान डीसी ने कहा कि कोई बच्चा किसी से कम नहीं है, अगर आप सभी अपनी क्षमता के अनुसार ईमानदारी से प्रयास कर अपना शत प्रतिशत देंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। इसके अलावा उपायुक्त ने धनुषपूजा मध्य विद्यालय में एंडवेर अकादमी क्लास रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला स्थापना उप समाहर्ता विकास कुमार त्रिवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, पचुवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस के उप महाप्रबंधक वेनकटा नारायणा, एसएमपीओ पवन कुमार, जिला एथलेटिक्स संघ सचिव रणवीर सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना



**मेदिनीनगर :** शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित माता हीरामणि सेवा संस्था के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के घर से माता हीरामणि सेवा संस्था के 150 सदस्यों को देवघर बाबा धाम के लिए रवाना किया गया । पलामू सांसद विष्णु दयाल राम , पूर्व विधानसभा स्पीकर इंद्र सिंह नामधारी , पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ,एसडीएम राजेश साह, एसडीपीओं सुरजीत कुमार ,माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव,समाज सेवी अनिल साहू,भाजपा नेत्री लवली गुप्ता,आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य बबलू गुप्ता,कांग्रेस युवा नेता रुद्र शुक्ला , अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल,कंचन अग्रवाल,पूर्व सांसद बृज मोहन राम,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह समेत कई लोगो ने हरी झंडी दिखाकर शिविर के सदस्यो को किया रवाना । आपको बता दे कि वर्ष 1998 से माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा देवघर बाबा धाम में कांवरियों को निशुल्क सेवा की जाती है कोरोना काल मे सिर्फ दो साल सेवा बंद थी लेकिन कोरोना काल समाप्त होने के बाद पुनः सेवा को शुरू कर दी गई । माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा सेवा भाव से कांवरियों की सेवा को जाती है और पूरे सावन महीने सेवा की जाती है ।वही माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा कांवरियों को निःशुल्क भोजन,कपड़े , दवा समेत हर जरूरत की वस्तुओ को उपलब्ध कराई जाती है । वही महिलाओं और पुरुषों को रहने के लिए अलग से ब्यवस्था की जाती है । माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा लगभग 300 सदस्य दिन रात कांवरियों की सेवा में लगे रहते है साथ ही माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा बड़े बड़े कलाकरों के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन कराया जाता है।

---

## पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी साहिबगंज के तीन चोर गिरफ्तार



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** नगर क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी के मद्दे नजर पाकुड़ पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। दो चोरी कांड का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 30 मई 2023 को मनोज रामजी चौहान मनोज पुस्तक भंडार के आवास एवं 5 जून 2023 शिवपुरी कॉलोनी तलवा डांगा में चोरी हुई थी। इस संबंध में पाकुर नगर थाना में कांड संख्या 116 /23 धारा457 /380 दिनांक 1/6/23 एवं कांड संख्या 125 भारतीय दंड विधान की धारा 457/ 380 दिनांक 6/ 6/23 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा एक विशेष अनुसंधान टीम की गठित कर थाने के रिकॉर्ड एवं गुप्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर इवरारशेख उर्फ लाला(25) पिता तस्वर शेख जंगली पीर तल्ला हीरा नंदनपुर पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया उसके निशानदेही पर मोहम्मद आसिफ अंसारी उर्फ अंशु (22) ग्राम अंजुमन नगर साहिबगंज, मोहम्मद सारिफ अंसारी(23) हबीबपुर साहिबगंज को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि जब पाकुड़ में चोरी करना होता था तो इनके द्वारा साहिबगंज के टीम को बुलाया जाता था,और पाकुर की टीम इनकी रेकी करती थी और जब साहिबगंज की चोरी करना होता था तब साहिबगंज की टीम रेकी करते थे और यह लोग पाकुर से जाकर साहिबगंज में विभिन्न इलाकों में चोरी करते थे। मनोज चौहान के घर चोरी करने की खबर सरफराज अंसारी ने फोन पर साहिबगंज की टीम को बताया कि एक घर को रेक कर रखे हैं। 5 जून को तलवा डागा चोरी का अंजाम देने के लिए इसी तरह से फोन पर बुलाया गया एवं कर चोरी किया गया। विशेष अनुसंधान टीम द्वारा पहले शरीफ अंसारी व इवरार को गिरफ्तार किया गया इन दोनों अभियुक्तों के निशानदेही पर पाकुड़ पुलिस साहिबगंज जाकर अंजुमन नगर के मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार किया।

### छह मृतक के आश्रितों को जीप सदस्य ने दिया खाद्य सामग्री का सहयोग



**बेरमो /उपरघाट :** रविवार एंव बीते कल डुमरीविधानसभा क्षेत्र के नावाडीह प्रखंड उपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने छःमृतकआश्रितकोश्राद्धकर्म के लिए आजसू केंद्रीय मुख्यालय सचिव टिकैत कुमार महतो के सहयोग से खाद्य सामग्री का छोटा सा मदद किया गया। इस नेक कार्य को युवा आजसू नेता दिनेश कुमार महतो दिलीप महतो सुरेश कुमार महेंद्र महतो सूरज यादव के द्वारा मृतकों के आश्रित पहुँचाया गया।

## शहीद अमरजीत बलिहार को दी गई श्रद्धांजलि

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़:** तेजतर्रार पाकुड़ के तत्कालीन एसपी शहीद अमरजीत बलिहार को संहरणालाय के समीप बने स्मृति पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर जिले के उपायुक्त बरुन रंजन, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद सहित पुलिस संघ के अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन रखा तथा शहीद अमरजीत बलिहार के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर पुलिस लाइन के जवानों ने बलिहार को शस्त्र सलामी दी। शहीद एसपी के परिवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.। इस अवसर पर उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि शहीद अमरजीत बलिहार बहुत ही काबिल और तेजतर्रार एसपी थे। 2 जुलाई 2013 को तत्कालीन पुलिस उपमहानिरीक्षक दुमका प्रिया दुबे के बैठक से भाग लेकर पाकुड़ लौटने के दौरान दोपहर करीब 1:30 काठी कुंड के जमुनी जंगल के पास नक्सलियों ने मुख्य सड़क अचानक वाहन को रोककर उन पर हमला कर दिया। ताबड़तोड़ गोलियां चलाई ।नक्सली मुठभेड़ में दोनों तरफ से फायरिंग हुई जिसमें एसपी अमरजीत बलिहार और उनके अंगरक्षक चालक सहित 7 लोग शहीद हुए थे। ऐसे वीर बहादुर एसपी को मैं नमन करता हूं। इनकी शहादत कभी बेकार नहीं जाएगी। उनकी स्मरण में बनी स्मृति पार्क को और वृहद रूप दिया जाएगा। ज्ञात हो कि 14 अक्टूबर 1960 में जन्मे अमरजीत बलिहार बिहार रोहतास जिले के मूलनिवासी थे। 1983 में उन्होंने एम ए किया। 1986 में उन्होंने बीपीएससी परीक्षा पास की। बतौर डीएसपी पहली पोस्टिंग जहानाबाद में हुई इसके बाद मुंगेर कुटी जहानाबाद पटना राजगीर हवेली खड़कपुर लातेहार चक्रधरपुर फिर रांची पोस्टिंग हुई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से 2003 में वे आईपीएस बने। मई 2013 में उनकी पाकुड पोस्टिंग हुई। 2005 से 2007 में लगातार माओवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के पश्चात वे माओवादियों के हिट लिस्ट में थे। जब वह लातेहार में डीएसपी थे और नक्सलवाद के खिलाफ अपने कड़ी रुख के लिए लोकप्रिय थे। मई 2013 में पाकुड़ के एसपी का पदभार ग्रहण किए थे। अमरजीत बलिहार ने अपनी शिक्षा रांची में पूरी की थी । उनका परिवार रांची में रहता था ।उनके परिवार में एक पत्नी सुमनलता एक बेटा और दो बेटियां हैं। विदित हो कि तत्कालीन दुमका डीआईजी के बैठक से वापस आ रहे थे ।किसी अपनों ने दगा दिया। नक्सलियों ने उन्हें 2 जुलाई 2013 को काठी कुंड थाना क्षेत्र के जमुनी गांव के पास लगभग 50 की संख्या में चारों ओर से घेर कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी । जिसमें एसपी अमरजीत बलिहार सहित उनके अंगरक्षक एवं अन्य 5 जवान शहीद हो गए।

हादसा

## खेलने के दौरान मीरगंज पंचायत में हुई हृदय विदारक घटना

# कोडरमा में वज्रपात से दो बच्चों की मौत, चार की स्थिति गंभीर

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिले के सतगावां थाना अंतर्गत मीरगंज पंचायत के झरगांव में रविवार की दोपहर 3 बजे के करीब बारिश के पूर्व हुए वज्रपात से 2 बच्चों की मौत हो गयी। घटना में एक बच्चे की स्थिति गंभीर है, वहीं दूसरी जगह हुए वज्रपात में भी एक बच्चा और दो महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान थाली थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव निवासी फंटूश भुइयां की 8 वर्षीय पुत्री ऋतु कुमारी व मीरगंज पंचायत के झरगांव निवासी कुलेश्वर भुइयां के 5 वर्षीय पुत्र बालवीर कुमार के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल बच्चे की पहचान थाली थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव निवासी फंटूश भुइयां के 4 वर्षीय पुत्र सितम





कुमार के रूप में हुई है। मृतका ऋतु कुमारी व गंभीर रूप से घायल सितम कुमार सहोदर भाई-बहन है, जबकि मृतक बालवीर कुमार ममेरा फुफेरा भाई है। स्थानीय लोगों ने बताया सभी बच्चे अन्य दिनों की भांति घर के बाहर खेल रहे थे। खेलने के दौरान यह घटना घटी। बारिश के पूर्व ही एकाएक वज्रपात हुई और मौके पर ही एक बच्चे की मौत हो गई।

वहीं दूसरे की इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। परिजन वज्रपात से घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने ऋतु कुमारी व बालवीर कुमार को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल सितम कुमार का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की सूचना पाकर बीडीओ बैधनाथ उरांव व सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत कटैया में खेत में काम करने के दौरान वज्रपात से एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कटैया गांव निवासी मीना देवी (उम्र 50 वर्ष, पिता कुल्लू सिंह), गीता देवी (उम्र 40 वर्ष, पति अजय ठाकुर व बच्चे पीयूष कुमार (उम्र 12 वर्ष, पिता सुरेश प्रसाद यादव) के रूप में हुई है। इनका उपचार नवादा जिले के गोविंदपुर स्थित निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है।

## शहर >> अपडेट

### शिव मंदिर में भंडारा का आयोजन

**कुडू :** इंदिरा गांधी चौक कुडू के बिड़ला शिव मंदिर में कंठामृत रसधारा कीर्तन मंडली कटैया के मार्गदर्शन में आज शनिवार सुबह नौ बजे से रविवार नौ बजे तक अखंड हरिकीर्तन सह भंडारा का आयोजन किया गया है।इस मौके पर संरक्षक छत्रधारी प्रसाद, अध्यक्ष प्रेम प्रकाश वर्मा, सचिव राजेन्द्र साहू,शशि साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन आश्वासन पर हुआ समाप्त

**सतगावां :** प्रखंड के नासरगंज स्थित चेकपोस्ट के समीप रविवार को विभिन्न मांगों को लेकर समाजसेवी दीपेश अग्रवाल व अन्य लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी लोग भी शामिल हुए। धरना का मुख्य उद्देश्य वैधडीह स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को चेक पोस्ट के अंदर करने के साथ-साथ तेज वाहन चलाने वाले पर अंकुश लगाने, विभिन्न वाहनों की में जा रहे सामग्री की चालान जांच करने के साथ-साथ हर चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना था। धरना लगभग एक घंटे रहने के बाद बीडीओ बैधनाथ उरांव व थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के पहल पर समाप्त हुआ। सतगावां थाना में एक बैठक हुई जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने दल बल के साथ उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि वैधडीह स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को स्थानांतरण कर नासरगंज चेक पोस्ट के अंदर रहने के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखा जाएगा। तेज रफ्तार वाहन चलने वाले पर अंकुश लगाया जाएगा। साथ ही साथ हर चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए जिला प्रशासन को लिखा जाएगा तथा वाहनों की जांच सक्रिय रूप से की जाएगी।

### होटलों में छापेमारी, शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सतगावां :** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने दो अलग-अलग होटलों में छापेमारी कर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।जिसमें दिल्ली होटल पोखराडीहा से संजीवन कुमार पिता राजेंद्र चौधरी ग्राम गोविंदपुर निवासी तथा अपना होटल खीराकला से अजय कुमार पिता लाल बिहारी प्रसाद यादव के साथ अंग्रेजी शराब के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को शराब समेत उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में कोडरमा भेज दिया गया है।

# संयुक्त प्रतिपक्ष मोर्चा भगत सिंह का जन्मोत्सव मनायेगा



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संयुक्त प्रतिपक्ष मोर्चे की एक बैठक झुमरीतिलैया वार्ड नंबर 25 स्थित भारत नौजवान सभा कार्यालय में हुई। बैठक में पिछले डेढ़ साल चले किसान आंदोलन समेत अन्य आंदोलनों की समीक्षा हुई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। भाकपा केंद्रीय समिति सदस्य महादेव राम ने आगामी 28 सितंबर को शहीद-ए-आजम राष्ट्र नायक भगत सिंह का जन्म महोत्सव भव्य रुप से मनाने का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन किसान नेता महेश सिंह समेत अन्य साथियों ने किया। वरिष्ठ माकपा नेता असीम सरकार ने सांस्कृतिक जत्था का निर्माण कर उसी के द्वारा सांस्कृतिक आयोजनों का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन माकपा नेता रमेश प्रजापति समेत अन्य साथियों ने किया। झामुमो नेता श्यामदेव यादव ने हर प्रखंड में इस कार्यक्रम को संपन्न करने का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन भारत नौजवान सभा के धीरज यादव एवं चरणजीत सिंह ने किया। बसपा जिला अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों के बाद झुमरीतिलैया में एक बड़े कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा जिसका सभी साथियों ने समर्थन किया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दामोदर यादव ने जयंती समारोह के अलावा भी आम जनता के मुद्दों पर आंदोलनों का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन आप नेता राजेंद्र माझी समेत अन्य साथियों ने किया। भारत नौजवान सभा के वरिष्ठ साथी प्रेम पांडे एवं विनोद विश्वकर्मा ने अगली विस्तारित बैठक आगामी 19 जुलाई को झुमरीतिलैया शिव वाटिका में अपराहन 1 बजे से रखने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। अध्यक्षता और धन्यवाद ज्ञापन क्रमशः भारत नौजवान सभा के संयोजक उदय द्विवेदी एवं इसी संगठन के वरिष्ठ साथी महावीर शर्मा ने किया। सर्वसम्मति से यह भी तय हुआ की अगली बैठक में बाकी के विपक्षी दलों को भी सम्मिलित किया जाएगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शाहनवाज चौधरी भारतीय चार से झारखंड के दौरे पर

**कोडरमा :** झारखंड के वैसे लोग जो आर्थिक रूप से परेशान है लोन या कर्जा नहीं दें पा रहे है और रिकवरी वाले जिन्हें बहुत परेशान कर रहे है, वो 4 से 6 जुलाई के दौरे पर शाहनवाज चौधरी भारतीय से मिल सकते हैं। झुमरीतिलैया स्थित कर्जा मुक्ति केंद्र के संयोजक विशाल भदानी ने बताया कि 4 जुलाई को शाहनवाज चौधरी भारतीय रांची और फिर बरही पहुंचेंगे। वहीं 5 जुलाई को झुमरीतिलैया में और फिर 6 जुलाई को गोड्डा में रहेंगे। वे पूरे भारत मे कर्ज मुक्त अभियान चला रहे हैं और इसी के तहत उनका तीन दिनों के लिए झारखंड के दौरा है। इस दौरान उन्हें लोग अपनी समस्या बता सकते है, जिन लोगो ने ऑनलाइन कर्जा माफी का फॉर्म भरा है वो अपना फाइल नम्बर भी ले सकते हैं।

### घर की मरम्मति के दौरान गिरने से एक व्यक्ति घायल

**कोडरमा :** रविवार को हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के करमा से एक घायल व्यक्ति अपना इलाज कराने सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचा। घायल मोहम्मद मंसूर (उम्र 47 वर्ष पिता जमीर मियां) के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद मंसूर अपने खपड़े के घर की मरम्मति कर रहे थे। इस दौरान संतुलन बिगड़ने पर वह नीचे गिर कर घायल हो गए। जिसमें उनके सिर, आंख, पेट समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे जहां इलाज चल रहा है।

# गायत्री चेतना केंद्र में गायत्री चालीसा का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड में गायत्री चेतना केंद्र मंदिर ब्लॉक रोड जयनगर में भूमि पूजन समारोह सह गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर प्रातः 8 से विधिवत पूजा अर्चना कर गायत्री चालीसा, अखंड जाप एवं संध्या दीप महायज्ञ का आयोजन किया। गायत्री चेतना केंद्र के सचिव हीरामन मिस्त्री ने बताया कि गायत्री परिवार की युग निर्माण योजना के विचार क्रांति अभियान के अंतर्गत एक राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक अभियान में व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर चलकर 3 जुलाई को भूमि पूजन समारोह सह गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। मौके पर गायत्री चेतना केंद्र के अध्यक्ष राम कृष्ण पंडित, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, सचिव हीरामन मिस्त्री, कोषाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद मोदी, सरंक्षण बिरेंद्र कुमार, अर्जुन राम, महावीर यादव, अर्जुन चौधरी, छोटन साव, बाबूलाल साव, दुखी चौधरी, रघुनंदन मोदी, सच्चिदानंद प्रसाद, त्रिभुवन राम, मनोज रजक, कृष्णा साव, दुर्गा देवी, रीना देवी, ममता देवी, कविता देवी, गुड़िया देवी, मीणा साव, सीमा देवी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

# सेवा भारती ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 55 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,प्रोफेसर परमानंद प्रसाद अग्रवाल व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किए,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया।आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 41 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। प्रो०परमानंद प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाना बहुत ही सराहनीय कार्य हैं,मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं और मैं इन सभी के कार्यों से बहुत प्रभावित हूं,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बदलते मौसम एवं बरसात में बच्चे एवं बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है,घर के आसपास पानी का जमाव ना रहे उससे मच्छर का प्रकोप बढ़ता है जिससे की डेंगू आदि कई बीमारियां होने का डर बना रहता है,खाने पीने की चीजें को हर समय ढक कर रखें और समय-समय पर अपना स्वास्थ्य की जांच करवाते रहें है,सहसचिव संजय चौधरी एवं शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से चल रहे इस प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अब तक 1820 लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है।

आस्था

## कोडरमा : सावन में 777 सीढ़ी चढ़कर करेंगे भोलेनाथ का दर्शन

# इस बार 59 दिनों का है सावन

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** हिंदू धर्म में सावन महीने का अपना खास महत्व होता है। यह भी मान्यता है कि सावन महीना में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अराधना और व्रत के लिए समर्पित होता है। साथ ही धर्म-कर्म के लिए भी सावन को बहुत शुभ महीना माना जाता है। इस साल सावन का महीना शिवभक्तों के लिए बहुत ही खास रहने वाला है। कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी मंदिर समेत झुमरीतिलैया, डोमचांच, मरकच्चो, जयनगर, चंदवारा आदि स्थित शिव मंदिरो में सावन माह को लेकर अधिक भीड़ आने की संभावना है। इसे लेकर मंदिर समितियों द्वारा विशेष प्रबंध किया जा रहा है, ताकि भीड़ होने पर



लोगों को परेशानी ना हो। पंचांग के अनुसार सावन इस बार पूरे दो महीने का होगा और शिवभक्त इस दो महीने भगवान शिव की आराधना करेंगे। जबकि सावन में आठ सोमवार का व्रत रखा जाएगा। दरअसल इस साल सावन 59 दिनों का होगा, जबकि आमतौर पर हर साल सावन का महीना 30 दिनों का होता है और सावन में चार-पांच सोमवार के व्रत रखे जाते हैं। लेकिन इस बार पंचांग विक्रम संवत 2080 में अधिकमास पड़ रहा है, जिसमें इस साल पूरे 13 महीने होंगे और सावन 59 दिनों का होगा। ऐसा संयोग 19 साल बाद पड़ा है, जिसमें सावन दो महीने का होगा।

**जाने कब शुरू होगा सावन**

इस साल मंगलवार 4 जुलाई से सावन की शुरूआत होगी। इसका समापन गुरुवार 31 अगस्त को होगा। ऐसे में सावन पूरे 59 दिनों का होगा। इस बाबत ध्वजाधारी मंदिर के प्रागण में महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने कहा कि वैदिक पंचांग की गणना में सौर और चंद्र मास के आधार पर एक चंद्र मास में 354 दिनों का होता है। सौर मास में 365 दिनों का सौर और चंद्र मास में 11 दिनों का अंतर होता और ऐसे में तीन साल के अंतराल में यह कुल 33 दिनों का हो जाता है। इस तरह से हर तीसरे साल के बाद यानी चौथे साल में इन्हीं 33 दिनों का एक अतिरिक्त महीना बन जाता है। इन 33 दिनों के समायोजन को ही अधिकमास कहते हैं। इस बार अधिकमास का समायोजन सावन के दो महीने से होगा। वैसे तो सावन का हर दिन शिवजी की पूजा के लिए समर्पित होता है। लेकिन सावन में पड़ने वाले सोमवार का विशेष धार्मिक महत्व होता है। सावन के सोमवार को सोमवारी व्रत भी कहते हैं।

पहला सोमवार - 10 जुलाई, दूसरा सोमवार-17 जुलाई, तीसरा सोमवार- 24 जुलाई, चौथा सोमवार- 31 जुलाई, पांचवा सोमवार-07 अगस्त, छठा सोमवार-14 अगस्त, सातवां सोमवार- 21 अगस्त, आठवां सोमवार- 28 अगस्त ।

## न्यूज फटाफट

### पेड़ की डाली गिरने से महिला घायल



**कोडरमा :** रविवार को जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के रविवार को देवीटांड में लकड़ी तोड़ने के दौरान एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला के परिजन घायल को इलाज के लिए लेकर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। घायल महिला की पहचान कामीदा खातून (उम्र 55 वर्ष, पति अब्दुल हमिद अंसारी, ग्राम देवीटांड) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कामीदा खातून एक सूखे पेड़ की टहनियों को तोड़ रही थी। इस दौरान पेड़ की टहनी का एक बड़ा हिस्सा उसके ऊपर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद आनन फानन मे सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। इलाज करके बेहतर इलाज के लिए महिला को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### अवैध शराब के खिलाफ चला छापामारी अभियान



**कोडरमा :** जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर डुमरियाटाड जंगल मे तीन भट्टी और छोटकीबागी मे गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के भट्ठियों को नष्ट किया गया। थाना क्षेत्र के डुमरियाटाड और छोटकीबागी जंगल में कई वर्षो से अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के ठिकाने पर छापामारी कर उक्त भट्टी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस ने लगभग 10 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट करते हुए दो दर्जन से भी अधिक ड्रम और शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के ठिकाने पर अभियान के तहत छापेमारी कर इस धंधे में शामिल लोगों पर अंकुश लगाया जाएगा। भनक लगते ही शराब बनाने वाला संचालक फरार हो गया। छापामारी दल में पुलिस बल के जवान भी शामिल थे।

### जयनगर में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**जयनगर :** प्रखंड के जयनगर पश्चिमी पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा जयनगर प्रखंड कमेटी की बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह एवं संचालन प्रखंड सचिव विनय राणा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जयनगर प्रखंड में हो रहे भ्रष्टाचार के राज्य सरकार को लिखित आवेदन दिया जाएगा, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज जयनगर को बिना सरकारी आदेश के उद्घाटन करना इसकी सूचना सरकार तक पहुंचाना, जयनगर प्रखंड में 10 हजार सदस्य बनाने पर विचार विमर्श किया। वहीं पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाना है और क्षेत्र में छोटी छोटी जो भी समस्याएं हैं उन्हें मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। बीस सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जयनगर प्रखंड के कार्यकर्ता एवं जनता का समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो आंदोलन के लिए पार्टी बाध्य होगी।वहीं जिला सचिव वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान शीघ्र जयनगर प्रखंड में सुचारू रूप से चालू किया जाएगा।

### अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह की ओर से प्रतिभा सम्मान-समारोह का आयोजन

**बेरमो :** भाजपा नेता सह शांति श्याम फाउंडेशन अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह की ओर से 10 वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण बेरमो के मेधावी विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान-समारोह का आयोजन रविवार को बेरमो के फुसरो स्थित अवघ बैकेट हॉल में किया गया। इस सम्मान समारोह में इस वर्ष दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बेरमो विधानसभा के विभिन्न विभिन्न विद्यालयों के लगभग छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि ढोरी जीएम एम के अग्रवाल और कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ शकुंतला कुमार, श्रमिक नेता देवतानंद दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर किया। उद्घघाटन के पश्चात प्रकाश कुमार सिंह के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने सफल छात्रों को उपहार,फाइल एवं शैक्षणिक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी और निरंतर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को कहा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये विद्यार्थी निश्चय ही भविष्य में इससे भी बड़ी सफलताएं अर्जित करेंगे। बच्चे लगन और मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण कर देश व राज्य का नाम रोशन करें।

### बोकारो जिला टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति ने बेरमो विधायक आवास के समक्ष दिया धरना

**बेरमो :** बोकारो जिला टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति ने रविवार को विधायक बेरमो कुमार जयमंगल सिंह के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आवास के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सभी टेट पास सहायक अध्यापको (पारा शिक्षक) को सहायक आचार्य नियुक्ति के पूर्व वेतनमान दिलाने की मांग की। तत्पश्चात एक प्रतिनिधि मंडल ने बेरमो विधायक के नाम निजी सचिव मिथलेश तिवारी एवं कांग्रेस के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दूरभाष पर बेरमो विधायक श्री सिंह से वार्ता हुई। इसमें विधायक श्री सिंह ने उन्होंने आश्वास्त कराते हुए कहा कि आपकी मांगों को लेकर सरकार गंभीर है। सरकार पर विश्वास रखें अपनी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से समिति का वार्ता कराने का भी आश्वान दिया। इससे पूर्व धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य के सहायक अध्यापक 20 वर्षो से लगातार अपनी सेवा देते आ रहे है और टेट पास सहायक अध्यापक एनसीटीई एवं एनईपी के तमाम अहत्ताओं को पूर्ण करते है। झारखंड सरकार के महाधिवक्ता ने लिखित राय सरकार को सौपी है। जिसमें उल्लेख है कि जेटीईटी पास सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) को वेतनमान दिया जा सकता है। इसमें कोई भी विधिक अड़चन नहीं है। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्णता के 10 साल पूरा कर चुके है। कहा कि पिछले दिनों कई उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा टेट पास सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षको) को सीधे वेतनमान देने की अनुशंसा किए है परंतु आज तक हम सभी टेट पास सहायक अध्यापकों को वेतनमान से वंचित रखा गया है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनाव में तीन महीने के अंदर वेतनमान देने का घोषणा किए थे। लेकिन आज साढ़े तीन साल बीत जाने के बावजूद टेट पास को वेतनमान नहीं मिलने से सहायक अध्यापकों में काफी आक्रोश व्याप्त है। जिसके कारण क्षुब्ध होकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

## न्यूज फटाफट

### 17वीं सीनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता हेतु टीम का चयन 5 जुलाई को

**रांची:** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में रांची जिला पुरूष-महिला टीम का चयन दिनांक 5 जुलाई (बुधवार ) को अपराह्न तीन बजे से साढ़े छः बजे तक लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में आयोजित की जाएगी। चयनित रांची जिला पुरूष-महिला खो-खो टीम 13 जुलाई को रांची से प्रस्थान करेगी।17वीं झारखंड राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता दिनांक 14 जुलाई से 16 जुलाई 2023 तक माघी बालिका उच्च विद्यालय, प्रखंड सिसई, जिला गुमला के प्रांगण में आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इस प्रतियोगिता में रांची जिला के इच्छुक कोई भी विधालय/महाविद्यालय/क्लब आप अपने यहां से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी या पूरी टीम को खुली चयन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेज सकते हैं। खिलाड़ियों को अपने साथ पंजीयन हेतु आधार कार्ड की छाया प्रति , जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं दो पासपोर्ट साइज कलर फोटो लेकर आना अनिवार्य है। इस खुली चयन प्रतियोगिता में पंजीकृत होने के लिए रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के प्रशिक्षक विवेक कुमार (7004818036) , संजय कुमार (8210862416), एवं सुभाष गांगुली (8260884220) से संपर्क कर सकते हैं।यह जानकारी रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दिया।

### राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे ऋतेश



**लंदन:** इंग्लैंड में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत के ऋतेश डोगरा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। द्रोणाचार्य भूपेन्द्र धवन के नेतृत्व में प्रशिक्षण हासिल करने वाले भारतीय खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में आठ स्वर्ण सहित 12 पदक हासिल किये। ऋतेश ने 90 किग्रा भार वर्ग की रॉ डेडलिफ्ट में 300 किग्रा भार उठाकर अपना नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कुल 767.5 किग्रा लिफ्ट करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। सुरेन्द्र सिंह (100 किग्रा) ने कुल 735किग्रा लिफ्ट करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। प्रभजीत सिंह बख्शी (110किग्रा) ने 670किग्रा भार उठाकर दो स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किया। गुलशन सैनी ने 75 किग्रा वर्ग में 512.5 किलो की कुल लिफ्ट की मदद से दो स्वर्ण और एक कांस्य अपने नाम किया। भूपेन्द्र धवन ने इस अभूतपूर्व जीत के लिये विजेताओं को बधाई देते हुए पिछले चार सप्ताह में उनकी कड़ी मेहनत और लगन को श्रेय दिया। टीम प्रबंधक सुजीत खत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी। सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर का खिताब जीतने के बाद ऋतेश ने कहा कि भारतीय टीम की सफलता का श्रेय उनके कोच द्रोणाचार्य भूपेन्द्र को जाता है जिनके मार्गदर्शन और तकनीकी ज्ञान ने उन्हें जीवन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये प्रोत्साहित किया।

### बैडमिंटन जूनियर एशिया चैंपियनशीप के लिए भारतीय टीम होगी इंडोनेशिया के लिए रवाना

**पंचकूला:** भारत की 18 सदस्यीय बैडमिंटन टीम यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में दो सप्ताह के कड़े प्रशिक्षण शिविर के बाद जूनियर एशिया चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मंगलवार को इंडोनेशिया के लिए रवाना होगी। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का आयोजन सात से 16 जुलाई तक इंडोनेशिया के योग्यकार्ता में होगा। चौदह दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों को खेल और फिटनेस प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा।इस शिविर का आयोजन आरईसी लिमिटेड, भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने मिलकर किया था। बीएआई महासचिव संजय मिश्रा ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ह्यह्यइस दो सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर ने टूनार्मेंट से पहले अच्छी तैयारी करने में मदद की है। मुझे विश्वास है कि इस शिविर ने टीम को एक-दूसरे से जुड़ने और एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने में भी मदद की है।ह्वह्व भारतीय टीम टूनार्मेंट में ग्रुप सी में है। इस ग्रुप में मलेशिया, बांग्लादेश और हांगकांग की टीमें भी है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेगी। भारत ने अतीत में दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और एक कांस्य पदक जीता है। पीवी सिंधू ने 2012 जबकि लक्ष्य सेन ने 2108 में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम: बालक एकल: लक्ष्य शर्मा, समरवीर, आयुष शेट्टी और ध्रुव नेगी।

**अनुमति** ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से रविवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार

# पीसीबी ने विश्व कप में हिस्सा लेने के लिये केन्द्र सरकार से मांगी मंजूरी

- पाकिस्तान को अपने नौ लीग मैच पांच आयोजन स्थलों पर खेलने हैं
- भारत को लेकर सरकार के रुख पर कोई स्पष्ट स्थिति नहीं है



एजेंसियां

**लाहौर:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की खातिर भारत आने के लिये प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़, गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर आधिकारिक मंजूरी मांगी है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से रविवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, पत्र में सलाह मांगी गयी है कि पाकिस्तान टीम को भारत की यात्रा करने की अनुमति है या नहीं और क्या पाकिस्तानी सरकार टोह लेने के लिये एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजना चाहती है। पाकिस्तान को अपने नौ लीग मैच पांच आयोजन स्थलों पर खेलने हैं। पीसीबी ने पाकिस्तान सरकार से पूछा है कि उसे इन आयोजन स्थलों से कोई आपत्ति है या नहीं। पीसीबी ने 26 जून को पत्र को एक आवशयक कदम के रूप में लिखा था क्योंकि किसी भी अन्य देश के दौरे के विपरीत, भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण भारत दौरे के लिये सरकार की अनुमति की आवश्यकता होती है। सरकार के लिये जवाब देने की कोई समय सीमा नहीं है लेकिन पाकिस्तान टीम सरकार की मंजूरी के बिना यात्रा नहीं करेगी। पीसीबी ने सरकार के साथ पाकिस्तान टीम के नौ लीग मैचों की जानकारी भी साझा की है, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाला मैच भी शामिल है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, पीसीबी ने कहा, पिछले मंगलवार को विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद हमने अंतर-प्रांतीय समन्वय (आईपीसी) मंत्रालय के माध्यम से अपने संरक्षक माननीय प्रधानमंत्री मोहम्मद शहबाज शरीफ को लिखा। विदेश मंत्रालय और आंतरिक मंत्रालय को भी पत्र लिखते हुए विश्व कप में भाग लेने की मंजूरी का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने 2016 पुरुष टी20 विश्व कप के बाद से भारत का दौरा नहीं किया है। दोनों टीमें एक दशक से किसी भी द्विपक्षीय शृंखला में भी आमने-सामने नहीं आये हैं और सिर्फ आईसीसी एवं एसीसी आयोजनों में मुकाबला करते हैं।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पहले ही सुझाव दिया था कि वह विश्व कप में टीम की भागीदारी का मूल्यांकन कर रहा है और उचित समय पर पीसीबी को अपने विचार से अवगत कराएगा। भारत को लेकर सरकार के रुख पर कोई स्पष्ट स्थिति नहीं है, लेकिन हाल ही में विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी लगभग 12 वर्षों में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) शिखर सम्मेलन के लिये भारत का दौरा करने वाले पहले उच्च स्तरीय पाकिस्तानी अधिकारी थे। प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ भी चार जुलाई को भारत की मेजबानी में वीडियो-कॉन्फ्रेंस प्रारूप में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रमुखों की परिषद (सीएचएस) की बैठक में भाग लेने वाले हैं। पाकिस्तान में सत्तारूढ़ सरकार का कार्यकाल अगस्त में समाप्त होने वाला है इसलिये पीसीबी की भारत यात्रा से जुड़ा फैसला अगली सरकार के आने तक टल सकता है। वर्तमान सरकार संभवतः इस स्तर पर औपचारिक घोषणा नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि 2016 में भी नवाज़ शरीफ़ की सरकार ने पीसीबी को भारत दौरे की मंज़ूरी अंतिम वक्त पर ही दी थी। पीसीबी ने पाकिस्तान टीम की सुरक्षा के संबंध में भारत सरकार से आश्वासन नहीं मिलने पर टी20 विश्व कप से हटने की धमकी दी थी, जिसके परिणामस्वरूप अंततः भारत-पाकिस्तान मैच धर्मशाला से कोलकाता स्थानांतरित करना पड़ा था।

वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी से चूकने वाले राज्य संघों के लिए बना प्लान

## बीसीसीआई ऐसे करेगा भरपाई



एजेंसियां

**नई दिल्ली :** भारत में इस साल होने वाले वनडे विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी से चूकने वाले स्थलों को आगामी घरेलू सत्र के दौरान उनकी बारी के बिना भी 50 ओवर के मैचों की मेजबानी मिलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने यह सुझाव रखा है कि विश्व कप मुकाबलों की मेजबानी करने वाले स्थल घरेलू सत्र के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी की अपनी बारी छोड़ देंगे जिससे कि उन राज्य संघों को भरपाई की जा सके जो इस प्रतिष्ठित आईसीसी टूनार्मेंट की मेजबानी से चूक गए हैं।राज्य संघों को लिखे पत्र में शाह ने सूचित किया है कि उनके प्रस्ताव को विश्व कप की मेजबानी करने वाले स्थलों के अधिकारियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया है जिसमें दिल्ली, धर्मशाला, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद, बेंगलुरू और लखनऊ शामिल हैं।

हालांकि विश्व कप के दौरान सिर्फ अभ्यास मैचों की मेजबानी करने वाले गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम को आगामी सत्र में मेजबानी का मौका मिलेगा। शाह ने इस हफ्ते की शुरूआत में विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा से पहले राज्य संघों के प्रमुखों से मुलाकात की थी।

शाह ने कहा, "हमारी बैठक के दौरान मैंने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के मैचों का उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए एक समाधान का प्रस्ताव रखा था। मैंने अभ्यास मैचों की मेजबानी करने वाले असम और केरल को छोड़कर अन्य मेजबान संघों से द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की अपनी बारी स्वैच्छिक रूप से छोड़ने का अनुरोध किया था" उन्होंने कहा, "यह प्रस्ताव उन राज्य संघों को समायोजित करने के लिए रखा गया था जो दुर्भाग्य से क्रिकेट विश्व कप के मैचों की मेजबानी करने से चूक गए थे।

## कमिंस ने पिंडली की चोट के साथ बल्लेबाजी नहीं करने को कहा था : लियोन



एजेंसियां

**लंदन:** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर नाथन लियोन को यहां इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान उनके कप्तान पैट कमिंस ने पिंडली की चोट के कारण बल्लेबाजी नहीं करने को कहा था लेकिन यह अनुभवी ऑफ स्पिनर टीम के अपने साथियों का समर्थन करने के लिए बल्लेबाजी करने उतरा।

अपना लगातार 100वां टेस्ट खेल रहे लियोन को लाड्र्स में दूसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के दौरान कैच लेने के प्रयास में दाएं पैर की पिंडली में चोट लगी थी। शनिवार को हालांकि वह मैच के चौथे दिन बल्लेबाजी करने उतरे और मिशेल स्टार्क के साथ अंतिम विकेट के लिए 15 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त को 370 रन तक पहुंचाया। लियोन चार रन बनाकर आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 279 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिा के 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक 114 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। लियोन ने रविवार को सेन रेडियो से कहा, पैट (कमिंस) ने शुरूआत में मुझे कहा था कि मैं बल्लेबाजी के लिए नहीं जाऊंगा।

## खेल जगत अपडेट्स »

### निकहत करेंगी एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजों की अगुवाई



**नयी दिल्ली:** दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन, रिकॉर्ड छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर 2023 तक चीन के हांगझोउ में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजी टीम का नेतृत्व करेंगे। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक और छह एशियाई चैंपियनशिप पदक जीतने वाले थापा 63.5 किलोग्राम वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी झोली में पहला एशियाई खेल पदक जोड़ना चाहेंगे। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोर्गोहेन 75 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। हाल ही में दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने वाली निकहत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना दबदबा जारी रखना चाहेंगी। तेलंगाना में जन्मी मुक्केबाज ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता और वह 50 किग्रा वर्ग में मुक्केबाजी करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''इस दुर्जेय टीम ने इस प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारी के लिये अथक परिश्रम किया है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे हमारे देश को गौरवान्वित करेंगे। भारत मुक्केबाजी परिदृश्य में परचम लहरा रहा है और उसने बड़े स्तर पर अपनी जगह बना ली है। हाल की विश्व चैंपियनशिप में हमारे मुक्केबाजों द्वारा असाधारण प्रदर्शन देखने के बाद हमें विश्वास है कि हम हांगझोउ में भी ऐसा ही कुछ देखेंगे।ह्व दीपक भोरिया 51 किग्रा फ्लाईवेट वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने हाल ही में ताशकंद में पुरुष विश्व चैंपियनशिप में 2021 विश्व चैंपियन साकेन बिबोसिनोव को हराकर ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। विश्व चैंपियनशिप के एक और कांस्य पदक विजेता निशांत देव 71 किग्रा वर्ग में देश का भार अपने कंधों पर उठाएंगे।

# लंदन में वेकेशन बना रही है सोनम कपूर



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर इन दिनो लंदन में अपने पति और बेटे के साथ वेकेशन मना रही है। सोनम कपूर इन दिनों अपने परिवार के साथ लंदन में है। सोनम कपूर ने अपने बेटे और पति के साथ कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमे वह लंदन की सड़कों पर सैर करती नजर आ रही हैं। सोनम कपूर अपने पति आनंद अहूजा और बेटे वायु के साथ लंदन के नोटिंग हिल्स पर वॉक करते नजर आ रही हैं। फोटोज में सोनम ओवरसाइज शर्ट और स्नीकर्स के साथ ट्रैक पैंट में नजर आ रही है। तो वहीं आनंद टी-शर्ट और ट्रैक सूट में नजर आ रहे हैं। सोनम ने बेटे वायु को गोद में लिया हुआ है। सोनम कपूर लंबे ब्रेक के बाद जल्द फिल्म ब्लाइंड में नजर आएगी। फिल्म के निर्देशक शोम मखीजा हैं। यह फिल्म 07 जुलाई को जिओ सिनेमा पर रिलीज होगी।

### प्रदीप के शर्मा की फिल्म 'अफसर बिटिया' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने निर्माता प्रदीप के शर्मा की फिल्म 'अफसर बिटिया' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म अफसर बिटिया के ट्रेलर में कुणाल सिंह, श्रुति राव और आकाश सिंह यादव का जलवा देखने को मिल रहा है। यह फिल्म महिला प्रधान है और यह बेटियों की शिक्षा और उसके पिता के उस सपने पर आधारित फिल्म है, जो चाहता है कि उसकी बिटिया पढ़ लिख कर अफसर बने। लेकिन गरीबी और मुफलिसी में उस पिता के मन मस्तिष्क पर बेटी को अच्छे जगह पर न पढ़ा पाने की मजबूरी से क्या बीतती है, वह इस फिल्म में बखूबी दिखाया गया है। बाबा मोशन पिक्चर्स प्रा.लि. कृत एवं प्रदीप के शर्मा प्रस्तुत प्रोड्यूसर अनीता शर्मा द्वारा निर्मित फिल्म 'अफसर बिटिया' का ट्रेलर 'एंटर10 रंगीला' के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। प्रदीप के शर्मा ने बताया कि ''अफसर बिटिया' मेरी अब तक की सभी फिल्मों से अलग है। इस फिल्म में श्रुति राव एक सशक्त भूमिका में है। बाकी कलाकारों ने भी बेहतरीन काम किए हैं। मैं हर बार ऐसी फिल्मों का निर्माण करने की कोशिश करता हूं। बाबा मोशन पिक्चर्स प्रा.लि. कृत फिल्म अफसर बिटिया की निर्माता अनीता शर्मा हैं। निर्देशक राकेश त्रिपाठी, कन्हैया एस विश्वकर्मा हैं। कथा, पटकथा, संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखा है। गीतकार कवि प्यारेलाल यादव, सत्या सावरकर एवं धरम हिन्दुस्तानी, संगीतकार मधुकर आनंद, डीओपी विजय मंडल हैं।

## रणवीर सिंह ने 'तुम क्या मिले' गाने पर बनायी रील

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने अपनी आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाना तुम क्या मिले पर रील बनायी है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' बना रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का गाना तुम क्या मिले गाना में आलिया और रणवीर की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। कुछ दिनों पहले आलिया भट्ट ने अपने अकाउंट पर इस गाने पर पहाड़ों और समुद्र के किनारे रील बनाकर शेयर की थी। अब रणवीर सिंह ने आलिया की इस रील में कई जगहों पर खुद को फोटोशॉप कर इसी गाने पर रील शेयर की। इस वीडियो में रणवीर सिंह बीज कलर की शर्ट, डेनिम जींस और बूट्स में नजर आ रहे हैं। उन्होंने सनग्लासेस भी लगाए हुए हैं। वीडियो की शुरुआत में रणवीर गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में उन्होंने अलग-अलग सी बीच की फोटो लगाई है। उन्होंने वीडियो में कंप्यूटर से तैयार की गई फोटो और मैट्रिक्स डिजिटल रेन जैसे क्रिएटिव फीचर्स का इस्तेमाल भी किया है। इसके अलावा उन्होंने कहीं-कहीं पर वीडियो में आलिया की फोटो का इस्तेमाल भी किया है। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए रणवीर ने लिखा- आलिया के रील जितना बजट नहीं था। आलिया ने इस वीडियो पर रिएक्ट भी किया है। उन्होंने कमेंट सेक्शन में लिखा है लीजेंड! रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी मुख्य भूमिका में हैं।



## 22 मार्च 2024 को रिलीज होगी करीना कपूर-तब्बू और कृति सैनन की फिल्म द क्रू !



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर,तब्बू और कृति सैनन की फिल्म द क्रू , 22 मार्च 2024 को रिलीज हो सकती है। रिया कपूर और एकता कपूर निर्मित फिल्म ह्यद क्रूह्व करीना कपूर,तब्बू कृति सैनन ,कपिल शर्मा और दिलजीत दोसांझ की मुख्य भूमिका है। द क्रू की कहानी ह्यद क्रूह्व की कहानी तीन मेहनती महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी जिंदगी से परेशान हैं और लाइफ में कुछ नया करने की तलाश में हैं, लेकिन नियति उन्हें बार-बार उसी परिस्थिति के सामने ला देती है, जिससे वे दूर भागना चाहती हैं। ह्यद क्रूह्व की कहानी निधि मेहरा और मेहुल सूरी ने लिखा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन राजेश कृष्णन कर रहे है। बताया जा रहा है कि फिल्म द क्रू 22 मार्च 2024 को रिलीज हो सकती है।

## 11 अगस्त को रिलीज नहीं होगी रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल 11 अगस्त को रिलीज नही होगी। रणबीर कपूर की एक्शन-थ्रिलर एनिमल की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। पहले यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। संदीप रेड्डी वांगा की निर्देशित एनिमल में



अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना भी लीड रोल में हैं। फिल्म एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट किया, ''एक्सक्लूसिव एनिमल स्वतंत्रता दिवस वीकेंड पर नहीं आ रहाह्व एनिमल -अभिनेता रणबीर कपूर और निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म अब 11 अगस्त को रिलीज नहीं होगी। हां, फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। एक नई रिलीज डेट आने वाले दिनों में घोषणा की जाएगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### बिजली कटौती के विरोध में आप ने निकाला लालटेन जुलूस

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले सहित प्रदेश में हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय ज्ञानपुर में लालटेन जुलूस निकाला । जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लखनों त्रिमुहानी से शीतल पाल तिराहा जुलूस निकाला ।इस मौके आम आदमी पार्टी के काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन पांडेय ने प्रदेश व भदोही जिले में हो रही बिजली की अघोषित कटौती से जनता पूरी तरह से त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### आईआईटी, खड़गपुर परिसर में लगी आग

**खड़गपुर :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर परिसर में रविवार तड़के आग लग गई, जिससे छात्रावास के कॉमन रूम में छात्रों के बिस्तर और अन्य सामान नष्ट हो गए। आईआईटी सूत्रों ने बताया कि किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। आग सबसे पहले सुबह करीब तीन बजे देखी गई, जब परिसर के छात्रावासों में से एक लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) हॉल से गहरा धुआं निकलता देखा गया। मौके पर दो दमकल भेजे गये और एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन विभाग के सूत्रों ने कहा कि हॉस्टल के कॉमन रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो। ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण वर्तमान में नियमित कक्षाएं आयोजित नहीं होने के कारण केवल कुछ छात्र ही परिसर में रह रहे हैं। आग से एलबीएस कॉमन रूम में रखे उन छात्रों के सामान जलकर राख हो गये जो अपने-अपने गृहनगर गए हैं। आईआईटी के एक सूत्र ने कहा, ''यह मामूली आग थी जिस पर तुरंत काबू पा लिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राष्ट्रपति ने मानसून सत्र के लिए 20 जुलाई से राज्यसभा की बैठक बुलाई

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के मानसून सत्र के लिए 20 जुलाई से राज्य सभा की बैठक बुलाई है। राज्यसभा सचिवालय ने रविवार को जारी वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपति ने आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा की बैठक 20 जुलाई से आहूत की है। वक्तव्य में कहा है गया है कि निर्धारित विधायी कामकाज को देखते हुए मानसून सत्र 11अगस्त को संपन्न होगा। सत्र के दौरान कुल 17 बैठकें होंगी। उल्लेखनीय है कि संसदीय कार्य मंत्री प्राद जोशी ने शनिवार को कहा था कि मानसून सत्र 20 जुलाई को शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा।

---

**उद्घाटन** शाह ने अहमदाबाद के अक्षर रिवर क्रूज का किया शुभारंभ,कहा

# इस रिवरफ्रन्ट के साथ आज एक नई चीज जुड़ने जा रही है, अक्षर रिवर क्रूज

- यह क्रूज मेक-इन इण्डिया के तहत 15 करोड़ रुपये की लागत से भारत में तैयार हुई
- यहां आने वाले देशभर के नागरिकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा



**एजेंसियां**

**अहमदाबाद:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (एएमसी) और साबरमती रिवरफ्रन्ट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा साबरमती रिवरफ्रन्ट पर यहां निर्मित ह्यअक्षर रिवर क्रूजह्ण का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। श्री शाह ने कहा कि इस रिवरफ्रन्ट के कारण ना सिर्फ जलस्तर ऊपर आया है बल्कि ये वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और युवाओं सहित सबके लिए अनेक प्रकार की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र बनकर उभरा है। इस रिवरफ्रन्ट के साथ आज एक नई चीज़ जुड़ने जा रही है, अक्षर रिवर क्रूज। यह लक्जरी रिवर क्रूज अमहदाबाद के सभी नागरिकों के लिए एक नया आकर्षण का केन्द्र होगा। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कोर्पोरेशन और साबरमती रिवरफ्रन्ट डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप के तहत विकसित किया गया है' यह क्रूज मेक-इन इण्डिया के तहत 15 करोड़ रुपये की लागत से भारत में तैयार हुई पहली पैसेन्जर केटामरीन है जिसमें दो इंजन लगे हैं और ये सुरक्षित तरीके से डेढ़ घंटे की यात्रा कर सकता है। उन्होंने कहा कि 30 मीटर लंबा ये क्रूज अमहदाबाद के सभी नागरिकों और यहां आने वाले देशभर के नागरिकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा। 165 यात्रियों की क्षमता के साथ रेस्तरां वाले इस क्रूज़ की यात्रा लोगों को अपनी ओर ज़रूर आकर्षित करेगी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 180 लाइफ सेफ्टी जैकेट, फायर सेफ्टी और इमरजन्सी रेस्क्यू बोट से लैस इस क्रूज का डिज़ाइन नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान उन्होंने अमहदाबाद और गुजरात के पर्यटन को हमेशा प्राथमिकता दी थी। उन्होंने पर्यटन के क्षेत्र में लिए गए कई इनीशिएटिव्स के माध्यम से गुजरात और यहां के दो प्रमुख पर्यटन के केन्द्रों को देश के टूरिज़्म के नक्शे पर रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गुजरात में आने वाले लाखों प्रवासियों के लिए करोड़ों रूपए का निवेश कर एक इकोसिस्टम बनाया गया, सभी तीर्थों और सीमाओं से जोड़ने के लिए अच्छी सड़कें बनाई गईं और हवाईअड्डों से पर्यटनस्थलों तक की सड़कों को भी पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया। श्री शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज इस अक्षर रिवर क्रूज के माध्यम से गुजरात सरकार और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन अहमदाबाद शहर के सभी नागरिकों को एक नई भेंट दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब पूरे भारत में उन्होंने ही सबसे पहले रिवरफ्रन्ट की कल्पना की थी और उसकी प्लानिंग कर उसे पूरा करने का काम भी उनके ही कार्यकाल में पूरा हुआ। आज यह रिवरफ्रन्ट ना सिर्फ अमहदाबाद बल्कि पूरे भारत और दुनिया में प्रसिद्ध हो चुका है और पर्यटन का एक आकर्षक केन्द्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि अंबाजी में लाइट एन्ड साउन्ड शो शुरु किया गया, पावागढ के मंदिर का 500 साल के बाद ध्वजारोहण हुआ, माधवपुर के मेले को राष्ट्रीय मेले का स्वरुप दिया, कच्छ में टेन्ट सिटी बनाकर सफेद रण में दुनियाभर के पर्यटकों के रहने की व्यवस्था की गई और अमहदाबाद में कांकरिया तालाब और अब ये रिवरफ्रन्ट बनाकर एक बहुत बड़े पर्यटन इकोसिस्टम का निर्माण किया गया है।

## चंडीगढ़ पर हिमाचल के अधिकार के लिए लड़ेगी कांग्रेस: अग्निहोत्री

**एजेंसियां**

**ऊना :** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को कहा कि कांग्रेस पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के तहत चंडीगढ़ पर राज्य का दावा मांगने के लिए पूरी तरह तैयार है ।अग्निहोत्रीने कहा,''पंजाब द्वारा चंडीगढ़ पर अपना अधिकार जताने पर हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जब चंडीगढ़ का गठन हुआ तो कहा गया कि इसका 7.19 प्रतिशत हिस्सा हिमाचल का है। हम यह अधिकार लेकर रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि शानन परियोजना की लीज समाप्त होने वाली है, इसलिए इसे हिमाचल स्थानांतरित करना होगा। उन्होंने कहा,''हम राज्य का हक लेने के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेंगे। इसके लिए वरिष्ठ मंत्री चंद्र कुमार के नेतृत्व में एक कैबिनेट कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और उसके बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे।'' उन्होंने एक बयान में आशा व्यक्त की कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने और लोगों की मदद और समर्थन से केंद्र में अपनी सरकार बनाने के लिए तैयार है। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य के लोग कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेंगे क्योंकि केवल उनकी पार्टी ही जनता के लिए काम करने और उनके हित में निर्णय लेने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू उचित समय पर मंत्रिमंडल विस्तार पर निर्णय लेंगे और दावा किया कि पार्टी में सर्वसम्मति है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल के मुद्दों को पड़ोसी राज्यों के साथ उठा रही है क्योंकि वह मुद्दों को गंभीरता से हल करना चाहती है।

मणिपुर में राहुल गांधी के दौरे की प्रशंसा की शारदा देवी ने

## हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य भाजपा नेताओं से अलग राय दी प्रदेश अध्यक्ष ने

**राष्ट्रीय खबर**

**अगरतला:** कांग्रेस नेता के मणिपुर दौरे और वहां के राहत शिविरों में सुधार के सुझाव पर भाजपा हमलावर थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा सहित कई नेताओं ने इसकी आलोचना की थी। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने दौरा प्रारंभ होते ही कहा था कि मौके का फायदा उठाने के लिए राजनीतिक गिद्ध मणिपुर पहुंचने लगे हैं। इन तमाम बयानो के बाद मणिपुर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का बयान ही भाजपा के लिए परेशानी खड़ी कर गया है। तमाम भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी की आलोचना के बीच मणिपुर भाजपा अध्यक्ष शारदा देवी ने राहुल के मणिपुर दौरे की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस मामले में राजनीति को घसीटना अनुचित है। शारदा ने शनिवार को समाचार एजेंसी से कहा, मौजूदा स्थिति में, मैं राहुल गांधी की राज्य यात्रा की सराहना किए बिना नहीं रह सकता। हमारा मुख्य लक्ष्य समस्याओं का समाधान करना और शांति बहाल करना होना चाहिए। इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोग से, राहुल ने मणिपुर की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान चुराचांदपुर जिले के मैरांग और बिष्णुपुर जिले का दौरा किया। वहां उन्होंने राहत शिविर में बेघरों से बात की। दौरे के बाद राहुल ने ट्वीट किया कि जिन लोगों से उनकी मुलाकात हुई, वे बहुत अच्छे थे। राहुल ने मणिपुर के कुछ नागरिक समाज के सदस्यों के साथ भी स्थिति पर चर्चा की। राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की थी। हालांकि,



भाजपा ने राहुल के मणिपुर दौरे पर हमला करना नहीं छोड़ा। हिमंत विश्वशर्मा ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा, राहुल मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए मणिपुर गए थे। हिमंत के अलावा दिल्ली भाजपा के नेताओं ने भी राहुल के दौरे की निंदा की। लेकिन शनिवार को खुद मणिपुर के भाजपा अध्यक्ष ने इस दौरे की तारीफ की। इससे पहले राहुल के खिलाफ बयान देने वाले भाजपा नेता हतप्रभ हैं।

## मोदी सरकार विफल:साहा

**एजेंसिया**

**अगरतला:** त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने रविवार को केंद्र में नरेंद्र मोदी नीत सरकार और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है और वर्तमान केंद्रीय सरकार पिछले नौ वर्षों में विकास के सभी संकेतकों में विफल रही है। हाल ही में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख का पद संभालने वाले श्री साहा कहा कि भाजपा सरकार ने देश की संपत्ति का दुरुपयोग किया है, जो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के कार्यकाल (2004-2014) के दौरान बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सवाल पूछने का अधिकार श्री नरेंद्र मोदी और उनकी टीम ने छीन लिया है। जो कोई भी सवाल उठाता है। तुरंत केंद्रीय एजेंसियां , प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) उनके खिलाफ सक्रिय हो जाती हैं। देश के लोग मोदी के अलोकतांत्रिक शासन से तंग आ चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीम मोदी देश में निरंकुश सरकार चला रही है, यहां तक कि राज्य सरकारें और उनकी पार्टी के नेता भी श्री मोदी के हाथों की कठपुतली बन गए हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी विचारधारा और विश्वास के साथ तब तक शांति से नहीं रह सकता जब तक कि इसे भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता है।

## चार दिवसीय त्रिपुरा बजट सत्र सात जुलाई से

**एजेंसिया**

**अगरतला :** तेरहवीं त्रिपुरा विधान सभा का पहला बजट सत्र सात जुलाई से शुरू होगा। राज्य विधानसभा अध्यक्ष बिस्वा बंधु सेन ने रविवार को यहां बताया कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) ने शनिवार को एक बैठक में चार दिवसीय सत्र के दौरान किए जाने वाले कामकाज के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया। श्री सेन ने कहा कि पहले दिन वित्त मंत्री प्रणजीत सिंघा रॉय चालू वित्त वर्ष के लिए अपना पहला पूर्ण बजट पेश करेंगे, जिसके बाद दो विधेयक - त्रिपुरा वस्तु एवं सेवा कर विधेयक और त्रिपुरा विनियोग विधेयक पेश किये जायेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने तीन दिवसीय बजट सत्र आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई और उन्होंने पांच दिवसीय सत्र की मांग की।

**सम्मान** रिटायर होने के बाद सरकार ने सम्मानित किया काथिजा बीबी को

# दस हजार से अधिक बच्चों का जन्म हुआ इस नर्स की देखभाल में

▶▶ 1990 में जब काथिजा ने काम करना शुरू किया तो वह खुद गर्भवती थीं

**राष्ट्रीय खबर**

**चेन्नई:** काथिजा बीबी नाम की नर्स पिछले महीने ही 33 साल की नौकरी के बाद रिटायरमेंट लिया। इस मौके पर उन्हें खास तौर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान इसलिए किया गया क्योंकि इतने लंबे सेवाकाल में उनके नाम पर दस हजार से अधिक सफल प्रसव का रिकार्ड था। यूं तो भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए नर्सें और दाइयां महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उच्च मांग और सीमित संसाधनों के कारण इसे चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में सेवानिवृत्त नर्स काथिजा बीबी, जिन्हें 10,000 से अधिक सफल प्रसवों की देखरेख के लिए सरकारी पुरस्कार मिला। 60 वर्षीय काथिजा बीबी कहती हैं, मुझे गर्व है कि मेरे द्वारा दिए गए 10,000 शिशुओं में से एक भी मेरे देखते-देखते नहीं मरा, जो इसे अपने करियर का मुख्य आकर्षण मानती हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मा. सुब्रमण्यन ने बताया कि खतीजा को हाल ही में एक सरकारी पुरस्कार मिला है क्योंकि उनकी सेवा के वर्षों के दौरान कोई मृत्यु दर्ज नहीं की गई थी। तीन दशकों के दौरान उन्होंने दक्षिणी राज्य तमिलनाडु के एक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में काम किया, भारत उच्च मातृ मृत्यु दर वाले देश से वैश्विक औसत के करीब एक देश में बदल गया है। वह कहती हैं कि उन्होंने लड़कियों के जन्म और



कम बच्चे पैदा करने के प्रति लोगों के नजरिए में सकारात्मक बदलाव भी देखा है।

1990 में जब काथिजा ने काम करना शुरू किया तो वह खुद गर्भवती थीं। काथिजा याद करती हैं, मैं सात महीने की गर्भवती थी, फिर भी मैं अन्य महिलाओं की मदद कर रही थी। दो महीने के छोटे मातृत्व अवकाश के बाद मैं काम पर लौट आई। मैं जानती हूं कि जब महिलाएं प्रसव पीड़ा से गुजरती हैं तो वे कितनी चिंतित रहती हैं, इसलिए उन्हें सहज और आश्वस्त बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है। उनका क्लिनिक - चेन्नई शहर से 150 किमी दक्षिण में मुख्य रूप से ग्रामीण शहर विल्लुपुरम में है, जो सिजेरियन सेक्शन करने के लिए सुसज्जित नहीं है, इसलिए यदि उन्हें कोई जटिलता का पता चलता है, तो वह तुरंत गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल भेजती हैं। काथिजा की प्रेरणा उनकी माँ जुलैका हैं, जो एक गाँव की नर्स भी थीं। वह याद करती हैं, मैं बचपन में सीरिंज से खेलती थी। मुझे अस्पताल की गंध की इतनी आदत हो गई थी। छोटी उम्र से ही, उन्होंने गरीब और अर्ध-साक्षर ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में अपनी माँ के काम के महत्व को समझा। उस समय, निजी अस्पताल दुर्लभ थे और सभी पृष्ठभूमि की महिलाएं राजकीय प्रसूति गृह पर निर्भर थीं, जिसे अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कहा जाता है। काथिजा कहती हैं, जब मैंने शुरूआत की थी, तो वहां एक डॉक्टर, सात सहायक और दो अन्य नर्सें थीं। पहले कुछ वर्षों में काम बहुत व्यस्त था। मैं अपने बच्चों की देखभाल नहीं कर सका। मैं पारिवारिक समारोहों से चूक गया। लेकिन उन दिनों ने मुझे बहुत मूल्यवान सीखने का अनुभव दिया। 1990 में, भारत की मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 556 मृत्यु थी। उसी वर्ष, भारत में प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 88 शिशु मृत्यु दर्ज की गई।

नवीनतम सरकारी आंकड़े बताते हैं कि एमएमआर प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 97 है, और शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 27 है। काथिजा इस प्रगति का श्रेय ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल में सरकारी निवेश और बढ़ती महिला साक्षरता दर को देती हैं।

## न्यूज फटाफट

### रूसी सेना ने बखमुट के पास स्टारलिंक संचार स्टेशन को किया नष्ट

**कीव :** रूसी सेना ने बखमुत के पास एक यूक्रेनी स्टारलिंक उपग्रह संचार स्टेशन और एक ड्रोन नियंत्रण केंद्र को नष्ट कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया, रूसी बलों के तोपखाने ने एक स्टारलिंक संचार स्टेशन, एक लेलेका -100 ड्रोन के साथ मानव रहित हवाई वाहनों के लिए एक नियंत्रण केंद्र, एक संचार केंद्र और एक पैदल सेना समूह के साथ एक पिकअप ट्रक को नष्ट कर दिया। इसके अलावा रूसी सेना ने बखमुत क्षेत्र में बर्खिवका गांव के पास एक यूक्रेनी हमले को विफल कर दिया

### अपियाय में कोलंबियाई वायु सेना के दो विमान दुर्घटनाग्रस्त

**बोगोटा :** कोलंबियाई वायु सेना के दो विमान मध्य कोलंबिया के मेटा में दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। मीडिया रिपोर्टस में यह जानकारी दी गयी। हेराल्डो डेल नॉर्ट ने कहा कि विमान शनिवार को अपियाय गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में दो विमान आपस में टकराकर जमीन पर गिरते नजर आ रहे हैं। हताहतों के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया है। कोलंबियाई वायु सेना का बेस अपियाय गांव में स्थित है। हेराल्डो डेल नॉर्ट द्वारा ट्विटर पर पोस्ट किए गए फुटेज को देखते हुए, दुर्घटना बेस के क्षेत्र में ही हुई।

### कंबोडिया में नाइट क्लब में आग लगने से 6 लोगों की मौत

**नोम पेन्ह :** कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में एक मरम्मत के अधीन नाइट क्लब में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई। नगर निगम के एक पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। नोम पेन्ह नगर पुलिस के प्रवक्ता सैन सोक सेहा ने कहा कि राजधानी के तुओल कोर्क जिले के नाइट क्लब में स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम पांच बजे लगी। उन्होंने बताया, आग में चार पुरुषों और दो महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनसीडीएम) के अनुसार, कंबोडिया में 2022 में दक्षिण पूर्व एशियाई देश में कुल 454 आग दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिसमें 42 लोगों की मौत हो गई और 55 अन्य घायल हो गए। एनसीडीएम के अनुसार पिछले साल 28 दिसंबर को थाईलैंड की सीमा से लगे शहर पोइपेट में ग्रैंड डायमंड सिटी होटल और कैसीनो में भीषण आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई थी।

### वांछित संदिग्ध को गिरफ्तार करने की कार्रवाई में ईरानी पुलिस अधिकारी की मौत

**तेहरान :** दक्षिणपूर्वी ईरानी प्रांत केरमान में एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने के अभियान में शनिवार को एक ईरानी पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अर्ध-आधिकारिक समाचार एजेंसी यंग जर्नलिस्ट्स क्लब ने यह जानकारी दी। बाफ्ट काउंटी के गवर्नर फरहाद अरास्तेह के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस अधिकारियों को तब गोली मार दी गई जब वे एक वांछित व्यक्ति के दरवाजे पर गिरफ्तारी वारंट के साथ पहुंचे थे। उन्होंने कहा अपराधी ने दरवाजे का जवाब देते समय अधिकारियों पर गोलियां चला दीं, मारे गए अधिकारी की पहचान जवाद करीमी के रूप में हुई। उन्होंने कहा, दोनों घायल अधिकारियों को अस्पताल भेजा गया। करमान प्रांत के उप पुलिस प्रमुख अब्दोल-अली रावनबख्श ने अर्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी को बताया कि संदिग्ध घटनास्थल से भाग गया है, मामले में आगे की जांच जारी है।

## आज का इतिहास

- 1661 : पुर्तगाल ने मुंबई और तंजौर इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वीतीय को दिया।
- 1698 : ब्रिटेन के थॉमस सेवरी ने पहले व्यवसायिक स्टीम इंजन का पेटेंट हासिल किया।
- 1746 : मुगल सम्राट के आदेश पर बाबा बंदासिंह बहादुर को फाँसी दे दी गई।
- 1710 : में उन्होंने मुगलों को हराया था।
- 1751 : स्वीडन के रसायनशास्त्री और खदान विशेषज्ञ फ्रेडरिक क्रोन्स्टलर निकेल नामक धातु का पता लगाने में सफल हुए।
- 1760 : मराठा सेना ने दिल्ली पर कब्जा किया।
- 1767 : पिटकेर्न द्वीप की खोज की गई, मिडशिपमैन रॉबर्ट पिटैरन फिलिप कार्टर्ट की आज्ञा के अनुसार एक अभियान यात्रा पर थे।
- 1778 : पर्शिया ने अर्जेंटिना के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1819 : अमेरिका ने पहला बचत बैंक 'बैंक ऑफ सेविंग इन न्यूयॉर्क' शुरू हुआ।
- 1876 : मोंटेनेग्रो ने तुर्की से युद्ध की घोषणा की।
- 1879 : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बासुदेव बलवंत फड़के को गिरफ्तार कर लिया गया।
- 1884 : स्टॉक एक्सचेंज दाउ जोंस ने अपना पहला स्टॉक इंडेक्स प्रकाशित किया।
- 1886 : न्यूयॉर्क ट्रिब्यून छपाई मशीन का इस्तेमाल करने वाला पहला अखबार बना।
- 1890 : इडाहो अमेरिका का 43वां प्रांत बना।
- 1897 : इतावली वैज्ञानिक मार्कोनी ने लंदन में रेडियो का पेटेंट कराया।
- 1908 : बाल गंगाधर तिलक को अंग्रेज सरकार ने देशद्रोह का आरोप लगाकर गिरफ्तार किया।
- 1913 : 1913 के महान पुनर्मिलन में संघीय दिग्गजों ने पिकेट के चार्ज को दोबारा शुरू किया था।
- 1928 : लंदन में पहली बार रंगीन टीवी कार्यक्रम का प्रसारण हुआ।
- 1938 : संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने शाश्वत लाइट पीस मेमोरियल को समर्पित किया।
- 1944 : द्वितीय विश्व युद्ध: ऑपरेशन बागान के दौरान सोवियत सैनिकों द्वारा नाज़ी नियंत्रण से मिन्स्क मुक्त किया गया।
- 1952 : प्वेर्टो रिको का संविधान संयुक्त राज्य कांग्रेस द्वारा अनुमोदित किया गया ।
- 1952 : अमेरिकी कांग्रेस ने प्यूर्टो रिको के संविधान को मंजूरी दी।
- 1962 : फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने अल्जीरिया की आजादी की घोषणा की।
- 1962 : जैकी रॉबिन्सन नेशनल बेसबॉल हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले अफ्रीकी अमेरिकी बने।
- 1962 : फ्रांस के राष्ट्रपति ने अलजीरिया की आजादी की घोषणा की।
- 1972 : भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी और पाकिस्तान के जु.अ. भुट्टो के बीच कश्मीर संबंधी नि:शस्त्र समझौता हुआ।
- 1979 : कोलकाता में दूसरे हावड़ा पुल के नाम से मशहूर विद्यासागर सेतु का निर्माण शुरु हुआ।
- 1992 : रियो डि जेनेरो (ब्राजील) में पृथ्वी सम्मेलन शुरु हुआ।
- 1988 : संयुक्त राज्य अमेरिका नेवी युद्धपोत यूएसएस विनसेन ने फारस की खाड़ी पर ईरान एयर फ्लाइट 655 को गोली मार दी जिसमें सभी 290 लोग मारे गए।
- 1996 : स्कोन ऑफ़ स्टोन स्कॉटलैंड में लौटा दिया गया ।
- 2000 : लायसेनिया करासे फिजी के अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 2004 : रूस की मारिया शारापोवा महिला विम्बलडन विजेता बनीं।
- 2005 : महेश भूपति और मेरी पियर्स ने विंबलडन का मिश्रित जोड़ी ने ख़िताब जीता।
- 2006 : स्पेन ने भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद जताई।
- 2008 : न्यूयार्क में दलितों का सम्मेलन शुरू।

## सुमन भोजनालय से 7 साल के बच्ची को मुक्त कराया

रांचीः बाल मजदूरी की सूचना के मद्देनजर रांची जिला प्रशासन ने नामकुम स्टेशन स्थित सुमन भोजनालय से 7 साल की एक बच्ची को बाल श्रम से मुक्त कराया। विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच करने पर पाया गया कि दुकानदार द्वारा पीड़ित बच्ची से होटल में काम करवाया जाता था। बच्ची के रेस्क्यू के बाद उसे प्रेमाश्रय बालिका गृह में अवासित किया गया है। उपायुक्त द्वारा दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

**रिकार्ड** होल्डिंग टैक्स की वसूली में रांची नगर निगम ने बनाया रिकॉर्ड

# राज्य में सबसे ज्यादा राजधानी के लोगों ने जमा किए पैसे

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** राज्य भर में सबसे ज्यादा होल्डिंग टैक्स वसूलने का रांची नगर निगम ने रिकॉर्ड बनाया है। 2023-24 के वित्तीय वर्ष के प्रथम क्वार्टर की समाप्ति पर रांची नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स की वसूली राज्य भर के बाकी नगर निकायों की तुलना में सबसे ज्यादा की गई है। इस उपलब्धि को लेकर नगर निगम के आयुक्त शशि रंजन कुमार ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 से लेकर 30 जून 2023 तक करीब 73 हजार करदाताओं से होल्डिंग टैक्स वसूला गया।उन्होंने बताया कि अब तक 27, 04, 73281 रुपए होल्डिंग टैक्स के रूप में जमा करा दिए गए हैं। 17,53,28503 रुपए डोर टू डोर कलेक्शन के माध्यम से प्राप्त किए गए हैं।

जबकि 3,32,67204 रुपए रांची नगर निगम कार्यालय और डोरंडा स्थित सुविधा केंद्र में करदाताओं के द्वारा जमा कराया गया है। वहीं 6,18,77574 रुपए डिजिटल पेमेंट के माध्यम से करदाताओं ने होल्डिंग टैक्स के रूप में निगम के खाते में जमा कराया है।लोगों के द्वारा प्रमुखता से होल्डिंग टैक्स जमा कराए जाने पर नगर निगम के आयुक्त ने निगम के सभी सम्मानित नागरिकों का आभार प्रकट किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि जमा किए गए राशि का उपयोग नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने और शहर को स्वच्छ रखने में किया जाएगा।

इस उपलब्धि के लिए निगम के पदाधिकारी और टैक्स एजेंसी के कर्मियों के बेहतर कार्यों की प्रशंसा कर नगर आयुक्त शशि रंजन कुमार ने सभी कर्मियों का उत्साह वर्धन किया। वहीं नगर निगम की तरफ से राजधानी में लोगों को होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए जगह-जगह पर माइकिंग के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है, ताकि निगम के खाते में ज्यादा से ज्यादा धनराशि जमा हो सके। जिससे निगम के क्षेत्रों के लोगों के विकास कार्य को बढ़ाने में मदद मिलेगी। नगर निगम के आयुक्त शशि रंजन कुमार ने सेवा सदन स्थित बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जालान रोड पर निर्माणधीन नाले के काम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित संवेदकों और इंजीनियरों को समय पर काम करने का निर्देश दिया।

# रांची में युवक की पत्थर से कूचकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**राष्ट्रीय खबर**




**रांचीः** राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में एक युवक की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गई है। युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। लोगों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही सुखदेवनगर पुलिस मौके पर पहुंच कर हत्याकांड की तफ्तीश में जुटी हुई है। हालांकि अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी।इस संबंध में सुखदेवनगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दी गई थी कि हेहल अंचल के आगे पहाड़ टोली तालाब के पास एक व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा हुआ है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा कि एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से काफी पूछताछ की, लेकिन अब तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्रथम द्दष्टया जांच में पाया गया है कि खाने-पीने के दौरान ही आपसी विवाद में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। युवक को मारने के लिए आसपास पड़े पत्थरों का प्रयोग किया गया है। सुखदेवनगर पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए उसकी तस्वीर सभी थाना क्षेत्रों में भेजी है। वहीं दूसरी तरफ रांची के एदलहातु में रहने वाली महिला पिंकी सिंह ने बरियातू थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके ऊपर किसी ने फायरिंग की है। रविवार को महिला ने खुद बरियातू थाना पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी है। महिला ने पुलिस को बताया है कि वह जब अपने घर में सोई हुई थी उसी दौरान किसी ने एस्बेस्टस की छत पर चढ़कर कमरे में फायरिंग की। मामले की जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस गोलीबारी की घटना की जांच में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक पुलिस को महिला के घर से कोई भी खोखा नहीं मिला है। पुलिस की टीम महिला से भी पूछताछ कर रही है।

# मारपीट के मामले को मजहबी रंग देने की कोशिश, पुलिस अलर्ट

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** राजधानी के अरगोड़ा इलाके में मारपीट के एक मामले को मजहबी रंग देने की पूरी कोशिश की गई। हालांकि रांची पुलिस की सतर्कता की वजह से असामाजिक तत्वों का यह मंसूबा कामयाब नहीं हो पाया। मारपीट की घटना शनिवार देर रात की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अरगोड़ा इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।दरअसल रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू बाजार में शनिवार की रात आशीष स्टूडियो के संचालक की पार्क की गई बाइक से एक स्कूटर सवार टकरा गया। टक्कर के बाद स्टूडियो के संचालक आशीष ने स्कूटी सवार युवक को बाइक की मरम्मत कराने या फिर हजार्ना देने को कहा। जिसके बाद बाइक सवार युवक ने कहा कि वह अपने घर से पैसे लेकर आ रहा है। लेकिन थोड़े ही देर बाद वह युवक 15 लोगों को अपने साथ लेकर आ गया और आशीष के साथ मारपीट करने लगा। आशीष के साथ मारपीट होता देख हरमू बाजार समिति के अध्यक्ष बलराम ओझा समेत कुछ लोग जाकर लड़ाई झगड़ा छुड़ाने की कोशिश करने लगे तो उनके साथ भी मारपीट कर दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस को देखते ही उपद्रवी वहां से फरार हो गए।दुकानदार से हुई मारपीट की घटना के बाद स्थानीय लोग सड़कों पर उतर गए और देर रात तक अरगोड़ा थाने के बाहर जाकर हंगामा किया। मामले को लेकर राजधानी में अफवाह फैला दी गई कि हरमू में सांप्रदायिक तनाव हुआ है। जिसके बाद स्थिति को संभालने के लिए देर रात ही हरमू इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जिन लोगों ने दुकान के संचालक आशीष कुमार पर हमला किया है, उनकी पहचान हो चुकी है। उनके नाम पर पुलिस के द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गई है। आरोपियों में मोहम्मद सद्दाम, असलम, जुबेर, सोहेल खान, अफरोज मोहम्मद, शाहरुख, इरफान शामिल हैं सभी हरमू बाजार में ही मटन और चिकन की दुकान चलाते हैं। सीसीटीवी फुटेज में भी इनकी पहचान हुई है। जिसके बाद पुलिस की टीम आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।रांची के सिटी एसपी सुधांशु जैन ने बताया कि एहतियातन फिलहाल हरमू बाजार में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। मारपीट के मामले में जो भी दोषी हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया और दूसरे प्लेटफार्म पर जो लोग अफवाह फैला रहे हैं, उन पर विशेष नजर रखी जा रही है, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं आज मारपीट की घटना के विरोध में हरमू बाजार बंद है। लोग मंदिर के पास से मटन, चिकन की दुकान हटाने की मांग कर रहे हैं।

## सीएम आवास का घेराव करने की रणनीति

**रांची :** झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने की। मंच संचालन सचिव विकास पांडेय ने किया। इस दौरान संघ से जुड़े पदाधिकारियों, कर्मियों ने उनके मामले में राज्य सरकार के रवैये पर निराशा जतायी।जॉन पीटर बागे ने कहा कि अब अपनी मांगों को लेकर संघ चरणबध्द आंदोलन करेगा। सरकार 2024 के चुनाव की तैयारी कर रही है। हम भी 2024 की तैयारी कर रहे हैं। अब हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है। 16 वर्ष सेवा हमने ग्रामीण विकास विभाग को दिया। जवानी से बुढ़ापे तक पहुंच गए पर हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है। ऐसे में अब पूरे प्रदेश में सरकार की बेरुखी और वादाखिलाफी का पर्चा आम जनता तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। जिला मुख्यालय में 23 जुलाई 31 जुलाई तक एक दिवसीय धरना दिया जाएगा।

# लीगल ओपेरा के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** ब्राम्बे पंचायत भवन, रांची में रविवार को लीगल ओपेरा के तहत विधिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में विशेष रूप से घरेलू हिंसा अधिनियम, लोगों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की विस्तृत रूप से जानकारी के साथ साथ अन्य कानूनी पलहुओं की जानकारी दी गयी। संस्था के अध्यक्ष निरंजन कुमार ने मौके पर कहा कि उनकी संस्था हमेशा जरुरतमंद लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करेगी। साथ में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। उनके साथ सवांद किया। संस्था की महासचिव श्रुति पाठक ने विशेष तौर पर शिक्षा के महत्व को समझाते हुए, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पटना उच्च न्यायलय के अधिवक्ता व समाज सुधार अभियान के संरक्षक आकिल ईमाम खान ने जनजातीय समुदाय में उनके अधिकारों की रक्षा और विभिन्न प्रकार के शोषण से बचाव के संबंध में बताया। शिविर में ब्राम्बे पंचायत की मुखिया अनीता देवी, पंचायत सचिव लम्भा भेंगरा, जलसहिया मैरी तिग्गा, संस्था की प्रोग्राम कोर्डिनेटर सोनालिका कुमारी, लक्ष्य पाठक, सावन समेत दर्जनों ग्रामीण भी मौजूद थे।

## चुनावी घोषणा पत्र को अविलंब करे लागू

**रांची :** अल्पसंख्यकों के संवैधानिक, व्यवहारिक,कल्याणकारी मुद्दें पर झारखंड के सामाजिक-धर्मगुरुओं-शैक्षणिक एवं बुद्धिजीवियों के द्वारा रविवार को प्रेस वार्ता कर सामूहिक तौर पर हेमंत सरकार से अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार एवं महागठबंधन सरकार को साढ़े तीन साल से अधिक होने को है,पर अभी तक हेमंत सरकार अल्पसंख्यकों के साथ छुआछूत जैसा व्यवहार कर रही है, तभी तो अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों तक को लागू नही किया जिसमें अल्पसंख्यक आयोग,वक़्फ बोर्ड,वित्त निगम,उर्दू एकेडमी, मदरसा बोर्ड शामिल है,जिसे योग्य व्यक्तियों के साथ अविलंब गठन किया जाए,हज कमेटी को बनाया भी तो भी झारखंड के इतिहास में पहली बार हाजियों को हज पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# राज्य के 544 देवस्थलों को भेजा गया नोटिस

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** झारखंड में हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के गठन के बाद एक बड़ा फैसला न्यास बोर्ड की ओर से लिया गया है। राज्य के वैसे 544 मंदिर जिनकी सूची झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के पास है और वह धार्मिक न्यास बोर्ड से निबंधित नहीं है, उन सभी को जल्द से जल्द निबंधन करा लेने का नोटिस भेजा गया है।धार्मिक न्यास बोर्ड के अनुसार राज्य में 667 मंदिरों की सूची न्यास बोर्ड के पास है। इसमें से सिर्फ 123 मंदिरों का ही निबंधन धार्मिक न्यास बोर्ड से हुआ है। बाकी 544 मंदिर प्रबंधन ने अपने अपने मंदिरों का निबंधन न्यास बोर्ड से नहीं कराया है। इसमें रांची के विख्यात पहाड़ी मंदिर, देवड़ी मंदिर, मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर, साई मंदिर पुंदाग, साई मंदिर लापुंग, भद्रकाली मंदिर चतरा शामिल हैं।राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य राकेश सिन्हा ने कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड ने यह फैसला लिया है कि सभी मंदिरों का निबंधन आवश्यक रूप से कराया जाए। इसके लिए जिला स्तर पर न्यास बोर्ड निबंधन की प्रक्रिया को गति देने के लिए वॉलेंटियर की नियुक्ति करेगी।राकेश सिन्हा ने कहा कि जो भी निबंधित मंदिर हैं उनकी आय की 04% राशि धार्मिक न्यास बोर्ड को मिलती है। इसी राशि से न्यास बोर्ड उन मंदिरों में सुविधा उपलब्ध कराती है, जहां श्रद्धालुओं के लिए कोई सुविधा या तो उपलब्ध नहीं है या सुविधाओं की कमी है।उन्होंने कहा कि न्यास बोर्ड में ज्यादातर मंदिरों का निबंधन नहीं होने की वजह यह भी हो सकता है कि लंबे दिनों तक न्यास बोर्ड में अध्यक्ष और सदस्यों का पद खाली था। उस दौरान न्यास बोर्ड के दफ्तर से निबंधन के लिए मंदिर प्रबंधन को भेजे गए पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया।

**जलसंकट** जलसंकट तो इस साल दूर होगा पर अगले साल

# बड़ा तालाब की स्थिति में सुधार का लाभ बहुत बड़े इलाके को

- बड़ा तालाब शहर का बहुत बड़ा स्रोत है
- आसान काम नहीं है बड़ा तालाब की सफाई
- एक तालाब से अनेक इलाकों को होगा फायदा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** इस बारे में ज्यादा जानकारी रखने वाले एक विशेषज्ञ विजय कुमार ने कहा कि पूरे रांची के भूगर्भस्थ जलस्तर में अगर सुधार करना है तो इसकी पहल बड़ा तालाब से करनी पड़ेगी। इस तालाब में लगातार पानी के बहाव के साथ साथ ढेर सारा कचड़ा नीचे जमा हो गया है। इसमें पशु पक्षियों के शवों के अलावा मूर्ति विसर्जन का मलबा और पानी के साथ आने वाला कचड़ा भी है। यह सभी कुछ मिलकर पानी के अंदर मिथेन गैस पैदा कर रहे हैं जो पानी को जहरीला बनाते हैं। इसलिए वहां कमसे कम दस फीट तक ड्रेजिंग करना पड़ेगा। यह काम कोई छोटा काम नहीं है और इसमें कमसे कम आठ दस माह लगेंगे। एक बार दस फीट की गहराई तक की सारा कचड़ा साफ होने के बाद आस पास के इलाकों में जमीन के नीचे का जलस्तर फिर से बढ़ने लगेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अपर बाजार की तरफ से आने वाली गंदे जल को प्रवाह तो तालाब में जाने से रोकने के लिए सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट बनाया जाना चाहिए। वहां से साफ पानी को दोबारा तालाब में डाला जा सकता है जबकि सफाई के दौरान निकला कचड़ा खाद के तौर पर किसी को दिया जा सकता है। इसी तरह अन्य तालाबों की गहराई बढाकर भी जलसंकट को काफी दूर किया जा सकता है। लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जिस तरीके से आबादी बढ़ रही है। उसके अनुपात में तालाबों की निरंतर सफाई की आवश्यकता रहेगी क्योंकि हर बार पानी के साथ आने वाला कचड़ा जल रिसाव का रास्ता रोक देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि गंदगी की वजह से पूरे बड़े तालाब में एल्गी भर गया है। इसी वजह से वहां का पानी हरा नजर आता है। इस एल्गी की भी नियमित सफाई की आवश्यकता है। इससे पानी और साफ होगा और यह वाकई लोगों के लिए एक पर्यटन केंद्र बनकर उभरेगा, जहां लोग समय व्यतीत करना पसंद करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भूसंरचना की जानकारी रखने वाले वैज्ञानिक जानते हैं कि जमीन की गहराई में भी नदी की तरह पानी का प्रवाह निरंतर होता है। इसलिए अगर एक बड़ा तालाब से जमीन के अंदर के पानी का रिचार्ज प्रारंभ हो गया तो धीरे धीरे यह पूरे शहर के जलस्तर को बेहतर बनाता चला जाएगा। जमीन की गहराई में सारे एक जल भंडार और अधिक गहराई में एक ही हो जाते हैं। लिहाजा एक बड़ा तालाब का जलस्तर सुधरना और वहां के जल की गुणवत्ता में सुधार होने की सीधा असर पूरे शहर की सेहत पर भी पड़ेगा। वरना अभी जो हालात है, उसमें बड़ा तालाब का पानी मुंह में तो क्या शरीर में डालने पर भी परेशानी हो सकती है। (जारी)

